रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.0° न्यून. 22.2° | रांची: अधिक. 27.1° न्यून. 22.4°
रांची, बुधवार
20 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-198, पृष्ठ-12
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
पेज 12



## लोकसभा और राज्यसभा में उठे झारखंड के कई मुद्दे

### सांसद चौधरी ने उठाया नाइजर में श्रमिकों के अपहरण का मामला

कहा, अपहरण के तीन माह बाद भी अपहृत मजदूरों के संबंध में कोई सूचना नहीं

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क



लोकसभा

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के गिरिडीह लोकसभा सीट से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंगलवार को लोकसभा में पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर के तिल्लाबेरी में काम कर रहे गिरिडीह के पांच मजदूरों के अपहरण का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह घटना पिछले 25 अप्रैल की है। इस घटना हुए तीन महीने से ज्यादा समय गुजर चुका है, लेकिन उनके संबंध में अभी तक कोई ठोस सूचना परिजनों को नहीं मिली है। स्थिति यह है कि इन अपहत मजदूरों के परिवार भावनात्मक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोकसभा में बताया कि इस घटना में 12 सुरक्षाकर्मी की हत्या भी हो चुकी है। ये सभी कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड परियोजना में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि एमईए (मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटरनल अफेयर्स) और भारतीय दूतावास में स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराई जाए कि अपहत मजदूरों की स्थिति क्या है, वे कहां है, और किस प्रकार की रिहाई की कारवाई जारी है? यदि कोई जीवित प्रमाण (प्रूफ ऑफ लाइफ) प्राप्त हुआ है, तो उसका विवरण साझा किया जाए। सांसद ने अपहत मजदूरों की रिहाई एवं सुरक्षा सुनिश्चित सुनिश्चित करने के लिए क्या विशेष मिशन, समयबद्ध, आर्थिक कार्य योजना और राहत पैकेज, जैसे चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक समर्थन, आर्थिक सहायता आदि तैयार की गई है शेष पेज 11 पर

### पलामू सांसद ने लोकसभा में उठाया अतिवृष्टि का मुद्दा

● विशेष सहायता राशि आवास व सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने झारखंड राज्य विशेषकर पलामू और गढ़वा जिलों में हुई अतिवृष्टि से जनजीवन को हुए व्यापक नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लगातार हुई बारिश से कई घरों में पानी भर गया, मकान ढह गए, लोग बेघर होकर सड़कों पर टेंट में रहने को मजबूर हो गए हैं। अस्पताल, स्कूल और सड़कें पानी में डूब जाने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि झारखंड को विशेष सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अतिरिक्त मकान दिए जाएं और सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए अलग बजट आवंटित किया जाए ताकि प्रभावित लोगों का जीवन पटरी पर लौट सके। सांसद के निजी सचिव शेष पेज 11 पर

### खनन माफिया के इशारे पर हुई सूर्या हांसदा की हत्या : सांसद आदित्य साहू

सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को राज्यसभा में उठाया

नवीन मेल नेटवर्क



राज्यसभा

**रांची/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को राज्यसभा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी की हितैषी बनने का ढोंग करने वाली हेमंत सरकार युवा आदिवासी नेता की हत्या करवाती है। कहा कि सदन में कांग्रेस व राजद के लोग जोर-जोर से चिल्लाते हैं, सदन नहीं चलने देते हैं, लेकिन दूसरी ओर इन दलों के समर्थन से चलने वाली राज्य सरकार में अत्याचार, अन्याय, अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले सूर्या हांसदा जैसे लोगों की हत्या की जाती है। आदित्य साहू ने कहा कि सूर्या हांसदा का परिवार जनजाति समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक व्यवस्था का अगुआ है। स्वयं स्व. सूर्या हांसदा सैकड़ों अनाथ बच्चों को शिक्षा देते थे। उनके लिए भोजन, आवास की व्यवस्था करते थे। ऐसे समाजसेवी को राज्य की पुलिस प्रशासन ने साजिश के तहत गोलियों से छलनी कर दिया।

इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इंडी गठबंधन के लोग अन्याय, अत्याचार को मुखरता से उठाने वाले आदिवासी नेता को कितना बर्दाश्त करते हैं।

सांसद ने कहा कि राज्य में हो रहे अवैध खनन में खनन माफिया और पुलिस प्रशासन की साठगांठ है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार ने पूरे क्षेत्र को कंगाली के कगार पर पहुंचा दिया है।

### केबीसी 17 के पहले करोड़पति बने आदित्य



कहा, अमिताभ बच्चन से प्रशंसा मिलना गर्व की बात

**मुंबई (आईएएनएस)।** सोनी टीवी के फेमस शो कौन बनेगा करोड़पति का 17वां सीजन चल रहा है। इस सीजन को भी अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। इस सीजन का पहला करोड़पति भी मिल गया है। कौन बनेगा करोड़पति-17 के पहले करोड़पति हैं गुजरात के रहने वाले आदित्य कुमार, जिन्हें इस सीजन में पहली बार 1 करोड़ रुपये के सवाल का सही जवाब देकर धनराशि जीती। अब उन्होंने इस शो से जुड़े अनुभव के बारे में बात की है। साथ ही बताया कि कैसे अमिताभ बच्चन ने भी उनकी तारीफ की और यह प्रशंसा उनके लिए क्या है। अमिताभ बच्चन से पहली बातचीत के बारे में बात करते हुए आदित्य कुमार ने कहा, सच कहूं तो मैं मंत्रमुग्ध था। उनका आभामंडल असाधारण है, सम्मानजनक और आत्मविश्वास देने वाला। मुझे लगा था कि मैं घबरा जाऊंगा, लेकिन जिस तरह उन्होंने मुझसे बात की, वह मेरे लिए गर्व की बात है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें
सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

आईजी अभियान ने नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की, कहा

# पलामू में सक्रिय माओवादियों के खिलाफ तेज हो अभियान





फरार नक्सलियों के विरुद्ध लंबित इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती की भी हुई समीक्षा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) डॉ माइकलराज एस. ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में नक्सल उन्मूलन अभियान के संदर्भ में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने 10 जून 2025 को नक्सल उन्मूलन अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की थी और कई निर्देश दिए थे। डॉ माइकलराज एस. ने समीक्षा बैठक में कहा कि पलामू क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों एवं स्प्लिंटर ग्रुप्स के विरुद्ध अभियान तेज किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षकों ने इस वर्ष अभी तक जेल से बाहर जमानत पर छूटे सभी नक्सली एवं उनके सहयोगियों के सत्यापन के संबंध में जानकारी दी। इस पर आईजी (अभियान) ने उन सभी की नियमित रूप से निगरानी करने के लिए निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) ने समीक्षा के क्रम में कहा कि पूर्व में लंबित 17 सीएलए एक्ट/ यूएपी एक्ट के कांडों के अनुसंधान को पूर्ण करते हुए इसका त्वरित निष्पादन किया जाए। बैठक में फरार नक्सलियों के विरुद्ध लंबित इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती की भी समीक्षा की गई। आईजी (अभियान) ने उनके विरुद्ध पुरस्कार प्रस्ताव समर्पित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थापित पुलिस पिकेट पर उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में चौथे मनोज रतन, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसआईबी, अमित रेणु पुलिस अधीक्षक, अभियान एवं नाथु सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक (एसआईबी) भौतिक रूप से एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू, पुलिस अधीक्षक लातेहार / पलामू / गढ़वा एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है सरकार



हेमंत सोरेन सरकार राज्य में नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले छह-सात महीने से नक्सलियों के खिलाफ अभियान में राज्य पुलिस को लगातार सफलता मिली है। वर्ष 2025 में जून तक 17 कुख्यात नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया। कुल 113 हथियार बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, 8591 गोली, 176.5 किलोग्राम शेष पेज 11 पर

### हजारीबाग के होटलों में चल रहे देह व्यापार रैकेट का पर्दाफाश

● हिरासत में लिए गए 26 युवक-युवती, पुलिस कर रही पूछताछ

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने मंगलवार को शहर में चल रहे देह व्यापार के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस की टीमों ने हाइवे किनारे स्थित छह होटलों पर छापेमारी कर 26 युवक-युवतियों को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा है। फिलहाल इन्हें हिरासत में लिया गया है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, शहर के कुछ होटलों में लंबे समय से देह व्यापार का रैकेट चलाने की सूचना मिली थी। इस पर हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। इसके बाद डीएसपी सदर मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में आठ विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने होटल 7 डेज, होटल रुक्मणी, होटल टू ईट, होटल स्पाइसी, होटल सिद्धिविनायक और होटल वर्णिका में सुबह 10 बजे से एक साथ छापेमारी शुरू की, जो दोपहर 2 बजे तक चली। शेष पेज 11 पर

उपराष्ट्रपति के लिए 'विपक्ष' ने तय किया उम्मीदवार

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी होंगे प्रत्याशी

नई दिल्ली (आईएएनएस)



बी सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आईएनडीआईए ब्लॉक के नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई और उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी के नाम पर सहमति बनी। उपराष्ट्रपति चुनाव में बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के उम्मीदवार होंगे, जिनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। खड़गे ने कहा कि आईएनडीआईए ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उन्होंने कहा कि बी सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है, जिसमें आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि सुदर्शन रेड्डी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। अगर आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान तथा मौलिक अधिकारों की रक्षा की। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, उपराष्ट्रपति पद का यह चुनाव एक वैचारिक लड़ाई है और सभी विपक्षी दल इस पर सहमत हैं। और, यही कारण है कि शेष पेज 11 पर

## ईडी ने जीएसटी मामले में की छापेमारी

● एक साथ तीन जगहों पर दी गई है दबिश

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** साहिबगंज में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार की सुबह नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित तिलकधारी कुआं के पास रहने वाले नवीन कुमार दास उर्फ बबलू कबाड़ी के घर पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, ईडी की छापेमारी सुबह करीब 7:00 बजे शुरू हुई। इस दौरान ईडी के दो अधिकारी और सीआरपीएफ के आधा दर्जन जवान मौके पर मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम ने साहिबगंज में एक साथ तीन जगहों पर दबिश दी है। बताया जा रहा है कि टीम गोवा ब्रांच से पहुंची है और जीएसटी से जुड़े मामले में बबलू कबाड़ी के ठिकाने पर कागजात खंगाल रही है। छापेमारी की जद में संतोष कुमार गुप्ता का नाम भी सामने आया है, जो स्क्रैप डीलर हैं। संतोष गुप्ता भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध दास के चचेरे भाई बताए जाते हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले 7 अगस्त को भी ईडी ने 750 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी चालान बनाने के मामले में झारखंड, बंगाल और महाराष्ट्र में छापेमारी की थी। उस दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तीन राज्यों में 12 परिसरों पर तलाशी ली गई थी।

### भारत में जुलाई में बेरोजगारी दर घटकर 5.2 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में जुलाई में बेरोजगारी दर में कमी आई है और यह घटकर 5.2 प्रतिशत रह गई है, जो कि जून में 5.6 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में दी गई है। बेरोजगारी दर घटने के साथ रोजगार में भी इजाफा देखने को मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई 2025 के महीने के दौरान, 15 वर्ष और उससे अधिक शेष पेज 11 पर

## हाईकोर्ट ने मांगी सीजीएल पेपर लीक मामले में उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता





अगली सुनवाई 16 सितंबर को

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले में मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि मामले की जांच की निगरानी उच्च अधिकारियों की एसआईटी करे और शपथ पत्र भी एसपी स्तर के अधिकारी द्वारा ही दाखिल किया जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को तय की है। इससे पूर्व, सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सीआईडी जांच में किसी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आई है और इसकी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत की गई है। हालांकि, अदालत ने डीएसपी स्तर के अधिकारी द्वारा दाखिल शपथ पत्र को स्वीकार करने से इनकार करते हुए इसे वापस लेने का आदेश दिया।

वहीं, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजीत कुमार ने तर्क दिया कि सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब्त मोबाइल में रिकॉर्ड किए गए प्रश्न और उत्तर परीक्षा से पहले ही उपलब्ध थे, जो परीक्षा प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं। इससे स्पष्ट है कि पेपर लीक हुआ है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच की मांग की।

### आईएएस अधिकारी विनय चौबे को मिली जमानत

● शराब घोटाला मामले में 92 दिनों से जेल में हैं बंद

**रांची।** राज्य में हुए शराब घोटाला मामले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को मंगलवार को एसीबी कोर्ट से बड़ी राहत मिली। एसीबी कोर्ट ने बीएनएसएस की धारा 187(3) के तहत मंगलवार को उन्हें जमानत दे दी। लेकिन, वे अभी जेल में ही रहेंगे। क्योंकि, एसीबी एक मामले में प्रोडक्शन वारंट ले चुकी है। विनय चौबे की गिरफ्तारी के 92 दिनों बाद भी एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की थी। इसी आधार पर उन्हें राहत मिली। उनकी ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने पक्ष रखा।

## इंडिया | काम कम सोशल मीडिया पर ढोल ज्यादा की नई राजनीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब अच्छे काम से पहचान मिलती थी और लोग स्वेच्छा से अच्छे लोगों को चुनकर बड़े पदों तक पहुंचाते थे आज विज्ञापनों से भी काम नहीं चलता तो सोशल मीडिया की पूरी टीम एक से बढ़कर एक मुद्दे लेकर किसी भी बदनाम को संत और अच्छा काम करने वाले की कमियां निकालने के लिए एक साथ लग जाती है। कभी बूथ कैप्चरिंग वाले बिहार में तरह तरह के हथकंडे अपनाकर प्रॉडक्ट से लेकर ब्रांड बनते कुछ नेता काम करने के बजाय चुनावी रणनीति बनाने वाली पीआर एजेंसियों के निर्देश पर प्रचार युद्ध से जनता का दिल जीतना चाहते हैं। इस बार बिहार चुनाव में वैसे तो इस नई दौड़ में कोई किसी से कम नहीं पर इसमें अग्रणी बने हुए हैं कभी चुनावी रणनीतिकार होने का दावा करने वाले प्रशांत किशोर और उनकी जन सुराज पार्टी के नेता के अलावा चारा घोटाले सहित नौकरी के बदले जमीन मामले में जमानत पर चल रहे लालू यादव और चर्चित कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नीतीश से मुकाबला बहुत दिलचस्प है। जैसे-जैसे 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आ रहे हैं व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और अन्य प्लेटफ़ॉर्म ने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है, विवाद छिड़ते हैं और नेता बेचैन, युवा मतदाताओं से जुड़ते हैं।बिहार की 12 करोड़ की आबादी में से 60% से ज़्यादा लोग 30 साल से कम उम्र के हैं, इसलिए उम्मीद जगाने वाले वायरल अभियानों से लेकर भ्रम फैलाने वाली ग़लत सूचनाओं तक ये प्लेटफ़ॉर्म बिहार के 243 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने नेताओं के चुनाव के तरीक़े को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। राज्य में 5 करोड़ से ज़्यादा स्मार्टफ़ोन उपयोगकर्ता हैं और इंटरनेट की पहुंच लगभग 40% (2024 तक) तक बढ़ रही है।सोशल मीडिया अनपढ़ मतदाताओं तक भी बिना किसी फ़िल्टर के, रीयल-टाइम पहुंच प्रदान करता है, पारंपरिक मीडिया के द्वारपालों को दरकिनार करते हुए और पार्टियों को ऐसे कथानक गढ़ने में सक्षम बनाता है जो तुरंत लोगों तक पहुंचते हैं।ऐसे राज्य में जहां जाति, आर्थिक चुनौतियां और युवाओं की आकांक्षाएं राजनीति को संचालित करती हैं, सोशल मीडिया में एक नेता की गलती कुछ ही घंटों में





राज्यव्यापी कांड बन जाती है।राजनीतिक दल—चाहे वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) हो, महागठबंधन हो, या जन सुराज जैसे नए दल—मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए डिजिटल रणनीतियों में भारी निवेश कर रहे हैं, प्रभावशाली लोगों, कंटेंट क्रिएटर्स और डेटा विश्लेषकों को नियुक्त कर रहे हैं। लेकिन यह डिजिटल सेना एक दोधारी तलवार है, जो अभूतपूर्व अवसर और जोखिम दोनों प्रदान करती है जो अभियानों को सफल या असफल बना सकते हैं।भावनाओं को आकार देने की यह शक्ति दोनों तरफ़ असर डालती है। सोशल मीडिया अक्सर ध्रुवीकृत विचारों को बढ़ावा देता है, जाति-आधारित बयानबाज़ी और क्षेत्रीय विभाजन चर्चाओं पर हावी हो जाते हैं। एक प्रमुख उदाहरण जून 2025 में गया में दशरथ मांझी के परिवार से मिलने गए राहुल गांधी के आलीशान शौचालय विवाद का है। आरोप फैले कि मांझी परिवार की मिट्टी की झोपड़ी के पास गांधी की सुविधा के लिए एक उच्च-स्तरीय शौचालय बनाया गया था, जिससे आक्रोश फैल गया। कांग्रेस समर्थकों ने इस दावे का खंडन किया इसी तरह अक्सर तथ्यों को फैलाया जाता है जैसे नीतीश कुमार की कथित बीमारी और शासन संबंधी विफलताओं या तेजस्वी यादव के अतीत के "जंगल राज" से संबंधों जैसे अन्य विवाद के वायरल पोस्ट हफ़्तों के प्रचार अभियान पर पानी फेर सकती है।इस ढोल राजनीति में चुनावी रणनीति बनाने वाली पीआर एजेंसियों के मुस्कुराने का समय है और शेष तो तमाशाई हैं जो कितने प्रभावित हुए समय बताएगा।

झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी

### कुलदीप द्विवेदी बनाए गए सीबीआई के संयुक्त निदेशक

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक बनाया गया है। इससे पहले वे सीबीआई में डीआईजी के पद पर थे। ज्ञात हो कि कुलदीप द्विवेदी झारखंड के कई जिलों सहित रांची के एसएसपी पद पर भी सेवा दे चुके हैं। कुलदीप द्विवेदी के सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार सीबीआई के डीआईजी के रूप में कार्यरत कुलदीप द्विवेदी (आईपीएस) को सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कुलदीप द्विवेदी झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल 17 जनवरी, 2029 तक रहेगा, जब तक वे पांच वर्ष की प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी नहीं कर लेते या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो।

कुलदीप द्विवेदी राजधानी रांची के एसएसपी के पद पर भी अपनी सेवा दे चुके हैं। वे गढ़वा एवं कई अन्य जिलों में भी एसपी के पद पर रहे हैं। शेष पेज 11 पर

### हत्या के मामले में निशि पांडेय को हाईकोर्ट से मिली जमानत



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने निशि पांडेय को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। सोमवार को निशि पांडेय की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। निशि पांडेय की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार सिकरवार ने बहस की। हाईकोर्ट ने निशि पांडेय को बीस-बीस हजार रुपये के निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत दी है। निशि पांडेय को भरत पांडेय और दीपक साव गैंगवार मामले में बेल मिली है। भरत पांडेय के पिता के आवेदन के आधार पर रामगढ़ पतरातू के रहने वाले विकास तिवारी, निशि पांडेय, आकाश तिवारी, विकास साव, अमित साव, सुभाष सिंह उर्फ बाघा सिंह अनिल यादव, सुनील धोबी, बबलू ठाकुर, संदीप ठाकुर, निशांत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। भरत और दीपक साव की जनवरी में हत्या हुई थी। इसी केस में निशि पांडेय को गिरफ्तार किया गया था।

# अबुआ आवास योजना बनी अबुआ निराशा योजना : प्रतुल शाहदेव

- हेमंत सरकार ने गरीबों को छत नहीं, अधूरा सपना दिया
- योजना ने सिर्फ 15% लक्ष्य की प्राप्ति की है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार की अबुआ आवास योजना को लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह योजना गरीबों के लिए छत का सपना नहीं बल्कि निराशा का प्रतीक बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2026 तक 8 लाख पक्के मकान देने का वादा किया था और इसके लिए 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट तय किया था। लेकिन आज की हकीकत यह है कि पूरे राज्य में अब तक लक्ष्य का मुश्किल से 15 प्रतिशत प्राप्ति हो पाई है वो भी आधा अधूरा। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था उसके अनुसार में 2023-24 में 2 लाख मकान,2024-25 में 3.5 लाख मकान, 2025-26 में 2.5 लाख मकान बनाने का लक्ष्य था।

प्रतुल ने अनेक उदाहरण देते हुए बताया कि ये योजना अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है और भ्रष्टाचार का भी शिकार हो गई है।प्रतुल ने कहा कि रांची (खलारी प्रखंड): 1033 मकानों का लक्ष्य, पूरे हुए सिर्फ 337।गढ़वा (भंडरिया प्रखंड): 850 मकानों का लक्ष्य, तैयार हुए महज 210। दुमका (रामगढ़ प्रखंड): 720 का लक्ष्य, पूरे हुए केवल 150। पाकुड़ जिला: 950 मकानों का वादा, पूरे नहीं हुए 200 भी।चतरा व लातेहार में तो स्थिति और भी बदतर है।अधूरे मकानों में लोग बिना छत के रहने को मजबूर है। प्रतुल ने कहा कि कमोबेश पूरे राज्य की यही स्थिति है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार ने फाइलों में तो 6.5 लाख मकानों की स्वीकृति दिखा दी, लेकिन जमीन पर स्थिति यह है कि गरीबों के घर आधे-अधूरे खड़े हैं।फंड की समय पर उपलब्धता नहीं होने, भुगतान में देरी और कामकाज की सुस्ती के कारण लोग बरसात में बिना छत के जीने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल विज्ञापन और घोषणाओं तक सीमित है। गरीबों के नाम पर बजट तो दिखाया जाता है, पर जमीन पर कुछ नहीं उतरता। प्रतुल ने कहा कि जनता पूछ रही है कि इतने बड़े बजट और वादों के बावजूद गरीबों के हिस्से में सिर्फ अधूरे मकान और टूटा हुआ सपना ही क्यों आया।

## लातेहार में हाल के सर्वे में जमीन संबंधी त्रुटि, सुधार जरूरी : प्रतुल



**रांची/चंदवा।** लातेहार जिले में जमीन संबंधी हाल में हुए सर्वे में व्यापक पैमाने पर त्रुटियों के कारण जिले वासियों को हो रही परेशानी पर भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही, जिले के उपायुक्त से सर्वे में त्रुटि व विसंगतियों को दूर करने की दिशा में समुचित पहल करने की मांग भी की है। शाहदेव कहा कि विगत लंबे समय से चंदवा अंचल समेत संपूर्ण लातेहार जिले के रैयत व आम लोग हालिया सर्वे में हुई त्रुटि के कारण परेशान हैं। पूर्वजों की खतियानी जमीन भी सर्वे में आनाबाद बिहार सरकार में चली गई है, लोगों के जमीन का रकबा में त्रुटि है। इस कारण लोगो के बीच विवाद भी बढ़ता जा रहा है। जमीन संबंधी विसंगतियों को दूर करने को लेकर आमलोग अंचल व कोर्ट कहचरी का चक्कर काटते-काटते थक रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि जिनके पूर्वजों का नाम भी रजिस्टर टू में अंकित है, उनकी जमीन को भी सरकारी बता दिया जा रहा है। प्रतुल ने कहा कि सर्व में हुई त्रुटि का फायदा उठाकर भू-माफिया जमीन की हेराफेरी भी कर रहे हैं, जो गंभीर समस्या बनती जा रही है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि लातेहार जिले में हिंडाल्को चकला कोल परियोजना, बनहरदी कोल परियोजना, रजवार कोल परियोजना, एनएच 39 फोरलेन सड़क चौड़ीकरण योजना से प्रभावित हो रहे रैयतों के माध्यम से भी त्रुटि से संबंधित मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल के सर्वे में त्रुटि के कारण रैयत जमीन के बदले मिलने वाले मुआवजे व हक से भी वंचित हो रहे है। लगातार विरोध के कारण कोल परियोजनाएं शुरू होने में भी देरी हो रही है व क्षेत्र का विकास भी प्रभावित हो रहा है। प्रतुल शाहदेव ने जिले के उपायुक्त से उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जमीन संबंधित त्रुटि के मामलों के सुलभ निष्पादन में पहल की मांग की है।

## जानबूझकर विनय चौबे के खिलाफ चार्जशीट दायर नहीं किया गया : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाला में जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय चौबे को जमानत मिलने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई शुरू से शक के घेरे में है। कहा कि राज्य सरकार तकरीबन 1000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में हेमंत सोरेन के पूर्व सचिव के खिलाफ एसीबी ने जानबूझकर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिससे उनकी जमानत का रास्ता आसान हो गया। कहा कि दरअसल हेमंत सरकार ने अपने ही पूर्व सचिव की गिरफ्तारी का नाटकीय षडयंत्र इसलिए रचा था, ताकि ईडी की जांच प्रभावित हो सके और सबूतों को मिटाया जा सके। कहा कि ईडी के निदेशक को जनता के हजारों करोड़ की लूट में शामिल इन भ्रष्टाचारियों पर कठोर और विधिसम्मत कार्रवाई कार्रवाई करनी चाहिए।

## न्यायालय पर टिप्पणी करना बाबूलाल मरांडी की आदत : डॉ तनुज खत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



- सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी नहीं सुधरे

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के ताजा बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की आदत बन चुकी है कि वे हर रोज अदालत और जाँच एजेंसियों की प्रक्रिया पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। डॉ तनुज ने कहा कि कल ही सुप्रीम कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी की झूठी जनहित याचिका को खारिज करते हुए तल्ख टिप्पणी की थी कि राजनीतिक दुश्मनी के लिए न्यायालय का इस्तेमाल न किया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सख़्त टिप्पणी के बावजूद बाबूलाल मरांडी ने कोई सबक नहीं लिया और आज फिर झूठ और मनगढ़ंत आरोपों के सहारे मीडिया में बयानबाजी करने लगे।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाले के मामले में अदालत और एसीबी की प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से चल रही है। राज्य सरकार की भूमिका पूरी तरह पारदर्शी है। बावजूद इसके बाबूलाल मरांडी केवल भ्रम फैलाने और मीडिया की सुर्ख़ियाँ बटोरने का काम कर रहे हैं।

डॉ. तनुज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार और जनता का अविश्वास, दोनों ही बाबूलाल मरांडी की राजनीति की सच्चाई को उजागर कर चुके हैं। अब उनका हर रोज का झूठ किसी काम का नहीं रहा।

## आदिवासी संगठनों ने सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को हत्या कहा

### 23 अगस्त को करेंगे राजभवन मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के करम टोली धूमकुड़िया में मंगलवार को विभिन्न सामाजिक आदिवासी संगठनों की एक बैठक मुख्य पहान जगलाल पहान की नेतृत्व हुई। इस सामाजिक संगठन की बैठक में बोरियो निवासी सूर्या हांसदा की हत्या के खिलाफ बैठक रखी गई थी। इसमें तमाम आदिवासी सामाजिक संगठनों ने 23 अगस्त को सूर्या हांसदा के न्याय के लिए राजभवन मार्च करने का निर्णय लिया।

बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सूर्या हांसदा एक सामाजिक और राजनीतिक व्यक्ति थे, जो कि समाज के हित में काम करते थे। चार बार से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार थे और राज्य सरकार के कई गैर कानूनी काम के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे। हेमंत सरकार के गैर कानूनी कामों के खिलाफ आवाज उठाने के कारण हेमंत सरकार ने सूर्या को कुख्यात अपराधी घोषित कर फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी। यह हत्या आदिवासी समाज की हत्या है, यह एक सामाजिक व्यक्ति की हत्या है, यह हत्या एक राजनीतिक हत्या है। वक्ताओं ने कहा कि अबुआ राज्य में जिन्होंने भी गलत के खिलाफ आवाज उठाई है, उसकी हत्या कर दी गई है। हेमंत सरकार ने हमेशा गलत के खिलाफ आवाज उठाने वाले की आवाज को दबाने का काम किया है, चाहे रूपा तिर्की हों, उमेश कछप हों, संध्या टोपनो हों, सुभाष मुंडा हों, अनिल टाइगर हों या सूर्या हांसदा हों। सूर्या हांसदा की हत्या अबुआ सरकार ने की और इसे एनकाउंटर का रूप देने का प्रयास किया गया।

बैठक में जगलाल पहान, बबलू मुंडा, महादेव टोप्पो, संदीप उराव, आरती कुजूर, पिंकी खोया, सोमा उरांव, अनीता गाड़ी, रवि मुंडा, नमित हेमरोम, सनी टोप्पो, सोनी हेंब्रम, रितेश उरांव, कमलेश राम, मुन्ना टोप्पो, रोशन मुंडा, सत्यदेव मुंडा, आशीष मुंडा, संतोष मुंडा, मुकेश भगत, नीलकंठ मुंडा, बुधराम बेदिया, उर्मिला उरांव, रूपन कुजूर, सुनीता तिर्की, बंधन तिर्की आदि उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने रेलमंत्री को किया पत्राचार

**रांची।** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने रेलमंत्री को पत्राचार कर झारखंड और ओडिसा के ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए बड़बील से रांची फास्ट मेमू ट्रेन का अतिशीघ्र परिचालन आरंभ करने का आग्रह किया। यह कहा है कि झारखंड के बड़ा जामदा, गुआ, नोवामुंडी, डोंगवापोशी, झीकपानी, चाईबासा, राज-खरसावां तथा बडबील (ओडिसा-क्योंझर जिला) के कोल्हान क्षेत्र से आयरन-ओर तथा बॉक्साइट की माल ढुलाई से चक्रधरपुर रेल मंडलवर्षों से भारतीय रेलवे को सर्वाधिक राजस्व प्रदान करनेवाला क्षेत्र रहा है। बावजूद इसके इस क्षेत्र की एक बड़ी जनसंख्या रेल आवागमन की पर्याप्त सुविधा से वंचित है। सड़क मार्ग से सफर करने पर क्षेत्र की ग्रामीण जनता को किराए के रूप में अधिक खर्च का वहन भी करना पड़ता है। श्री वर्मा ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र के लिए रांची से सीधी रेल सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। आवश्यक है कि बड़बिल से रांची फास्ट मेमू ट्रेन के संचालन के लिए शीघ्र रैक आवंटन कर ट्रेन परिचालन प्रारंभ की जाए। इससे बड़ी संख्या में यात्री लाभान्वित होंगे।



- बड़बिल से रांची फास्ट मेमू ट्रेन परिचालन का किया आग्रह

### विधि व्यवस्था को लेकर डीआईजी ने की बैठक, कहा

## अवैध बालू खनन व छिनतई करने वालों पर करें कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विधि व्यवस्था को लेकर डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी और डीएसपी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी ने पिछले महीने दिए गए निर्देशों की सभी थाना प्रभारियों से बारी-बारी से समीक्षा की गई।

आगामी महीने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। जिनमें खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध, काली फिल्म वाली गाड़ियों पर कार्रवाई, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा, अवैध बालू खनन पर कार्रवाई, छिनतई की घटनाओं पर रोक, संगठित अपराध गिरोहों पर नजर, लंबित वारंट का निष्पादन, पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन शामिल है।

इसके अलावा एसएसपी ने पिछले एक साल में जेल से छूटे अपराधियों के सत्यापन पर भी चर्चा किए। साथ ही छिनतई, बलात्कार, पॉक्सो, चोरी, लूट और संपत्ति से जुड़े अन्य अपराधों का पदार्फाश करने पर जोर दिया गया। जुआ और शराब के अड्डों पर छापामारी करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

अनुसंधान नियंत्रण में लंबित संपत्ति अपराधों और यूडी मामलों की समीक्षा की गई और उनके निपटारे की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में, पिछले महीने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

**जांच की मांग** आजसू नेताओं ने मुख्य सचिव व डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

# सुदेश महतो की हत्या की साजिश की हो जांच : आजसू

- मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने दिया जांच करवाने का आश्वासन
- पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को सुरक्षा देने की मांग भी की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव तथा डीजीपी से मिला और स्मारपत्र सौंपकर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की हत्या की साजिश उग्रवादियों द्वारा बार बार रचे जाने और उनका नाम हिटलिस्ट में रखने की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से करवाने और उनकी सुरक्षा की नए सिरे से समीक्षा करने की मांग की।

मुख्य सचिव अलका तिवारी तथा डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आजसू प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उग्रवादियों की हिटलिस्ट में सुदेश कुमार महतो का नाम बार बार आने के संबंध में जांच करवाई जाएगी।

आजसू पार्टी के शीर्ष नेताओं ने कहा कि इस बात का खुलासा होना चाहिए कि सुदेश महतो लगातार उग्रवादियों के निशाने पर क्यों हैं? प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर एवं हसन अंसारी शामिल थे।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि बार बार उग्रवादियों द्वारा सुदेश महतो की हत्या की साजिश की जानकारी सामने आती रहती है, लेकिन इसके कारणों का अभी तक पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है। इस संबंध में पार्टी नेताओं ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी से मिलकर स्मारपत्र सौंपा। डॉ भगत ने कहा कि विगत 5 अगस्त को गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए पीएलएफआई उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो को अपनी हिटलिस्ट में रखा था और हमले की फिराक में था। उसने 2023 में अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर सुदेश महतो की हत्या की योजना बनाई थी, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था। उग्रवादियों ने अपने सदस्य देव सिंह मुंडा को योजना के तहत आजसू पार्टी में शामिल भी करवाया था।

आजसू नेताओं ने डीजीपी से मांग की कि पूर्व मंत्री एवं पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस की भी सुरक्षा वापस ले ली गई है, जिसे तुरंत वापस किया जाए।

### आजसू कल करेगी रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का घेराव

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक मंगलवार को प्रधान कार्यालय हरमू रोड रांची में हुई। बैठक में आगामी गुरुवार (21 अगस्त) को रांची विश्वविद्यालय में मूलभूल सुविधाएं बहाल करने एवं विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रशासनिक भवन घेराव करने निर्णय लिया गया। बैठक में छात्र आजसू से शिवम कुमार को रांची जिले का वरीय उपाध्यक्ष एवं सुशांत सिंह को छात्र आजसू रांची जिले का उपाध्यक्ष सर्वसहमति से बनाया गया। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, प्रताप सिंह, राजेश सिंह, रोशन नायक, सक्षम झा, रवि रोशन, गौरभ सिंह, राज दुबे, गयायनंद, योगेश, अंशुल, सोनल, मुकेश आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को टोटोमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को पेसा कानून में 'बाईसी प्रथा' को मान्यता प्रदान किए जाने संबंधी ज्ञापन दिया।

### सीपी राधाकृष्णन से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की मुलाकात



**रांची।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को नई दिल्ली में उनसे मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। झारखंड में भी राज्यपाल के रूप में आपका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। अब राष्ट्रीय स्तर पर आपके सामाजिक और राजनैतिक अनुभवों का लाभ देश को मिलेगा।

### दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म का प्रसाद वृद्धा आश्रम में किया गया वितरित



**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति द्वारा जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची के बरियातू स्थित वृद्धा आश्रम मे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन 4 अगस्त को हुआ। पिछले दिनों उनका श्राद्धकर्म संपन्न हुआ है। गुरुजी ने लोगों के हक, अधिकार व मान सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष किया जो हमारे लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, जिला संयोजक मंडली सदस्य बीरू तिर्की, सोनू मुंडा, कलाम आजाद, आदिल इमाम, परवेज आलम गुड्डू, सुजीत कुजूर, राजेश सिंह, महादेव मुंडा, राकेश, बबलू एवं अन्य कार्यकर्त ने प्रसाद का वितरण किया।

### सप्ताह में दो दिन होगी मनी लांड्रिंग मामलों की सुनवाई, तय किए गए विशेष दिन




**रांची।** झारखंड और राजधानी रांची से जुड़े मनी लांड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए सप्ताह में दो विशेष दिन तय किए गए हैं। इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर रांची के न्यायायुक्त ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार, अपर न्यायायुक्त-18 सह सीबीआई और पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश श्याम नंदन तिवारी की अदालत में मनी लांड्रिंग मामले हर बुधवार और शनिवार को सुने जाएंगे। वहीं, अपर न्यायायुक्त प्रथम सह पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में यह सुनवाई हर महीने के प्रथम और तृतीय शनिवार को होगी। आदेश में कहा गया है कि यदि निर्धारित दिन अवकाश पर पड़ता है, तो अगले कार्य दिवस को मामले सुनवाई के लिए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### थाना प्रभारी ने मोबाइल धारकों को मोबाइल सौंपा



**रांची।** लालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए मोबाइल से संबंधित प्राप्त आवेदन के आधार पर दर्ज सनहा के संबंधित जांचकर्ता के द्वारा 6 मोबाइल बरामद किया गया है। जिसमें वनप्लस का चार, मोटरोला का एक एवं रियलमी का एक मोबाइल है। जिसकी कुल कीमत लगभग दो लाख हैं। आज मोबाइल धारकों को बुलाकर लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह ने उन्हें सौंप दिया।

### प्रदेश भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा



- 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगा कार्यक्रम
- 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी होंगे कार्यक्रम
- 25 सितंबर को बूथ स्तर तक पार्टी मनाएगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**रांची।** प्रदेश भाजपा आगामी 17 सितंबर से 2अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने यह जानकारी दी। इस संबंध में गठित प्रदेश टोली की बैठक प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों,अभियानों की विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन है जिसे सेवा दिवस के रूप में पार्टी कार्यकर्ता मनाएंगे। कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान ,रक्त दान शिविर , दिव्यागजन सहायता उपकरण वितरण,वृक्षारोपण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी और विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद,गणेश मिश्र,सुनीता सिंह,सरोज सिंह,शशांक राज, अमरदीप यादव,आरती सिंह,किशुन दास,नारायण दास,जीतुचरण राम, कुमार अमित,राकेश भास्कर, अमित सिंह,डॉ रामदीन,बबन गुप्ता,रूपेश सिन्हा,अविनाश वर्मा,सागर उरांव,राजेश कुशवाहा, अशोक शर्मा,आदि शामिल रहे।



**जब्त किए गए सामान**

ठेला- 01, कांउटर-01, आईरन केज-01, ड्रम-02, रैक-01, बांस- बल्ली-10, बैनर/फ्लेक्स, स्क्रू प्लास्टिक सहित अन्य सामान।





# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई दुकानों से सामान जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम की टीम ने प्रेमसंस मोटर कांके रोड से लेकर चांदनी चौक तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान नालियों पर बनाई गई अवैध दुकानों को गिराकर उनका सामान जब्त किया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में अगर उन्होंने सड़क पर दुकान बढ़ाई तो उनकी दुकान सील कर दी जाएगी। ग्राहकों से अपील की गई कि वे सड़क पर न रुकें, बल्कि केवल निर्धारित पार्किंग का ही इस्तेमाल करें। फुटपाथ और सड़क किनारे लगाए गए ठेला, गुमटी, बैनर-पोस्टर और अवैध शेड हटाए गए। दुकानों के सामने रखे सामान को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया। निगम ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी और किसी को भी सड़क, नाली या फुटपाथ पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



### नगर निगम टीम ने आईटीआई व कांटाटोली बस स्टैंड का किया निरीक्षण

## दोनों स्टैंड में व्यापक व्यवस्था करने का निर्देश

**रांची।** उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू के नेतृत्व में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार एवं बाजार शाखा की टीम ने रांची नगर निगम अधीन आईटीआई यस स्टैंड तथा कांटाटोली स्थित भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल का निरीक्षण किया गया। आईटीआई बस स्टैंड निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हाल की लगातार वर्षा के कारण परिसर में कीचड़ एवं जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस पर उप प्रशासक ने सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि जेसीबी की मदद से समतलीकरण कर कीचड़ हटाया जाए। स्टोन डस्ट डालकर गड्ढों को भरा जाए एवं अल्पकालीन जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाए। पूरे क्षेत्र में नियमित झाड़ू, कचरा उठाव तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही. अन्य विकास कार्यों हेतु अभियंताओं की टीम को कार्ययोजना एवं प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया। वहीं कांटाटोली स्थित भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के निरीक्षण में टीम द्वारा स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, पथ-बत्ती, पार्किंग शुल्क एवं टोल टैक्स व्यवस्था की समीक्षा की गई। निरीक्षण क्रम में पाया गया कि भारी वाहनों के आवागमन से कुछ जगहों पर पेवर ब्लॉक उखड़ गए हैं एवं ढउउ क्षतिग्रस्त होकर गड्ढे बन गए हैं। इस पर संवेदक को तुरंत मरम्मति करने एवं गड्ढों को भरवाने का निर्देश दिया गया। उप प्रशासक ने संवेदक को निर्देशित किया कि परिसर में लगे अवैध वेंडर्स को हटाया जाए। संबंधित सुपरवाइजर को स्थल की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता, कनिय अभियंता, बाजार शाखा की टीम, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित रहे।





## भगवान श्रीमन्नारायण की हुई आराधना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में भादो कृष्णपक्ष की 'अजा ' एकादशी मंगलवार को भगवान वेंकटेश्वर से वर पाने की अभिलाषा वाले भक्तों की कतार लगी रही। शान्तस्वरूप जगत्पालक श्रीविष्णु बालाजी की सेवा करके सचमुच ही मनुष्य समस्त तप ,सम्पूर्ण धर्म तथा परम उत्तम यश एवं कीर्ति को प्राप्त कर लेता है। उन परमात्मा सर्वेश्वर श्रीवेंकटेश्वर को दिनभर श्रद्धालुओं नें अष्टोत्तर शतनामावली मंत्रों से अर्चना की। भगवान के दोनों पार्श्व में सर्वसहा , कोमलांगी, दया क्षमा, ऐश्वर्य और धृति के स्वरूप महालक्ष्मी श्रीश्रीदेवी और भूमिदेवी की अनुकम्पा प्राप्ति के लिए कुंकुम से अष्टोत्तर शतनाम की अर्चना की। श्रद्धालु 1008 नाम मंत्रों से (श्रीविष्णु सहस्त्रनाम) अर्चना निरंतर एक के बाद एक कराते रहे।श्रीनिवासा गोविंदा, श्रीवेंकटेशा गोविंदा, वेंकट रमना गोविंदा भवभय हरणा गोविंदा और श्रीमन्नारायण नारायण हरि- हरि के धुन सुन लोग नाचते झूमते परिक्रमा कर रहे थे। आज दिनकर के भोग का सेवा अनीश-सोनिया अग्रवाल की ओर से लगाया।अर्चक में सत्यनारायण गौतम , गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। मौके

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 7 से 13 सितंबर तक रांची में होगा

- मारवाड़ी महिला मंच रांची की रजत जयंती महोत्सव, आएंगी कथावाचक गुरु मां चैतन्य मीरा
- भागवत कथा के लिए सर्वसम्मति से समिति गठित पोस्टर का विमोचन भी किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी महिला मंच, रांची शाखा रजत जयंती महोत्सव पर आगामी 7 सितंबर से 13 सितंबर 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करेगी। इस मौके पर नासिक से आ रहीं कथावाचक गुरु मां चैतन्य मीरा की कथा का श्रवण किया जाएगा। इसे लेकर रांची के महाराजा अग्रसेन भवन में मंगलवार को आयोजन से संबंधित पूरी जानकारी और समितियों के गठन के लिए एक बैठक हुई। प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन भी किया गया। मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने बताया कि शाखा अध्यक्ष मधु सराफ की अध्यक्षता में भागवत कथा के लिए सर्व सहमति से समिति का गठन किया गया। समिति की संयोजिका नीरा बथवाल को बनाया गया। गीता डालमिया, रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी और नैना मोर को सह संयोजिका बनाया गया है।

बैठक में अंशु नेवटिया, मंजू केडिया, बीना मोदी, रीना, सुरेखा, बबीता नारसरिया, सीमा ताटीय, प्रीति अग्रवाल, छाया अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, सुशीला पोद्दार, कमला विजयवर्गीय, रेनू राजगढ़िया, करुणा अग्रवाल, मीरा टिंबरेवाल, सुनीता सरावगी, संगीता गोयल, अनीता अग्रवाल, सुषमा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, ममता बूबना, मंजू कड़ोदिया, पुष्पा अग्रवाल, सरिता मोदी, शोभा आदि उपस्थित थीं।



### खादगढ़ा बस स्टैंड में प्रवेश और निकास द्वार एक

## कांटा टोली-नामकुम रोड में लगता है जाम



**मनोज मिश्रा। रांची।** कांटा टोली-नामकुम रोड में ट्रैफिक जाम बड़ी समस्या बन गई है। दरअसल, खादगढ़ा बस स्टैंड में वाहनों का प्रवेश और निकास द्वार दोनों एक ही है जिससे बसों के स्टैंड में प्रवेश और निकास से मुख्य सड़क में जाम लगता है। फ्लाईओवर बनने से पहले कांटा टोली- बहुबाजार रूट में बने स्टैंड द्वार से बसें स्टैंड में प्रवेश करती थी और नामकुम रूट में बने द्वार से निकलती थी जिससे कांटा टोली नामकुम रूट में जाम नहीं लगता था। नाम नहीं छापने पर कुछ लोगों ने बताया कि जब फ्लाईओवर का निर्माण शुरू हुआ तो स्टैंड का प्रवेश और निकास द्वार एक कर दिया गया था अब जब फ्लाईओवर बन गया है तो पूर्व की तरह प्रवेश और निकास द्वार अलग अलग किए जाने चाहिए, एक ही प्रवेश और निकास द्वार रहने से जाम तो लगेगा ही।

**आज / कल**




## बीआईटी मेसरा में गोकुलाष्टमी मनाई गई



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के रोटरेक्ट क्लब ने गोकुलाष्टमी 25 का आयोजन एनसीसी ग्राउंड में किया। रोटरेक्ट क्लब के फैकल्टी एडवाइजर, डॉ. गौतम शांडिल्य ने छात्र स्वयंसेवक पुरुषोत्तम मयूर एवं ऋषभ राज के साथ कार्यकर्म का उद्घाटन किया। आयोजन की शुरूआत सुबह 11 बजे इंटर-होस्टल मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ हुई जिसमें कई होस्टलो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका समापन दोपहर 1 बजे हुआ। दूसरी प्रतियोगिता दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक हुई, जो केवल लड़कियों के लिए थी जिसमें उन्हे आँखों पर पट्टी बाँधकर मटकी फोड़नी थी। इस आयोजन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद इंटर-क्लब मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न क्लबों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गई।

## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में अजा एकादशी मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को अजा एकादशी उत्सव श्रद्धा भाव से आयोजित किया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी। मौके पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब एवं तुलसी दल की मालाओं से श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा, फल, खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, माधव सारस्वत, गौरव परसरामपुरिया, प्रदीप अग्रवाल, अजय साबू, ज्ञान प्रकाश बागला, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा।



## नाली भरने से स्थानीय परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** पहाड़ी मंदिर में सावन की तैयारी पर नगर निगम ने युद्धस्तर पर काम किया और भक्तों को होने वाली समस्या से बचाने के उपाय किए। आसपास नालियों की सफाई की गई थी जिससे पूरा वातावरण स्वच्छ था। बालाजी मंदिर के सामने अन्नपूर्णा सेवा के पास की अब वही नाली फिर भर गया हैं और बजबजा रहा है। स्थानीय लोगों ने निगम से नाली साफ कराने की मांग की है।




## सहायक आचार्य के 111 अभ्यिर्थियों की हुई काउंसलिंग

● काउंसलिंग प्रक्रिया नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई

**रांची।** रांची समाहरणालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य, कक्षा 6-8 के भाषा शिक्षक पद के लिए कुल 111 अभियार्थियों की काउंसलिंग आयोजित की गई। पूरी काउंसलिंग की प्रक्रिया उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री द्वारा नियुक्त नोडल पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू, अपर समाहर्ता, नक्सल की अध्यक्षता में की गई। जिसमें कुल 111 अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग के लिए बुलाया गया था। जिसमे सभी 111 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया दो पाली में पूर्ण की गई। इस पूरी प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधीक्षक, श्री बादल राज उपस्थित रहे तथा काउंसलिंग की प्रक्रिया को सरल बनाये रखने में अपना योगदान दिया ।

### आंध्र प्रदेश की टीम ने किया मनरेगा पार्क का दौरा

# बेड़ो में चल रही योजनाओं का किया अवलोकन



● मनरेगा के संबंध में ली कई महत्वपूर्ण जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** मंगलवार को आंध्रप्रदेश से आए आइएएस दिनेश कुमार की अगवाई में एक टीम ने बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत अन्तर्गत मनरेगा पार्क का दौरा कर मनरेगा से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। टीम ने मनरेगा पार्क का अवलोकन किया और एक ही जमीन के अलग-अलग खंडों में आम बागबानी के अतिरिक्त सिंचाई कूप निर्माण की योजना, डोभा निर्माण, टीसीबी निर्माण, कच्चा नाल, वर्मी कंपोस्ट सहित अन्य योजनाओं को देखा और योजनाओं के संबंध में कई लाभुको, किसानों और जनप्रतिनिधियों से कई अहम एवं महत्वपूर्ण जानकारियां ली। स्थानीय महिला मंडल की दीदी से बात करते हुए मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी के संबंध में उपस्थित महिलाओं ने कई अहम जानकारी दी।

### टीम ने बागवानी से होने वाले वार्षिक लाभ की जानकारी ली

टीम ने जहां एक और बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभों से बातचीत कर बागवानी से होने वाले वार्षिक लाभ के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा अन्य योजनाओं के लाभों को ने योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन के संबंध में टीम द्वारा विस्तृत जानकारी ली गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने उन्हें बताया कि अधिकतर योजनाएं व्यक्तिगत ही होती हैं जबकि सामुदायिक योजना अपेक्षाकृत कम लिया जाता है क्योंकि किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा इसकी मांग कम की जाती है। किसानों की आमदनी के संबंध में उन्होंने कहा कि बागवानी के लाभार्थी एक एकड़ जमीन पर उगाए गए आम के फलों को बेचकर 40 से 50 हजार रुपए सालाना आसानी से कमा लेते हैं। जबकि इसी भूमि पर इंटरक्रॉपिंग फसल की खेती से जो आमदनी होती है वह सिलसिला सालों भर जारी रहता है।

दौरे पर आई हुई टीम ने बागवानी के दरमियान अंतर फसल देखकर और इससे होने वाले लाभ के संबंध में जानकर प्रसन्नता जताई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा सहित उनकी टीम की प्रशंसा की और इस क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर मनीष कुमार, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, ईटा पंचायत के ग्राम प्रधान बुधराम बाड़ा, पंचायत की मुखिया अनीता बाड़ा, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, सद्दाम हुसैन अंसारी, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा के अतिरिक्त महिला मंडल की महिलाएं कई योजनाओं के लाभुक मजदूर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# डॉ जेबी पांडेय अटल साहित्यकार सम्मान से नवाजे गए



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पटना के बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन सभागार में एजुकेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थान के तत्वावधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने की और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल उद्घाटन कर्ता थे और मुख्य अतिथि बिहार के स्वास्थ्य मंत्री डा मंगल पांडेय थे। सभी वक्ताओं ने भारत रत्न डॉ अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर गहन प्रकाश डाला।

इस अवसर पर 21 साहित्य कारों को अटल साहित्यकार सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय को डॉ मंगल पांडेय, डॉ दिलीप जायसवाल और डॉ अनिल सुलभ ने सम्मानित किया। सम्मान प्राप्ति के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि यह भारत की भारती (हिंदी) का सम्मान है। जब तक सांस रहेगी, भारत की भारती की सेवा करता रहूंगा। इसके पूर्व भी डॉ पाण्डेय को देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद सम्मान, देवेन्द्र नाथ शर्मा सम्मान, दिनकर सम्मान, राष्ट्र भाषा सम्मान, शताब्दी सम्मान आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

## खलारी में पेसा कानून पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**खलारी।** खलारी प्रखंड स्थित बीपीआरसी भवन में पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में पेसा कानून अधिनियम को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। इसमें प्रखंड के सात पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विभागीय ट्रेनर तेजी किस्पोट्टा ने पेसा अधिनियम के उद्देश्यों और अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा करते हुए ग्रामसभा को सशक्त बनाने की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण शासन को मजबूत कर लोगों में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करता है। वहीं पंचायती राज मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर ने मनरेगा, 15वें वित्त आयोग की योजना तथा अन्य विकासपरक योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से वार्ड सदस्यों को योजनाओं की बारीकियों को समझने और उन्हें सफलतापूर्वक लागू करने में मदद मिलेगी।

## मांडर टोल प्लाजा मैनेजर के दुर्व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



● अधिकारियों को सौंपा गया शिकायत पत्र

**मांडर।** मांडर स्थित एनएच-39 मार्ग के टोल प्लाजा मैनेजर आरएस यादव के दुर्व्यवहार से आक्रोशित होकर मंगलवार को उपायुक्त रांची व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं थाना प्रभारी मांडर के अधिकारियों को पत्रकार रहमतुल्लाह अंसारी ने लिखित शिकायत पत्र सौंपी है। पत्रकार रहमतुल्लाह अंसारी का आरोप है कि टोल प्लाजा मैनेजर द्वारा वाहन चालकों और स्थानीय लोगों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मैनेजर का रवैया मनमाना और असंवेदनशील है, जिससे आए दिन टोल प्लाजा पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से उचित कार्रवाई करते हुए मैनेजर हटाने की मांग की है। वहीं शिकायतकर्ता श्री अंसारी ने बताया कि सोमवार को वे चान्हो से मांडर आ रहे थे। इस दौरान टोल मैनेजर खुद बैरिकेटिंग पर तैनात थे । वे आईडी चेक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से उलझकर अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभाग से कठोर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर रांची से कुडू तक का टोल वसूली किया जाता है मगर पंडरी सोंस था मुरगु के समीप अधूरी व जर्जर है। जिससे आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां तक कि दर्जनों लोग की जान भी चली गयी है। इस ओर सरकार एवं अधिकारियों का ध्यान नहीं जाता है।

### हिंडालको कंपनी का इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता

# आरटीसी स्कूल के छात्रों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**मुरी/सिल्ली।** कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष हिंडालको कंपनी के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।इस वर्ष भी 17 अगस्त रविवार को संध्या 7:30 बजे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें डी ए वी स्कूल सिल्ली, उसुलाईन इंगलिश मीडियम स्कूल मुरी, आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी और आदित्य बिड़ला +2 हाई स्कूल मुरी के वर्ग नवम एवम दशम के छात्र- छात्राएं सम्मिलित हुए। सभी विद्यालय क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल के सूची में सम्मिलित है। इस क्विज प्रतियोगिता में करेंट अफेयर्स, सामान्य जानकारी, ऑडियो - वीडियो विजुअल राउंड, विषय संबंधी प्रश्नोत्तरी, पौराणिक कथा संबंधी प्रश्न पूछे गए।निष्पक्षता एवम पारदर्शिता के लिए जजों का एक पैनल मौजूद रहे।

प्रत्येक राउंड में आर टी सी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपने सही और सटीक जवाबों से दर्शकों का दिल जीत लिए, जिसे वे तालियों से व्यक्त किये। दूसरे स्थान पर उसुलाइन इंगलिश मीडियम स्कूल, तीसरे स्थान पर डी ए वी स्कूल तथा चौथे स्थान पर आदित्य बिड़ला+2 हाई स्कूल रहे।

# श्रावणी मेले में लगे झूले से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, सुरक्षा का कोई मानक नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** केडी नेहरू स्टेडियम में लगे श्रावणी मेला सह मीना बाजार में झूलों पर खुली लापरवाही बरती जा रही है। मेला संचालकों ने सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर लोगों की जान जोखिम में डाल दी है। झूले पर न तो सुरक्षा बेल्ट लगाए गए हैं, न ही मशीनों का तकनीकी निरीक्षण कराया गया है। बच्चों और महिलाओं को बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के झूले पर चढ़ाया जा रहा है और संचालक केवल पैसे कमाने में व्यस्त हैं। भीड़भाड़ वाले मेले में झूले के आसपास बैरिकेटिंग तक नहीं की गई है। लोग सीधे झूले के बिल्कुल करीब पहुंच जाते हैं, जिससे टकराने और गिरने का खतरा लगातार बना रहता है। बताया जा रहा है कि झूले की मशीन भी पुरानी और जर्जर हालत में है, फिर भी इसे बिना किसी फिटनेस जांच के चलाया जा रहा है। नियमों के मुताबिक ऐसे मेलों में मनोरंजन साधनों के संचालन से पहले नगर प्रशासन, अग्निशमन विभाग और विद्युत निरीक्षण विभाग से अनुमति व सुरक्षा जांच अनिवार्य होती है। साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के सुरक्षा मानकों और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) के दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी है।

लेकिन यहां इन नियमों का पालन तक नहीं किया गया है। न अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था है, न ही बिजली की अस्थायी लाइन को सुरक्षित ढंग से बिछाया गया है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि झूले में चढ़ने वालों के लिए कोई सामूहिक बीमा (पब्लिक लाइबिलिटी बीमा) नहीं कराया गया है। जबकि नियमों के अनुसार ऐसे मेलों और मनोरंजन साधनों में बीमा अनिवार्य होता है, ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को त्वरित मुआवजा मिल सके। यानी हादसा होने पर यहां लोगों की जान तो खतरे में है ही, मुआवजे की गारंटी भी नहीं है।

# श्री धोली सती दादी जी के मंगल पाठ का किया गया आयोजन

● भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण भी हुआ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** चली आई रे भादी मावस, दादी जी के नाम की छावस।
लूट रहा लुट रहा लूट रहा रे, दादी जी का खजाना लुट रहा रे।
भादी मावस के अवसर पर रातू रोड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट में श्री धोली सती दादी महिला समिति ने एक अत्यंत श्रद्धामय एवं भव्य धार्मिक आयोजन किया। मौके पर श्री धोली सती दादी जी की दिव्य उपस्थिति का भाव भरते हुए भक्तों ने मंगल पाठ, अलौकिक श्रृंगार, भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण के माध्यम से दादी जी की महिमा का गुणगान किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ संदीप सर्राफ सपत्नीक सविता सर्राफ ने दादी जी के समक्ष विधिवत ज्योत प्रज्वलित कर एवं पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना व भोग लगाकर किया। इसके बाद दादी जी का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें सुगंधित फूलों, चांदी के आभूषणों तथा पारंपरिक वस्त्रों से उनका अलौकिक रूप सजाया गया। तत्पश्चात मंगल पाठ व भजन गायिका शशि सर्राफ एवं सविता सर्राफ ने अपने सुमधुर दादी जी का मंगल पाठ एवं मनमोहक भजनों से दादी भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। इन भजनों में दादी जी की कृपा, भक्ति और उनके चमत्कारिक स्वरूप का गान किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित दादी भक्त भाव विभोर हो उठे।

# गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सीय शिविर 22 को



● मैक्स अस्पताल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राठी सेवा देंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में 22 अगस्त को सुबह 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिवि र का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/ जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाएं।

**धर्म** | बेंगलुरु से मंगाए गए फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से सजाया गया बाबा को

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में बाबा श्याम के श्यामल रूप के हुए दर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को भादो की कृष्ण पक्ष की जया एकादशी के अवसर पर मंदिर में भक्तों ने बाबा श्याम के श्यामल रूप के दर्शन किए। प्रातः 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों के अलावा ग्यारस में आने वाले श्याम भक्तों की भी काफी संख्या में उपस्थित थी। आरती के बाद मंड के पर्दे लगाकर बाबा श्याम का अनुपम श्यामल श्रृंगार किया गया। अध्यक्ष गोपाल मुरारका के सानिध्य में श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा को बेंगलुरु से मंगाए गए फूल और फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से सजाया। ग्यारस का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है और हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दिन प्रतिदिन भक्तों की आस्था और मान्यता बढ़ती जा रही है। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भक्त अपनी अर्जी लेकर अपने आराध्य देव से अपनी अरदास लगाते हैं। श्रृंगार आरती के बाद भक्तों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिलीं। दिन में 12:15 बजे के विश्राम आरती के बाद पट लगा दिए गए। एकादशी संकीर्तन का मुख्य



कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ । राजेश सिंह, वर्षा सिंह, स्मृति शनाया ने अपने परिवार के साथ बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। अखंड ज्योति में केसरिया पेड़ा, पंचमेवा, फल, गिरीगोला, रबड़ी एवं मगही पान का भोग लगाकर परिवार ने अपनी खुशहाली प्रार्थना की। संकीर्तन कार्यक्रम गणेश वंदना से प्रारंभ हुआ। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने गणेश वंदना, श्याम सुंदर शर्मा ने गुरु वंदना, राजेश चौधरी ने हनुमान जी की वंदना, अनुज मोदी ने रानी सती दादी जी की वंदना एवं बाबा श्याम की वंदना सलज अग्रवाल ने की। ग्यारस संकीर्तन का संचालन मंडल के कोषाध्यक्ष मनोज खेतान कर रहे थे।

मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी एवं उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया ने ग्यारस पूजन की सभी तैयारियां पूरी करवाई। जजमान परिवार एवं आए हुए श्याम भक्तों को ज्योत दिलाने का कार्य भी करवाया। अखंड ज्योत प्रज्वलित होने के बाद आए हुए भक्तों के बीच प्रसाद वितरण निरंतर रात्रि आरती के बाद तक किया गया।

### 167वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

श्री श्याम मंदिर में मंगलवार के अवसर पर 167वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजेश ढांढनीया ने सदस्य अरुण खूंटेटा को हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित करवाई। अखंड ज्योति में फल केसरिया पेड़ा गिरीगोला चना गुड़ अर्पित किया गया। इसके बाद जजमान अरुण खूंटेटा ने श्री रामचरितमानस पुस्तक का एवं पाठ वाचक का चंदन वंदन किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ सुंदरकांड हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन भक्तों से करवाया।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश से फसल बर्बाद, आर्थिक संकट में किसान



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के पिठौरिया में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। जिससे किसानों की सब्जी की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है।भीखन साहू और मुकेश साहू की एक एकड़ में लगी फसल नष्ट हो गई है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा।भीखन साहू ने बताया कि उनकी फसल में खीरा, बोदी, पालक साग और बीन जैसी सब्जियां थीं जो अब पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जो भी पूंजी थी, वह पूरी तरह से अपने खेतों में लगा दिए थे और अब उनके पास आगे की खेती करने के लिए पैसे नहीं हैं। किसानों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें इस नुकसान के लिए मुआवजा दिया जाए और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। किसान भीखन साहू ने कहा कि सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए ताकि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। अब देखना यह है कि सरकार इस मामले में क्या कदम उठाती है, और किसानों को कितनी राहत प्रदान करती है। किसानों को उम्मीद है कि सरकार उनकी मदद करेगी और उन्हें आर्थिक संकट से निकालने में सहायता करेगी।

### सुदेश से मिला प्रतिनिधिमंडल, भेंट की पुस्तक



**पिठोरिया।** आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो से मुकुंद चंद्र मेहता की अगवाई में एक प्रतिनिधि मंडल भेंट किया। इस मुलाकात में झारखंड के 32 जनजातियों की भाषा- संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपरा पर जमीनी स्तर पर शोध कर उसे पुस्तक का रूप में प्रकाशित करने की बात हुई। सुदेश महतो ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए यहां की सभ्यता-संस्कृति और धरोहरों को संरक्षित-संवर्धित करना बहुत जरूरी है। इस कार्य की अगुवाई पुरातत्व विद डॉ हरेंद्र सिन्हा करेंगे। इस अवसर पर सुजीत कुमार केशरी ने अपनी लिखी दो पुस्तकें कहानी पिठोरिया की व ऐतिहासिक गांव सुतियांबेगढ़ और संपादित दो पुस्तकें सह यात्रियों की नजर में डॉ बीपी केशरी व केशरी काव्यांजलि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को भेंट की। वहीं पिठोरिया क्षेत्र में मैट्रिक, इंटर और ऊंची शिक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों का स्वागत करने का निर्णय लिया गया। प्रतिनिधि मंडल में सुजीत कुमार केशरी, नयन केशरी संजीत कुमार, बबलू मिश्रा, सचित राणा, कैलाश नायक, पंचू नायक, कृष्णा नायक और शिवम सिंह उपस्थित थे।

### बीमारी से महिला की मौत, मजदूर नेता ने परिजनों को दी मदद



**खलारी।** खलारी प्रखंड के चूरी मध्य पंचायत अंतर्गत लम्बा धौड़ा बस्ती निवासी बिपती देवी की मृत्यु कुछ दिन पूर्व बीमारी के कारण हो गई। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी मृतका के घर पहुंचे और शोक संतप्त स्वजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने परिवार को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से भी मदद की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सहयोग करना हर इंसान का फर्ज है। गरीब और जरूरतमंद की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे जरूरतमंद परिवार की मदद करते रहेंगे। बस्ती के ग्रामीणों ने मजदूर नेता के इस कदम की सराहना की।

### डीएओ ने खाद और बीज दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**चान्हो।** मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी रमाशंकर सिंह ने प्रखण्ड के विभिन्न खाद और बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसमें न्यू किसान बीज भंडार चान्हो , तंजील खाद भंडार चान्हो, किसान बीज भंडार लुंडरी शामिल है। इन प्रतिष्ठानों में खाद और बीच का नमूना भी लिया गया तथा टीम द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता तथा अभी तक की बिक्री का भी बुरा लिया गया। बताते चले की यूरिया का सरकारी रेट 266.5 रुपया प्रति बोरा है जिसमें 45 किलो का वजन होता है। वहीं डी ए पी का दर प्रति बोरा 1350रु होता है जिसमें पचास किलो वजन होता है। इसमें मुख्य रूप से जिला अनुभाजन और मूल्यांकन पदाधिकारी अनिमेष दास, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी शामिल थे।

### पुलिस की तत्परता से अपहरणकर्ताओं की चंगुल से मुक्त हुआ युवक



**चान्हो।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और सतर्कता का परिचय देते हुए अपहरणकर्ताओं के चंगुल से पंडरी गांव निवासी 19 वर्षीय शफी अहमद को छुड़ा लिया गया। सोमवार की शाम एक ऑटो चालक शफी अहमद के ऑटो और कार में ठोकर लग जाने के विवाद के बाद एक्सयूवी के डिकी में बंद करके अपहरणकतार्ओं के द्वारा युवक को अपहरण कर लिया गया था। जिसकी जानकारी परिजनों को द्वारा चान्हो पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पुलिस बिना देर किए छापेमारी अभियान शुरू की और मध्य रात्रि युवक को लातेहार के सतबरवा से बरामद कर लिया है।अपहरणकतार्ओं के द्वारा युवक के परिजनों से डेढ़ लाख रुपए की मांग भी की गई थी। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि अपहरणकतार्ओं के चुंगल से युवक को छुड़ा लिया गया। अपहरणकर्ता फरार हैं उनकी छापेमारी के लिए पुलिस लगातार जुटे हुए हैं। जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।

### कांग्रेस के वोट अधिकार यात्रा का बरही चौक पर भव्य स्वागत

# मंत्री, विधायक, सांसद सहित कई कांग्रेसी हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अगुवाई में बिहार के नवादा जिला जा रहा कांग्रेस के वोट अधिकार यात्रा का बरही चौक पर भव्य स्वागत किया. यात्रा में ग्रामीण एवं पंचायती राज विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, कांके विधायक सुरेश बैठा, सिमडेगा विधायक विक्सल कोंगड़ी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, सिमडेगा विधायक भूषण बारा, जगरनाथ विधायक सोना राम सिंकु, कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेश कच्छप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप बालमुचु, पूर्व मंत्री जेपी पटेल, पूर्व सांसद धीरज साहू सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल थे. प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बिहार विस का चुनाव होना है. इस चुनाव में वोट की चोरी नहीं हो, जनता अपने मत को लेकर जागरूक हो और अपने अधिकार को जाने. इसे बताने के उद्देश्य से पार्टी ने वोटर अधिकार यात्रा आयोजित किया है. यह यात्रा बिहार के मतदाताओं को उनके मत के महत्व को समझाने और मताधिकार के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे. इस दौरान पार्टी के उद्देश्यों व विकास के पैमाने पर कांग्रेस के एजेंडों को आम जनता को बताने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अगुवाई में आयोजित व कांग्रेस पार्टी के बरही विस प्रत्याशी रहे अरुण साहू के नेतृत्व में आयोजित की गई थी. इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रज़ा, कोनरा पंसस मो यूसुफ, पूनम यादव, बबलू साहू, तौकीर रजा आदि सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के कई पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद थे.

## दिव्यांगता जांच शिविर सह सहायक उपकरण का वितरण



बरही। समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र बरही में दिव्यांगता जांच शिविर सह उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि बीईइओ प्रभाकर कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से दिव्यांग बच्चे पधारे थे. इनमे 44 बच्चों का दिव्यांगता के लिए मूल्यांकन किया गया. जिन्हे आगामी शिविर में उपकरण उपलब्ध करवाए जायेंगे. वहीं बीते शिविर में मूल्यांकित किए गए 25 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, हियरिंग डिवाइस, व्हील चेयर, सीपी चेयर आदि उपकरण निःशुल्क दिए गए. कार्यक्रम में बीपीएम अरुण कुमार अशोक कुमार, संदीप कुमार आदि सहित कई शामिल थे।

## मवि में 175 छात्रों के बीच साइकिलों का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** मध्य विद्यालय बरकट्ठा में शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ी जाति के सत्र 2025-26 में नामांकित वर्ग 8 के कुल 175 छात्र/छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया । वितरण कार्यक्रम के दौरान बरकट्ठा उत्तरी पंचायत मुखिया प्रमिला देवी,वार्ड सदस्या सानिया खातुन, प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो, अभिभावक अनवर अंसारी, शिक्षिका चायना चक्रवर्ती, मनीषा देवी ,उमा कुमारी, शिक्षक मनोज कुमार, हरिहर दास, मनमोहन दास, विजय कुमार , त्रिलोकी साव, इन्द्र साव, इन्द्रदेव साव, राघवेन्द्र लाल, मोहम्मद रुस्तम अहमद, प्रकाश तुरी,इन्दु देवी एवं धानेश्वर साव उपस्थित रहे। वितरण के पश्चात छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रमिला देवी ने कहा कि सरकार द्वारा यह बेहतरीन योजना चलाई गई है। इसका लाभ आप सभी छात्र-छात्राओं को उठाना चाहिए। कहां की दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह योजना मिल का पत्थर साबित हो रही है । वही प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों को समय पर एवं प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

### पुलिस छापेमारी में एक वाहन से 775 बोतल अवैध शराब जब्त

# दो आरोपी किए गए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** विगत को रामगढ़ एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग के अशोक लिलेंड के पिकअप वैन में अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर बिहार ले जाया जा रहा है। मिली सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रभारी थाना प्रभारी रामगढ़ को आवश्यक निर्देश दिया गया। प्रभारी थाना प्रभारी द्वारा छत्तरमाण्डू स्थित एम आर संस मोटर्स यार्ड पहुंचकर यार्ड में खड़े एक अशोक लिलेंड कंपनी के सफेद रंग के पिकअप भैन रजि नं० जेएच03एएस -0790 इंजन नं० एफपीएच205568पी के डाला को स्वतंत्र साक्षी के समक्ष जांच किया गया तो डाला पर कुछ प्लास्टिक का खाली ट्रे रखा हुआ पाया । जिसे नीचे उतार कर डाला के नीचे फर्स पर लगा लोहे का चदरा का प्लेट को खोल कर देख तो नीचे बॉक्स बना हुआ था। जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं केन बियर छुपाकर रखा हुआ पाया गया। अंग्रेजी शराब एवं कार्टून में रखा केन बियर का जांच किया तो 1. रोयल स्टेज (500 एमएल ) का 175 पीस एवं 2.हाइवार्ड 5000(500 एमएल ) का केन बियर कुल 600 पीस पाया गया। पकड़े वाहन चालक सह मालिक मो० खलील अहमद, उम्र-करीब 55 वर्ष एवं 2. खलासी नजीर हुसैन, उम्र 36 वर्ष, दोनों पिता-स्व० मो० यासीन, सा०-न्यू मोहल्ला, नियर ईदगाह, पीजी रोड, थाना जिला-जहानाबाद (बिहार) से बरामद शराब एवं केन बियर के संबंध में वैध कागजात की मांग की गई तो किसी प्रकार का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया तथा बताया गया कि हम दोनों भाई बिहार में नकली शराब का अवैध कारोबार करते हैं। अवैध तरीके से बेचने के आरोप में वाहन चालक सह मालिक मो० खलील अहमद, उम्र करीब 55 वर्ष खलासी नजीर हुसैन, उम्र 36 वर्ष, दोनों पिता-स्व० मो० यासीन, सा०-न्यू मोहल्ला नियर ईदगाह पीजी रोड थाना जिला-जहानाबाद (बिहार) सुरेश, पता-मुरी, जिला-रांची एवं अन्य अज्ञात शराब तस्करों के विरूद्ध रामगढ थाना कांड सं0-224/25, दिनांक-18. 08.2025, धारा-274/275/292/61 (2) बीएनएस, 191 मोटर व्हिकल्स एक्ट एवं 47ए/52 (डी)/55 झारखण्ड उत्पाद शुल्क अधि० 1915 दर्ज किया गया है।

**गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पता**

वाहन चालक सह मालिक मो0 खलील अहमद, उम्र करीब 55 वर्ष, पिता स्व0 मो0 यासीन, सा0-न्यु मोहल्ला, नियर ईदगाह, पी0जी0 रोड, थाना$जिला-जहानाबाद (बिहार)। खलासी नजीर हुसैन, उम्र 36 वर्ष, पिता-स्व0 मो0 यासीन, सा0-न्यु मोहल्ला, नियर ईदगाह, पी0जी0 रोड, थाना$जिला-जहानाबाद (बिहार)।

**बरामद सामानों की सूची:** एक लिलेंड कंपनी का सफेद रंग का पिकअप भैन रजि नं0 रजि नं0 जेएच03एएस -0790 इंजन नं0 एफपीएच205568पी, रोयल स्टेज (500 एमएल ) का 175 पीस, हाइवार्ड 5000(500 एमएल ) का केन बियर कुल 600 पीस, विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाईल -01, जीयो भारत कंपनी का काला रंग का कीपैड मोबाईल-01

## रेलीगढ़ा लोकल सेल मजदूरों ने बकाया मजदूरी को लेकर की जनसभा

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा लोकल सेल के मजदूरों ने सोमवार को कांटा घर के पास जनसभा की। सभा की अध्यक्षता शइद अंसारी ने की। जबकि सभा को राजेंद्र गोप, आरडी, अमृत राणा, मनीष यादव, कैलश महतो आदि ने संबोधित किया। नेताओं ने कहा रेलीगढ़ा कांटा घर के पास बकाया मजदूरी की भुगतान को लेकर 19 दिन से मजदूरों का आंदोलन जारी है। इसके बाद भी मजदूरों की बकाया भुगतान नहीं की गई है। अगर भुगतान नहीं होगा तो हमलोगों के लिए काफी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। मदूरों के साम्ने भूखमरी की हालत हो गयी है। वक्ताओं ने कहा बकाया मजदूरी को भुगतान नहीं करने वाले लिफ्टर का ट्रक रोक दिया जाएगा। सभा में बहादूर बेदिया, भुवनेश्वर बेदिया, सूचित महतो, सुरेश बेदिया, कैलाश महतो, पन्नालाल महतो, जगदीश महतो, धनराज महतो, प्रभु गोप, धनंजय सिंह, रामकिशन मांझी, दिनेश बेदिया, फागू बेदिया, हकीम अंसारी, जैनुल अंसारी, युनूश अंसारी, कृपा देवी, कजरी देवी, शांति देवी, उषा देवी, रीना देवी, इतवरिया देवी, चांदनी देवी, बड़की देवी, चरकी देवी उपस्थित थे।

## युवा दिवस पर 'इको आर्ट' पोस्टर और फोटो क्लिक प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मंगलवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्यूपुल एंड प्लांट विषय पर आधारित 'इको आर्ट' पोस्टर निर्माण तथा फोटो क्लिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस रचनात्मक कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में प्रकृति, पौधों और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। इको आर्ट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर कलात्मक अभिव्यक्ति दी, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में पौधों और मानव जीवन के बीच संबंधों को सुंदर ढंग से दर्शाया गया। फोटो क्लिक प्रतियोगिता में छात्रों ने पौधों से जुड़े विभिन्न दृष्टिकोणों को अपने कैमरे में कैद किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और हार्दिक बधाई दीं। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के उत्साह, जागरूकता,और रचनात्मकता का सशक्त उदाहरण रहा। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ प्रतिभा गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करती हैं।

भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धीरज कुमार कुशवाहा ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की पौधे न केवल हमारे पर्यावरण की शान है बल्कि हमारे अस्तित्व की आधार भी है।

## गैड़ा में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया सड़क



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गैड़ा अंतर्गत वार्ड संख्या-07 स्थित पशुपति नाथ पाण्डेय के घर से चूरामन पाण्डेय के घर तक लगभग 200 मीटर सड़क पर पीसीसी पथ नहीं होने के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।वहीं थोड़ी वर्षा होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती थी, जिससे आवागमन कठिन हो जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन किसी ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया।वहीं सैकड़ों विद्यार्थी रोजाना साइकिल और पैदल इस रास्ते से गुजरते हैं। कई बार छात्र-छात्राएं कीचड़ में फिसलकर गिर भी जाते हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण को लेकर कई बार मांग की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। निराश होकर ग्रामीणों ने सरकारी मदद की उम्मीद छोड़ दी और स्वयं श्रमदान कर सड़क को चलने लायक बनाया। इस कार्य में बालेश्वर राम, गौरी शंकर राय, सुभाष ठाकुर, चूरामन पाण्डेय, प्रमोद राम, संजय यादव समेत कई नवयुवकों ने सड़क की मरम्मत की।

### गिद्दी सी में हाईवा से कोयला ढुलाई कार्य बंदी जारी

**गिद्दी।** गिद्दी सी परियोजना में रोड सेल संचालन समिति के मजदूरों ने सोमवार को पावर प्लांट का हाईवा से कोयला ढुलाई कार्य 10वें दिन भी बंद कराए रखा है। संचालन समिति के मजदूरों ने कहा जब तक उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं कर दिया जाता है। वे पावर प्लांट का हाईवा से कोयला ढुलाई कार्य अनिश्चित कालीन बंद कराए रखेंगे। बंद कराने में श्रीनाथ महतो, विजय हांसदा, राजेश महतो, जगरनाथ महतो, सुरेश हांसदा, संदीप हांसदा, शंभु हांसदा, जयलाल महतो, तहसिन कमर, बिहारी महतो, प्रदुम्न ठाकुर, चोला राम, कुमेश्वर महतो, हृदय कुमार आदि शामिल हैं।

### जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

**रामगढ़।** धनबाद के जमीन कारोबारी की हत्या के मामले को लेकर रामगढ़ उपकारा में बंद कैदी जय मंगल हाजरा की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। जेल में बंद कैदी की रविवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। इस कारण रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। इस दौरान रास्ते में ही जय मंगल हाजरा की मौत हो गई।

**बरही का गौरव** | सूर्य मंदिर परिसर में बन रहे हैं राधा कृष्ण, बजरंगबली व शनिदेव के मंदिर

# अगले वर्ष महायज्ञ की हो रही है तैयारियां

- **शिवालय, सूर्यमंदिर, चित्रगुप्त जी महाराज व मां दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु करते हैं पूजा**



**बरही ।** न्यु कॉलोनी व बाराटांड के छोर पर अवस्थित बरही उत्तरवाहिनी नदी के तट पर करीब 5000 वर्गफिट से भी अधिक क्षेत्र में सूर्यमंदिर परिसर शीघ्र हीं झारखंड के प्रसिद्ध पूजा स्थलों में से एक बनने वाला है. जहां श्रद्धालुओं को एक हीं स्थल पर भगवान भास्कर, भोलेनाथ, मां दुर्गा, चित्रगुप्त जी महाराज, संकटमोचन बजरंगवली, राधा कृष्ण और शनिदेव जी महाराज के पूजा करने के अवसर मिलेंगे. मंदिर के पुजारी पप्पू पांडेय ने बताया कि वर्तमान में लगभग 1100 वर्गफिट में सूर्य मंदिर, शिवालय, चित्रगुप्त व मां दुर्गा के मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा करते हैं. यज्ञ व पूजन के लिए विशाल यज्ञशाला भी निर्मित है. जहां प्रत्येक वर्ष दर्जनों शादियां होते हैं. तीन नए मंदिर का निर्माण कार्य जारी है. सूर्य मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष श्याम कुमार सिन्हा ने बताया कि सूर्य मंदिर जिर्णोद्धार की शुरुआत सन 2018 में स्व मंटू सिंह व उनके सहयोगी चंदन सिंह ने किया था. भव्य मंदिर निर्माण व पर्यटक स्थल बनाना उनका सपना था. मई 2019 में एक सड़क दुर्घटना में दोनों के आकस्मिक निधन के बाद कमिटी ने उनके सपनों को पूरा करने का निर्णय लिया. इसी उद्देश्य से कमिटी के कोषाध्यक्ष श्री सिन्हा सहित अध्यक्ष गणेश सिंह, सचिव पप्पू सिंह व राहुल कुमार आदि सतत प्रयासरत हैं.

**विधायक व मुखिया कोष से मिले हैं सहयोग:** युवा समाजसेवी स्व अजय दुबे के प्रयास से तत्कालीन व वर्तमान विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने कोष से दो लाख तथा तत्कालीन स्थानीय मुखिया व कमिटी के उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर ने अपने विकास मद से मंदिर निर्माण कमिटी को करीब साढ़े तीन लाख रुपए का सहयोग किया था. जिससे मंदिर जीर्णोद्धार के साथ विशाल यज्ञ मंडप का निर्माण करवाया गया. इनके अलावा कई दानवीरों ने भी मंदिर निर्माण कार्य में आर्थिक रूप से सहयोग किए हैं.

**सपनों को साकार करने का प्रयास**

: कमिटी ने स्व सिंह के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से लगभग 10 लाख की लागत से 2023 में शनिदेवजी महाराज, राधाकृष्ण व वीर बजरंग वली के तीन नए मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया है. जिसके निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है. कोषाध्यक्ष ने बताया कि जिर्णोद्धार कार्य में बरही के प्रसिद्ध व्यवसाई दिवंगत अरुण साहा व स्व प्रसादी प्रसाद ने भरपूर सहयोग मिला था. वर्तमान में बर्तन दुकानदार अनिल स्वर्णकार व स्व साहा के पुत्र विपुल कुमार सहित कुछ स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं. मंदिर निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है.

## पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर क्लब ने किया पौधरोण

**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब की ओर से सोमवार को पेड़ लगाओ प्रदूषण भगाओ नारे के साथ औद्योगिक क्षेत्र मरार में पौधरापेण किया गया। क्लब के सदस्यों ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से छोटी सी पहल की। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण के रक्षक ही नहीं बल्कि आने वाली पीढियां के भी जीवन दाता है। पेड़ पौधे लगाने से वायु और ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है, ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, तापमान नियंत्रित रहता है और यह मिट्टी के कटाव को भी रोकते है। कार्यक्रम के दौरान छायादार, फलदार और औषधीय पौधों का रोपण हुआ। जिससे वातावरण में शुद्ध ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी। धूल और प्रदूषण में कमी आएगी। आसपास का पर्यावरण संतुलित रहेगा। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह न केवल वायु प्रदूषण को कम करते है।

## न्यूज बॉक्स

### जयराम महतो का खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह 24 अगस्त को



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो का बहुप्रतीक्षित खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम आगामी 24 अगस्त 2025 को अंबेडकर पार्क न्यू मार्केट पीटीपीएस पतरातू में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया ने मंगलवार को दी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 19 अगस्त को पतरातू प्रखंड के चौनगड़ा गांव (वार्ड 17/18) में राजेंद्र बेदिया की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में दर्जनों लोगों ने भाग लिया और सभी ने अपने सुझाव व विचार साझा किए। मौके पर राजेंद्र बेदिया ने कहा कि जयराम महतो अब एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा बन चुके हैं, जिनकी सोच से प्रेरित होकर सभी समुदायों के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। झारखंड के विकास और झारखंडियों की पहचान को लेकर जो स्पष्टता श्री महतो की नीतियों में है, वह आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति और उद्योग नीति नहीं बनेगी, तब तक यहां के मूलवासी हक से वंचित रहेंगे। इस पार्टी को गरीब, वंचित, पिछड़े, शोषित लोगों की उम्मीद के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। जयराम महतो की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य सभी समुदायों के लोग कर रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी, हायअल अंसारी, चंद्रदेव तुरी, सद्दाम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### बीएसएनएल की समस्या को लेकर विधायक ने जीएम से की मुलाकात



**बरही ।** बरसोत पंचायत के चलंगा गांव में बीएसएनएल मोबाइल का टावर होने के बाबजूद नेटवर्क कार्य नही करता है. जिससे ग्रामीणों को बीएसएनएल की मोबाईल सेवा नहीं मिल पा रही है. लोगों को ऊंचे दर पर निजी कंपनियों के सीम कार्ड उपयोग करने पड़ रहे हैं. इससे ग्रामीण के साथ विभाग को राजस्व की क्षति हो रही है. साथ हीं विद्यार्थियों या आम लोगों को बीएसएनएल की सस्ती सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है. मामले को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव विभाग के जीएम से मुलाकात कर उचित कारवाई की मांग की मांग किया है. जीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र आश्वासन दिया. इस दौरान युवा भाजपा नेता मुन्ना यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रदीप यादव, विनय यादव, पिंटू यादव, रंजीत यादव, बिरेंद्र यादव, सुजीत यादव, नितेश यादव, सतीश यादव आदि मौजूद थे.

### एमडीए- आईडीए कार्यक्रम के निरीक्षण को लेकर केंद्र व राज्य की टीम पहुंची मनैया



**बरकट्ठा।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले एमडीए- आईडीए( फाइलेरिया उन्मूलन) कार्यक्रम के निरीक्षण हेतु केंद्र एवं राज्य की टीम मंगलवार को प्रखंड चलकुशा के मनैया क्षेत्र का घर-घर दौरा किया। निरीक्षण टीम ने डी० ए० द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच की साथ ही एमएफ पॉजिटिव मरीज से मुलाकात कर उसकी वस्तु स्थिति का जायजा लिया। मौके पर असिस्टेंट डायरेक्टर छत्तीसगढ़ चिकित्सक किरण स्वपनिल आखड़े, स्टेट आईईसी कंसल्टेंट नीलम कुमार, भीबीडी पदाधिकारी डॉ. कपिलमुनि प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज, जिला भीबीडी कंसल्टेंट मेमूर सुल्तान, बीपीएम रणजीत कुमार सिंह, एचएम पंकज कुमार शर्मा, बीडीएम सत्यनारायण कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, विरामल फाउंडेशन साहिल गुप्ता, डब्लूएचओ निलेश सिंह पीरामल फाउंडेशन प्रमोद कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

### जिले में दिनभर होती रही बारिश लोगों को हुई परेशानी



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में मंगलवार को सुबह से बारिश का दौर शुरू हुआ जो देरशाम तक जारी रहा. बारिश के कारण लोगों को अपने दैनिक कार्यों में परेशानी हुई. लगातार बारिश के कारण अधिकतर लोग घरों में रहे. जिस कारण सड़को पर लोगों की उपस्थिति कम नजर आई. वहीं, विशेषज्ञ इस बारिश को धान की फसल के लिए काफी अनुकूल बता रहे हैं. विशेषज्ञ बता रहे हैं बारिश से धान की फसल अच्छी होगी.

### सड़क लूट में छह नाबालिग पकड़ाए

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने सड़क लूट की घटना में शामिल छह नाबालिगों को पकड़ा है. सभी पर प्राथमिकी दर्ज कर मेडिकल जांच के बाद सोमवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया. पकड़े गये पांच आरोपी टाटीझरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के रहनेवाले हैं, जबकि एक बगोदर थाना क्षेत्र का है. इनके पास से 1100 रुपये नकद, रुपये ट्रांसफर करने में इस्तेमाल दो मोबाइल, अन्य दो मोबाइल और घटना में प्रयोग किया गया चाकू बरामद किया गया है. विगत 16 अगस्त की रात हुटपा गांव निवासी मो जिशान और उनका भतीजा मो सरफराज स्कूटी से घर लौट रहे थे. सिलवार पहाड़ के पास छह नाबालिगों ने उनकी स्कूटी रुकवायी व चाकू की नोक पर जंगल में ले गये. वहां दोनों से 4600 रुपये छीन लिये और जिशान के मोबाइल से अपने खाते में रुपये ट्रांसफर कराया. घटना के बाद पीड़ितों ने थाना प्रभारी कुणाल किशोर को सूचना दी. उसी रात पुलिस ने छापामारी शुरू कर दी. 17 अगस्त को जिशान ने मामले की प्राथमिकी दर्ज करायी. मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि जिस मोबाइल में रुपये ट्रांसफर किये गये थे।

## ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसपी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने को लेकर सिमडेगा पुलिस और जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में बुधवार को एसपी कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी क्षेत्र समेत भीड़-भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।एसपी ने कहा कि जिले में अब अव्यवस्थित वाहन पार्किंग, बिना हेलमेट दोपहिया चलाना, ओवर स्पीडिंग और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर ऑन स्पॉट जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि एनएच के दोनों ओर प्रशासन द्वारा मार्किंग की जाएगी। दुकानदारों, खरीदारों और आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने वाहनों को मार्किंग एरिया के बाहर सुव्यवस्थित तरीके से पार्क करें ताकि किसी को असुविधा न हो।एसपी अर्शी ने निर्देश दिया कि सभी ऑटो को केवल ऑटो स्टैंड पर ही खड़ा किया जाए। बस स्टैंड, महावीर चौक या अन्य स्थानों पर ऑटो खड़ा करने या यात्रियों को चढ़ाने-उतारने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। सीओ, थाना प्रभारी और नगर परिषद को बस एवं ऑटो स्टॉपेज पॉइंट चिन्हित करने का जिम्मा सौंपा गया है।बस चालकों को भी बस स्टैंड से निकलने के बाद बीच सड़क पर रुकने या धीमी गति से चलने की मनाही की गई है। यात्रियों को केवल चिन्हित स्टॉपेज पर ही चढ़ाने-उतारने का निर्देश दिया गया है। वहीं, बैंक प्रबंधकों को भी अपने संस्थान के सामने वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने तथा इस कार्य के लिए गार्ड की प्रतिनियुक्ति करने का आदेश दिया गया है।एसपी ने कहा कि सड़क जाम और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिलेवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों को सुगम और सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

## उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

# मनरेगा, आवास योजना और सोशल ऑडिट पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, सोशल ऑडिट, रॉयल्टी जमा, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन और लंबित योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए सभी अधिकारी लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन पर जोर देते हुए सभी प्रखंडों को शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। साथ ही मजदूरों के पास फील्ड में कार्य करते समय जॉब कार्ड उपलब्ध रहना अनिवार्य करने को कहा।उन्होंने एसटी-एससी महिला मजदूरों की भागीदारी बढ़ाने, लेबर इंगेजमेंट के तहत प्रतिदिन मास्टर रोल निर्गत करने और आवास योजनाओं में समय पर जियो टैग कराने पर बल दिया।उपायुक्त ने अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि कई स्वीकृत योजनाओं में 150 दिनों से अधिक समय से जियो टैग लंबित है। इस पर उन्होंने सभी लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। सोशल ऑडिट की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि बोलबा प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में किसी भी योजना का सोशल ऑडिट नहीं हुआ है। इस पर उपायुक्त ने तत्काल प्राथमिकता के आधार पर सोशल ऑडिट कराने का आदेश दिया। साथ ही सभी प्रखंडों को समय पर रॉयल्टी टैक्स जमा करने और लंबित बिलों की एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। रिजेक्ट ट्रांजैक्शन से जुड़े मामलों का शीघ्र निष्पादन करने पर बल दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, सहायक अभियंता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## डीसी की पहल से मिला स्व. शंकर साहू का मृत्यु प्रमाण पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** लचरागढ़, जिला सिमडेगा निवासी पूर्व सैनिक एवं स्वयंसेवी विष्णु साहू के प्रयास और जिला उपायुक्त कंचन सिंह के विशेष सहयोग से एक लंबे समय से लंबित मामला आखिरकार सुलझ गया। वर्ष 2007 में पीएलएफआई उग्रवादियों द्वारा अपहरण कर हत्या किए गए लचरागढ़ निवासी स्व. शंकर साहू का मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार को उपलब्ध कराया गया।मृत्यु प्रमाण पत्र के अभाव में स्व. शंकर साहू का परिवार वर्षों से अनेक कानूनी कार्यों और शासकीय सुविधाओं से वंचित रहा। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब परिवार को न केवल राहत मिली है बल्कि उनके लिए कई अधिकारिक व विधिक रास्ते भी खुल गए हैं। इससे पीड़ित परिवार में वर्षों बाद खुशियां लौट आईं।इसके अलावा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, लचरागढ़ के बैंक खाते से हुई लगभग 62 लाख रुपये की अवैध निकासी की वसूली में भी उपायुक्त कंचन सिंह की सक्रियता और कठोर पहल को स्थानीय लोग अविस्मरणीय मान रहे हैं।महिला संकुल की सभी महिलाओं और स्व. शंकर साहू के परिजनों ने उपायुक्त कंचन सिंह को पुष्पगुच्छ देकर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि डीसी के सहयोग और संवेदनशील पहल से जहां पीड़ित परिवार को न्याय मिला है, वहीं प्रशासन की संवेदनशील छवि भी और मजबूत हुई है।

## जिला विधिक सेवा जागृति स्कीम के प्रचार प्रसार से जागरूकता रथ रवाना

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 'जागृति स्कीम के प्रचार प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा गांवों के लिए जागरूकता रथ रवाना किया गया है। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी हक और अधिकार के बारे जागरूक किया जा रहा है। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि जागृति इकाई का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार-प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। प्रचार-प्रसार का माध्यम नुक्कड़ नाटक, मोबाईल लीगल एड वेन पोस्टर बैनर्स,लाउडस्पीकर एवं अन्य डिजिटल बोर्ड के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। यह रथ गांव गांव जाकर महिलाओं को कानूनी जानकारी देने के लिए न्यायिक जागरूकता का प्रसार करना है। यह योजना महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी सरल भाषा में देने और न्याय तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत आमजन को उनके विधिक अधिकारों,न्याय प्राप्ति के उपायों तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में प्रदान की जा रही है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उनका प्रभावी रूप से लाभ उठा सकें।

## पुलिस ने 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार महिला आरक्षी अरुणा खाखा को मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के अभिनव पहल पर जिले में 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार की शुरुआत की गई है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता और सकारात्मक (नैतिक) सोच वाले पुलिसकर्मियों को पहचान दिलाना तथा उनके मनोबल को बढ़ाना है।इस योजना के तहत प्रत्येक सप्ताह आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग तक के पुलिसकर्मी/पदाधिकारी का चयन किया जाएगा। चयनित कर्मियों को उनके बेहतर ड्यूटी निर्वहन और बेस्ट टर्न आउट के लिए सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनकी तस्वीर संबंधित थाना, ओपी या प्रतिष्ठान के सूचना पट पर पूरे सप्ताह के लिए प्रदर्शित रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पहल से पुलिस कर्मियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगन और कुशलता से करने की प्रेरणा मिलेगी तथा उनके आत्मबल में वृद्धि होगी।इसी क्रम में मंगलवार को एससी/एसटी थाना में पदस्थापित महिला आरक्षी (बैज संख्या-740) अरुणा खाखा को माह अगस्त 2025 के तृतीय सप्ताह का 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक सोच के लिए दिया गया है।उल्लेखनीय है कि आरक्षी अरुणा खाखा अपनी ड्यूटी को पूरी लगन और कुशलता से निभाती रही हैं, जिसके चलते उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ।

## जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया सदर अस्पताल कैंटीन का औचक निरीक्षण



**सिमडेगा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी ने मंगलवार को सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित कैंटीन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की।निरीक्षण के क्रम में श्री गुग्गी ने स्पष्ट कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पताल कैंटीन में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने कैंटीन संचालकों को निर्देश दिया कि सभी खाद्य सामग्री ताजा एवं मानक के अनुरूप होनी चाहिए।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने यह भी कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीज पहले से ही बीमारी से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में उन्हें संतुलित और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि जांच के दौरान लापरवाही पाई जाती है तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को भी आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि नियमित रूप से कैंटीन की निगरानी की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।

## मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए झारखंड राज्य मिलेट मिशन लागू

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** झारखंड सरकार ने राज्य में मोटे अनाज के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना" लागू की है। इस योजना के तहत मड़ुवा, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सांवला, कोदो, चेना, कुटकी, कुट्टू और चोलाई जैसी मोटे अनाज की फसलें उगाने वाले किसानों को लाभ मिलेगा। सरकार किसानों को प्रति एकड़ 3000 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी। यह सुविधा न्यूनतम 10 डिसमिल से अधिकतम 5 एकड़ तक की खेती करने वाले किसानों को मिलेगी।इसी क्रम में 19 अगस्त 2025 को जिला कृषि पदाधिकारी सिमडेगा माधुरी टोप्पो ने कोलेबिरा प्रखंड के कमलापानी गांव का दौरा किया। यहां उन्होंने मड़ुवा की रोपनी कर रही ग्रामीण महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वयं भी रोपनी में भाग लिया।मौके पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कृषि पदाधिकारी ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए सभी किसान 30 अगस्त 2025 से पहले अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में निबंधन कराएं। उन्होंने बताया कि निबंधन के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, भूमि विवरणी और वंशावली की प्रतियां आवश्यक होंगी।श्रीमती टोप्पो ने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना से जुड़ें और मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दें।

## न्यूज बॉक्स

### ऑटो संगठन की बैठक, सड़क सुरक्षा और स्थायी स्टैंड की मांग प्रमुख मुद्दे



**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में ऑटो संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मजदूर नेता राजेश सिंह ने की। बैठक में सिमडेगा सदर थाना प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।बैठक में सड़क सुरक्षा पर विशेष चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने टोटो चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों को सड़क किनारे या जहां-तहां न खड़ा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के वाहन जब्त किए जाएंगे और जुर्माना भी लगाया जाएगा। साथ ही सभी चालकों को अपने आवश्यक कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र और रजिस्ट्रेशन साथ रखने का निर्देश दिया गया।संगठन के अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि जो भी सदस्य नियमों का पालन नहीं करेंगे, उन्हें संगठन से बाहर कर दिया जाएगा और उनकी सूची जिला प्रशासन को सौंप दी जाएगी। उन्होंने उपायुक्त से टोटो एवं ऑटो के लिए स्थायी स्टैंड की मांग की, ताकि शहर में अतिक्रमण की समस्या समाप्त हो सके। सिंह ने बताया कि दुल्हन चौक, महावीर चौक और बस स्टैंड के पास कई जगह गड्ढों के कारण वाहनों के पलटने का खतरा बना रहता है। इस पर उन्होंने नगर पंचायत के कार्यपालक अभियंता से गड्ढों को शीघ्र भरवाने की मांग की।बैठक में यह भी तय किया गया कि टोटो में अधिकतम पाँच सवारी ही बैठाई जाएँगी। संगठन ने 11 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति का गठन किया, जिसमें बेलाल अली, देवा, फैज़ान, राजेश मोसा, अजय गुप्ता, विनोद कुमार पंडित, मेजर आलम, महेश यादव, विक्रम प्रसाद, भूषण साहू और अनिल को सदस्य बनाया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी यशिन शेख को सौंपी गई।अंत में बैठक में सर्वसम्मति से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, संगठन को मजबूत बनाने और सभी रूट का चार्ट तैयार कर लागू करने का निर्णय लिया गया।

### अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 4 का दूसरा मैच खेला गया



**ठेठईटांगर।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 4 का दूसरा मैच सिमडेगा टाइगर(झारखण्ड) बनाम जेडीसी कुआरमुंडा(ओडिशा) के बीच खेला गया। जिसमें सिमडेगा टाइगर(झारखण्ड) ने जेडीसी कुअरमुंडा(ओडिशा) को 1-0 हरा कर दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि के तौर पर कोरोमिया पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग और विशिष्ट अतिथि के तौर पर दुमकी पंचायत के मुखिया रेशमा डुंगडुंग रहे जिन्हें टूर्नामेंट के अध्यक्ष मो. कय्यूम ने माला पहना कर एवं बैच लगाकर स्वागत किए। टूनामेंट का तीसरा मैच संघर्ष क्लब सुंदरगढ़(ओडिशा) बनाम एस एस +2 सिमडेगा(झारखण्ड) के बीच कल 03:00 बजे से खेला जाएगा।

### आकाशीय बिजली से दो गर्भवती भैंसों की मौत, किसान ने मुआवजे की मांग की

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के बड़काडुईल पंचायत अंतर्गत कुसुम पाहन टोली निवासी सिबियुस लोमगा के दो मवेशियों का आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई।सूचना मिलते ही बड़कादुइल मुखिया सह बानो झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन घटनास्थल पहुंचे और मौके पर से ही प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को फोन कर मामले की जानकारी देते हुए किसान सिबियुस लोमगा को उचित मुआवजा देने की बात कही। लुगुन ने जानकारी देते हुए बताया कि सिबियुस लोमगा ने ईमली पेड़ के नीचे अपने दोनों भैंस को बांधा था अचानक से बारीश होने लगी और बिजली कड़कने लगी इसी क्रम में दोपहर करीब 12 बजे आकाशीय बिजली के चपेट में आने से दोनों भैंस की मृत्यु हो गई,दोनों भैंस गर्भवती थीं।किसान सिबियुस लोमगा ने पशुपालन विभाग और प्रखंड प्रशासन से गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।
कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के टुटीकेल पंचायत अंतर्गत रायबेड़ा पेसार डांड़ टोली निवासी तीन किसानों जिसमें सिमोन डुंगडुंग के दो बैल,संगराज डुंगडुंग के एक बैल और सेमन डुंगडुंग के एक बैल कुल 04 मवेशियों का वज्रपात से मौत हो गई।गांव के ग्रामीणों ने मामले की सूचना कांगरेस पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी को दी,कोनगाड़ी ने पशुपालन पदाधिकारी को फोन कर मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की बात कही।

### ट्रेलर में लदे रिंग से टकराई स्कॉर्पियो बाल-बाल बचे यात्री

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के नीचे बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार की देर रात एक बड़ी सड़क दुर्घटना होते-होते टल गई। ओडिशा की ओर से आ रहा एक भारी ट्रेलर लोहे के रिंग से लदा हुआ था। इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही एक स्कॉर्पियो



अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा टकराई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ी अनहोनी टल गई।घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात तेज गति से वाहनों का चलना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ऐसे स्थानों पर रात में गश्ती और गति नियंत्रण की व्यवस्था और कड़ी की जाए।

**जागरूक कार्यक्रम** नए सत्र के छात्र-छात्राओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम सह स्वागत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सीनियर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ाया छात्रों का उत्साह

● कॉलेज के इतिहास और उच्च शिक्षा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

नवीन मेल संवाददाता





**कोलेबिरा।** एस के बागे कॉलेज कोलेबिरा सिमडेगा में एस के बागे कॉलेज कोलेबिरा सिमडेगा में नए सत्र सेमेस्टर वन 2025-29 के छात्र-छात्राओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम और स्वागत किया गया।। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनूप कुमार गुप्ता में छात्र छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर रमेश प्रसाद पूर्व सचिव एवं बालमुकुंद प्रसाद जी के द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। इन्होंने उच्च शिक्षा की उपलब्धियां एवं कॉलेज के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राजनीति विभाग के प्रोफेसर संजय प्रसाद के द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में छात्र-छात्राओं को विशेष जानकारी प्रदान किए और महाविद्यालय के अनुशासन, नीति नियम,75 प्रतिशत उपस्थिति एवं कॉलेज कैंपस की उपलब्धियां के बारे में परिचय कराया। और छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर गंभीरता पूर्वक पढ़ाई करने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की जिज्ञासा बतलाए। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एनएसएस के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सुचित कुमार सिन्हा विश्वविद्यालय के नीति नियम एवं उपलब्धियां के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने विषय की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान किया एवं छात्रों को मुख्य रूप से क्लास में उपस्थित रहने की हिदायत प्रदान की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई अलग-अलग ग्रुप डांस गीत संगीत एवं चुटकुला नए छात्र-छात्राओं के उल्लास के साथ रंग भर दिए।।। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनूप कुमार गुप्ता में छात्र छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर रमेश प्रसाद पूर्व सचिव एवं बालमुकुंद प्रसाद के द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। इन्होंने उच्च शिक्षा की उपलब्धियां एवं कॉलेज के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी।वहीं राजनीति विभाग के प्रोफेसर संजय प्रसाद के द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में छात्र-छात्राओं को विशेष जानकारी प्रदान किए और महाविद्यालय के अनुशासन, नीति नियम,75 प्रतिशत उपस्थिति एवं कॉलेज कैंपस की उपलब्धियां के बारे में परिचय कराया। और छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर गंभीरता पूर्वक पढ़ाई करने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की जिज्ञासा बतलाए। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एनएसएस के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सुचित कुमार सिन्हा विश्वविद्यालय के नीति नियम एवं उपलब्धियां के बारे में विस्तृत जानकारी दिए।

### घरेलू विवाद से आहत युवक ने पिया कीटनाशक

**बानो।** प्रखण्ड के जराकेल निवासी देवचंद चिक बड़ाईक ने आपसी कहासुनी से आहत होकर रविवार को कीटनाशक पी लिया।मिली जानकारी के अनुसार किसी घरेलू विवाद को लेकर देवचंद का मन व्यथित था। आक्रोश और दुखी मन से उन्होंने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। थोड़ी देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें बार-बार उल्टियां होने लगीं। परिजनों ने कारण पूछने पर बताया कि उन्होंने कीटनाशक का सेवन कर लिया है।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बानो में भर्ती कराया। यहाँ चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि समय पर इलाज शुरू हो जाने के कारण रोगी की स्थिति में सुधार है और फिलहाल खतरे से बाहर है।

### संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतिभागी लक्ष्य पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करें : ललन कुमार राय

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, उत्तरी सेवई मुखिया कुलदीप सिंह, स्थानीय विद्यालय के प्रचार्य उमेश प्रसाद तथा रामगढ़ संकुल अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानचार्य- सिरका के शंभु कुमार सिंह, कुंदरिया सरूबेड़ा के दिनेश कुमार मिश्र तथा लारी के सुमित कुमार सिन्हा ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प



अर्पित कर किया।

अध्यक्ष ललन कुमार राय अपने संबोधन में प्रतिभागियों को कहा कि जो जितना परिश्रम करता है परिणाम उसी के अनुरूप मिलता है इसलिए सभी प्रतिभागी लक्ष्य पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करें। यहां आयोजित चार विषयों विज्ञान, वैदिक गणित, अंग्रेजी एवं संगणक का आयोजन किया गया जिसमें रामगढ़ संकुल के पतरातू बाजार, पतरातू थर्मल, गिद्दी बस्ती, सिरका, सारुबेड़ा -कुंदरिया, लारी,रामगढ़ एवं रजरप्पा प्रोजेक्ट से कुल 293 प्रतिभागी भैया-बहन एवं संरक्षक आचार्य दीदी जी सम्मिलित हुए।इस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन आगे होने वाले विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होगे। इस मौके पर आए गणमान्य अतिथियों का परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा कराया गया। प्रश्न मंच की प्रस्तावना आचार्या ज्योति राजहंस के द्वारा रखी गई। मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता न केवल बौद्धिक क्षमता का विकास करती है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, त्वरित सोचने की शक्ति और प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत करती है। शिशु, बाल, किशोर तथा तरुण वर्ग के भैया-बहनों के बीच छः विषयों के प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। इस निमित्त रजरप्पा विद्यालय में चार विषयों के प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रोहित उरांव ने किया चेहल्लुम मेले का उद्घाटन



**कुड़ू/लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी आजाद बस्ती चेहल्लुम खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का उद्घाटन समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता रोहित उरांव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। उन्होंने मुस्लिम जवानों को इमाम हसन और इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की अपील की और कहा कि मेले के आयोजन से मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक सौहार्द बना रहता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह चहल्लुम कमिटी चीरी के संयोजक निशिथ जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ,रेहान अख्तर, मुख्य संरक्षक ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम, हलीम,रोजामत अंसारी,शाकिर,अंसारी, सुभान अंसारी,आदि उपस्थित थे।

# स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

**लोहरदगा।** ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को फूलों, झंडियों और झूमरों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और मनमोहक बन गया। प्री-नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने श्रीकृष्ण भजनों और गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हें विद्यार्थियों के मंच पर आते ही तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। माखन चोरी", "गोवर्धन उठाने" और कन्हैया की बाल लीलाओं" पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहीं। विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाध्यापक शोभा रानी साहू ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। wyw उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे सदैव सत्य, प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलें।

## श्री धोली सती दादी जी का मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

**रांची।** भादी मावस के पावन अवसर पर रातू रोड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट में श्री धोली सती दादी महिला समिति द्वारा एक अत्यंत श्रद्धामय एवं भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर श्री धोली सती दादी जी की दिव्य उपस्थिति का भाव भरते हुए भक्तों ने मंगल पाठ, अलौकिक श्रृंगार, भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण के माध्यम से दादी जी की महिमा का गुणगान किया। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ संदीप सर्राफ सपत्नीक सविता सर्राफ ने दादी जी के समक्ष विधिवत ज्योत प्रज्वलित कर एवं पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना व भोग लगाया गया। दादी भक्तों ने सामूहिक रूप से पवित्र मंत्रों एवं स्तुतियों का उच्चारण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चात दादी जी का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें सुगंधित फूलों, चांदी के आभूषणों तथा पारंपरिक वस्त्रों से उनका अलौकिक रूप सजाया गया। तत्पश्चात मंगल पाठ



व भजन गायिका शशि सर्राफ एवं सविता सर्राफ ने अपने सुमधुर दादी जी का मंगल पाठ एवं मनमोहक भजनों से दादी भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। समिति के कई दादी भक्तों ने अपने मधुर भजनों के स्वरों से वातावरण को भक्ति-रस में डुबो दिया। प्रस्तुत किए गए कुछ प्रमुख भजनों में- धोली दादी के द्वार चलो रे सजनी... जो मांगे दादी से, वो खाली जाए ना...चली आई रे भादी मावस, दादी जी के नाम की छावस...
लूट रहा लूट रहा लूट रहा रे, दादी जी का खजाना लूट रहा रे..।

## सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार घायल, ई-रिक्शा चालक फरार

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के कोर्ट रोड में मंगलवार दोपहर सड़क हादसे में एक साइकिल सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नदिया निवासी आशीष उरांव (पिता स्व. जोखन उरांव) साइकिल से लोहरदगा बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना में घायल आशीष उरांव को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### 8वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

# झारखंड महिला टीम बनी उपविजेता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम, खेलगांव तीन दिनों तक राष्ट्रीय थ्रोबॉल खिलाड़ियों की प्रतिभा से गूंजता रहा। 16 से 18 अगस्त तक आयोजित 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आई 25 राज्यों की महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।




**प्रतियोगिता का परिणाम**

पुरुष वर्ग विजेता : हरियाणा, उपविजेता : छत्तीसगढ़, कांस्य पदक : मुंबई एवं कर्नाटक

महिला वर्ग विजेता : छत्तीसगढ़, उपविजेता : झारखंड, कांस्य पदक : मुंबई एवं कर्नाटक

झारखंड की महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपराजित रही और फाइनल में छत्तीसगढ़ से हारकर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह में खिजरी विधायक राजेश कच्छप बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएलकेएम पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज शामिल हुए। ऑल इंडिया थ्रोबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष रमन साहनी, झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष वेदांत कौस्तव, संघ की उपाध्यक्ष विजेता वर्मा, आयोजन सचिव जमील अंसारी सहअतिथियों ने खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब पुरुष वर्ग में सोनू (हरियाणा) तथा महिला वर्ग में आकांक्षा (छत्तीसगढ़) को दिया गया। इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का अवार्ड महिला वर्ग में झारखंड की प्रमिला सोरेन एवं पुरुष वर्ग में पुडुचेरी के एम. संतोष को गया। अरुणाचल प्रदेश की टीम को बेस्ट अनुशासित टीम, झारखंड को बेस्ट ड्रेसअप एवं पश्चिम बंगाल को बेस्ट मार्च पास्ट करने वाली टीम का अवार्ड दिया गया।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता व कार्यशाला



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में मंगलवार 19 अगस्त 2025 को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर मोनसून फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं कार्यशाला आयोजित किया गया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनाली बारला विभाग बी एन आई, द्वितीय स्थान नैना सिंह विभाग बी जे एम सी, तृतीय स्थान अमन राज विभाग भूगोल को मिला। कार्यशाला का आयोजन कैनन इंडिया के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य फोटोग्राफी के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ाना और इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का रास्ता दिखाना रहा। कार्यक्रम में विभाग के तीनों वर्ष के लगभग सभी विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार किरो के स्वागत भाषण से हुआ। जिसमें उन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं कैनन इंडिया के सदस्यों का स्वागत किया। जिसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर एस जे ने फोटोग्राफी के प्रति विद्यार्थियों को अपने रुची बढ़ाने के लिए प्रेरित किया साथ ही अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जमाना बदल रहा है, चीज बदल रही है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा का प्रसंग–

WRD/WWDivisionBarhi/IFB- 05/2025-26(2nd Call)

दिनांक 19–08–2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गिरिडीह जिलान्तर्गत गाँवा प्रखण्ड के नीमाडीह ग्राम के पास सकरी नदी के बॉया तट पर हो रहे कटाव से सुरक्षात्मक कार्य हेतु सबसे असुरक्षित हिस्से के 200 मीटर लम्बाई में 07 अदद् Studs of 9m length with 3m launching apron का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 71,62,257.70 (एकहत्तर लाख बासठ हजार दो सौ सन्तावन एवं पैसे सत्तर) मात्र। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 10,000.00 (रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि ) । |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 1,44,000.00 (एक लाख चौवालीस हजार) मात्र। |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह । |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22–08–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न । |
| 7 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाइन मोड में जमा करने की तिथि एवं समय। | 22–08–2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से 05–09–2025 को 5:00 बजे अपराहन् तक। |
| 8 | बीड समर्पित करने का तिथि एवं समय । | 22–08–2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से 05–09–2025 को 5:00 बजे अपराहन् तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 08–09–2025 को 2:00 बजे अपराहन् में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही (हजारीबाग) पिनकोड 825405 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल संख्या | 6206975083 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–298149 / 9973166491 |

नोटः केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, बरही

PR 359883 Water Resource(25-26).D

## यूरिया खाद की समस्या से किसानों को निजात दिलाएं : सांसद प्रतिनिधि



**कैरो / लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद नही मिलने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।किसानों द्वारा इन दिनों धान खेत से घास निकवन का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया जा रहा है जंहा यूरिया का छिड़काव के लिए यूरिया की जरूरत पड़ रही है।जिस कारण औने-पौने मूल्य पर यूरिया खरीदारी को विवश है।किसानों की समस्या को देखते हुए मंगलवार को सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड प्रतिनिधि समीद अंसारी के अगुवाई में क्षेत्र के किसान यूरिया की किलत को लेकर बीटीएम ज्ञान साहू से मिलकर इस समस्या की समाधन करने व वैसे दुकानदार जो स्टॉक कर के रखे हैं और किसानों को नही दे रहें हैं उन पर करवाई करने की बात की।उन्होंने कहा कि अगस्त माह में यूरिया की कमी दुकानों में हो जाती है परन्तु विभाग इसके लिए कोई ठोस कदम नही उठा रही है जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना

## श्रम विभाग के संचालित योजनाओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवासी मजदूर, दूसरे राज्य में काम करने जाने वाले मजदूरों को झारखंड सरकार द्वारा प्रदत योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने को लेकर जन प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक अंद्रेश कुल्लू ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों को निबंधन कराने पर जोर दे रही है, ताकि प्रवासी मजदूरों को कार्य के दौरान किसी भी तरह की कोई घटना या मजदूर की मौत हो जाती है, तो श्रम विभाग उसके परिवार को मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि कोई मजदूर ठेकेदार या एजेंट के माध्यम से दूसरे प्रदेश काम करने जाते है, तो मजदूर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के पास जाकर निबंधन करा लें। निबंधन कराने के बाद निःशुल्क हरा रंग का परिचय पत्र प्राप्त करें। इसी तरह कोई मजदूर स्वयं अपने इच्छा से बगैर कोई एजेंट के दूसरे प्रदेश काम करने जा रहा है, तो वैसे मजदूर भी पंचायत सचिव से मिलकर अपना निबंधन कराना सुनिश्चित करे। जिसे निःशुल्क लाल रंग का परिचय कार्ड मिलेगा। इससे जिले में बाहर जाने वाले मजदूरों की आंकड़ा जिला में रहेगी। साथ ही कभी किसी भी तरह के मजदूरों के साथ अप्रिय घटना में मौत या शरीर का कोई अंग अपंग होता है, तो उससे मुआवजा की राशि दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मजदूरों को पंचायत में निबंधन कराने जाने पर पंचायत द्वारा मजदूरों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 रुपए देने का प्रावधान है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, दयानंद यादव, रूपेश सिंह, नागेंद्र गोप, ममता कुमारी, इंद्रदेव उरांव, सुमंति तिग्गा सहित जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 102 रक्तवीरों ने किया रक्तदान




**लोहरदगा।** शहर में रक्त की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से इमर्जेंसी केयर और सेफ शॉप के संयुक्त तत्वावधान में होटल अमृत पैलेस, पावरगंज में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। यह दूसरी बार है जब संस्था द्वारा आयोजित शिविर में 100 से अधिक लोगों ने एक ही दिन रक्तदान किया। इससे पूर्व 125 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड भी बनाया जा चुका है।निमन मिंज और ओम प्रकाश साहू ने कार्यक्रम संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एचआर हेड सजल कुमार ने बताया कि जल्द ही लोहरदगा में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें रक्तदान क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं व प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर मुकेश जायसवाल, इमर्जेंसी केयर अध्यक्ष विक्रम चौहान, सचिव देशराज गोयल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, एचआर हेड सजल कुमार, निखिल बर्मन मौजूद, डॉ. बारला, शिवांगी मिश्रा, ब्लड बैंक संचालक उमेश कुमार, उमेश उरांव, राजेश उरांव, राजेश्वर चिक बड़ाइक, एलिशा मिंज, सुषमा भगत, सुरेश सिंह, रामलखन साहू, शुक्रा तिर्की सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अप्राकृतिक यौनाचार का अभियुक्त दोषी करार

## 23 अगस्त को होगी सजा के बिंदु पर सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने पॉस्को केस संख्या 91/23 में मंगलवार को नाबालिग बच्चे से अप्राकृतिक यौनाचार करने के अभियुक्त साहिल अंसारी को दोषी करार दिया। उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है। मामले को लेकर सूचक के वकील विवेक कुमार आर्य ने बताया कि लोअर बाजार थाना कांड संख्या 156/23 में एक बच्चे के पिता ने प्राथमिक की दर्ज कराई थी। इसमें अभियुक्त साहिल अंसारी एवं एक नाबालिग पर आरोप लगाया गया था कि उनलोगों ने 7 साल के बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया था। नाबालिग आरोपी का ट्रायल जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। वहीं, साहिल अंसारी का ट्रायल पूर्ण होने के उपरांत मामले में दोषी करार दिया गया है।

### पठन पाठन प्रभावित | विद्यालय, पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला

# डीसी ने लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया

- सहायक शिक्षक के प्रतिनियोजन और कार्यरत शिक्षक दशरथ असुर के सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने से विद्यालय संचालन मुश्किल हो गया है



**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड की कई गंभीर समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बुधवार को जिला उपायुक्त डॉ. ताराचंद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय, पुलिया निर्माण और खाद आपूर्ति संबंधी मुद्दों पर डीसी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। डीसी ने लोगों को शीर्घ कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीयकृत उन्नकर्मित मध्य विद्यालय हेन्हें में मात्र एक शिक्षक होने के कारण पठन-पाठन कार्य महीनों से प्रभावित है। विद्यालय में केजी से लेकर कक्षा 8 तक 80 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। सहायक शिक्षक के प्रतिनियोजन और कार्यरत शिक्षक दशरथ असुर के सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने से विद्यालय संचालन मुश्किल हो गया है। इस संदर्भ में 14 अगस्त को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के अभिभावक, जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक भी की गई थी, जिसमें व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि ग्राम हेन्हें स्कूल के पास चार वर्ष पूर्व ठेकेदार द्वारा मापी और ले-आउट के बाद विधिवत पूजा कर कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। परिणामस्वरूप 8 से 10 गांवों के लोग बरसात के मौसम में आवागमन के दौरान भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कत होती है और कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। साथ ही किसानों ने कहा कि यूरिया खाद की आपूर्ति समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने इन सभी समस्याओं पर जिला शिक्षा विभाग और उपायुक्त को आवेदन सौंपा।

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

अल्पकालिन ई– पुर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 15/R2/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–18-08-2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाखं) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ GUMLA/ UNT/04 / 2024-25 | Construction of Approach Road for District Collectorate Gumla. | 34.681 | चौंतीस लाख अड़सठ हजार एक सौ रूपये मात्र। | 03 माह | तृतीय |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 20.08.2025
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–28.08.2025 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 30.08.2025 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 359820 Rural Work Department(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार ज़रूर होगा। **- रवींद्रनाथ टैगोर जी**

## संपादकीय

# टैरिफ युद्ध पुराना हथियार डटे रहनेवाले की जीत

किसी विशेष देश के साथ व्यापार को नियंत्रित करने के लिए टैरिफ का चुनिंदा ढंग से उपयोग केवल संरक्षणवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उससे आगे की चीज है। कई समीक्षकों का मानना है कि इस नीति के पीछे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को अन्य देशों के सस्ते निर्यात से बचाने या देश में विनिर्माण को पुनर्जीवित करने जैसे आर्थिक कारण कम, बल्कि अमेरिका द्वारा अपनी राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन और वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश अधिक है। इस नीति के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं-एक ओर जहां चीन ने इस नीति का कड़ा विरोध किया, तो यूरोपीय संघ समझौते के दबाव में झुक गया और जापान ने ऐसा व्यापार करार किया, जिससे वास्तविक लाभ अमेरिका को ही मिला। भारत इसका डटकर विरोध कर रहा है। संभावित समझौतों से जुड़े किसी सकारात्मक फैसले पर पहुंचने के लिए दोनों देशों के बीच जारी बातचीत का भविष्य भी फिलहाल संकट में ही दिख रहा है। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसमें रूसी तेल की निरंतर खरीद के दंडस्वरूप अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क भी शामिल है। इस लेख का उद्देश्य पारस्परिक शुल्कों और व्यापार समझौतों की विघटनकारी प्रकृति को देखते हुए, भारत पर इसके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों ही स्तरों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों का विश्लेषण करना है। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा फैलाई गई व्यापारिक अनिश्चितताओं के कई वैश्विक निहितार्थ हैं। विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि चालू वर्ष में वैश्विक आर्थिक वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ने की आशंका है। ऐसी अनिश्चितताओं का भारत की प्रगति पर भी असर पड़ेगा ही। विभिन्न अनुमान बताते हैं कि पारस्परिक शुल्क के कारण भारत की वृद्धि में 50 से 100 आधार अंकों की गिरावट आ सकती है। दूसरा, रूस कच्चे तेल का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश है, जो कुल वैश्विक उत्पादन का 12 फीसदी से अधिक हिस्सा अकेले प्रदान करता है और उत्पादन की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आता है। ऐसे में, रूसी तेल की खरीद पर रोक लगाने या रूस पर व्यापक प्रतिबंध थोपने के प्रयास लंबे समय तक टिक पाएंगे, ऐसी उम्मीद कम ही है। लेकिन अल्पावधि में कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान पैदा होने से ऊर्जा आपूर्ति में कमी आएगी, जिसके कारण बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति की समस्या बढ़ सकती है। भारत को भी इस चुनौती पर ध्यान देना होगा। तीसरा, आर्थिक शक्ति के जिस वैश्विक पुनर्गठन की बात की जा रही है, उससे भी कई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के आर्थिक हितों की रक्षा के नाम पर भागीदार देशों को धमकाते-डराते रहेंगे। इसके प्रत्यक्ष प्रभावों को आसानी से समझा जा सकता है। सर्वविदित है कि अमेरिकी टैरिफ भारत से निर्यात होने वाले क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे। ये प्रभावित क्षेत्र मुख्यतः श्रम-प्रधान उद्योग हैं, जिनमें वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़े के सामान, रसायन तथा ऑटो-पार्ट्स प्रमुख हैं। स्पष्ट है कि इन क्षेत्रों पर नकारात्मक असर का सीधा संबंध भारत में रोजगार की स्थिति पर भी पड़ेगा। चूंकि, भारत पहले से ही उच्च बेरोजगारी दर की चुनौती से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में 'ट्रंप-टैरिफ' के कारण रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव का गहन विश्लेषण किया जाना नितांत आवश्यक है, ताकि उचित नीतिगत कार्रवाई की जा सके और जिसमें टैरिफ के कारण नौकरी खो सकने वाले लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा/आय हस्तांतरण भी शामिल हो।

*अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसमें रूसी तेल की निरंतर खरीद के दंडस्वरूप अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क भी शामिल है।*

# विकसित भारत के लिए पीएम मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र



मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित–ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त-छोड़ा गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे-साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा। उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है। ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और "नो गो" क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में "नो गो" क्षेत्रों को लगभग 99% तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है।

ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है-हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे। लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है। यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है।

लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50% स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं, इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व, निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें। राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली-सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है। एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। पीएम ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60% का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों। घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है। दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

आज की **बात**



**हरदीप एस पुरी**
केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

## आपकी बात

### सड़क दुर्घटनाओं पर एक अच्छा आलेख

**आलेख** " 1 प्रतिशत वाहन संख्या वाले भारत में हर 4 मिनट पर मौत क्यों? " के माध्यम से कार्यकारी संपादक सुनील बादल जी ने जो चिंता व्यक्त की है वह जायज ही है और वर्तमान परिदृश्य में चिंतनीय भी। आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या और उससे होनेवाली मौत के आंकड़े परेशान करनेवाले हैं। इसे विभिन्न उदाहरणों एवं आंकड़ों के माध्यम से बखूबी समझाया गया है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों से न केवल मृत व्यक्ति का परिवार मानसिक रूप से दुखी होता है बल्कि आर्थिक रूप से तबाह भी हो जाता है। बच्चों का भविष्य भी खराब हो जाता है। सड़क दुर्घटना के लिए केवल यातायात विभाग ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि हम सब भी जिम्मेदार हैं। सड़क दुर्घटना के कारणों की चर्चा की जाय तो सबसे बड़े कारणों में लापरवाही से गाड़ी चलाने, स्टंट करने, नशा करके वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन नहीं करने जैसे कारण महत्वपूर्ण है और हम सभी का कर्तव्य होना चाहिए कि हम वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, तभी हम सुरक्षित रहेंगे।



**दिलीप कुमार**
पोटमा, गढ़वा (झारखंड)

### पर्युषण अंतरमन व आत्मा को निर्मल बनाने का पर्व

**आज** से महापर्व पर्युषण का मंगल प्रारम्भ होने जा रहा है। इस महापर्व के आगमन के साथ ही जन-जन के मन में अपूर्व उल्लास उमड़ आया है। छोटे-छोटे बच्चों के मन में भी आज धर्म-साधना में संलग्न होने की एक होड़-सी दिखाई दे रही है। हर पर्व का उसका अपना एक इतिहास है। लौकिक पर्वों में खाने-पीने की, घूमने-फिरने की, नाचने-कूदने की, ऐशोआराम की दृष्टि होती है, पर इस लोकोत्तर पर्व में ऐसा कुछ भी नहीं है। लोकोत्तर पर्व का सम्बन्ध आध्यात्मिकता से है। आत्मा से है। पर्युषण पर्व भौतिकता को पुष्ट करने वाला पर्व नहीं है। यह पर्व आत्म-जागरण का पर्व है। अपने आप पर अनुशासन का पर्व है। विभाव से स्वभाव की ओर बढ़ने का पर्व है। अपने आपको बाहर से समेटकर भीतर से संलग्न करने का पर्व है। पर्युषण पर्व समग्र कषायों से विरति का संकल्प लेते हुए क्षमा-विनय-सरलता, समता, संतोष और सद्भाव-सौहार्द की अभिवृद्धि करने का पर्व है। सर्वथा विशुद्ध, इस आध्यात्मिक पर्व में आत्म-निरीक्षण, आत्म-चिंतन, आत्म-रमण और स्वभाव-रमण की विशुद्ध क्रियाएँ निहित हैं। जीवन के प्रति विशिष्ट चिंतन जगाने वाले इस पर्व की आराधना पूर्ण सजगता के साथ की जानी चाहिए। पर्युषण पर्व आत्मा को निर्मल बनाने आता है। आज के आदमी को दुनिया भर का ज्ञान है। दुनिया भर से उसका परिचय है पर स्वयं से वह बेखबर है। जब तक वह स्वयं निपुण नहीं बनेगा, उसके जीवन की समस्याएँ घटने के बजाय और अधिक बढ़ती चली जाएँगी। पर्युषण पर्व यही संदेश लेकर समुपस्थित हुआ है कि हम अपने आपसे संपर्क स्थापित करें।




**कांतिलाल मांडोत**

## राजीव गांधी की जयंती पर विशेष

# राजीव गांधी संवेदना भरी राजनीति के वाहक थे

राजनीति में विरोध होना स्वाभाविक है, लेकिन विरोध का उत्तर मानवता से देना दुर्लभ गुण है। भारत रत्न राजीव गांधी के लिए प्रधानमंत्री केवल पद नहीं उत्तरदायित्व था। उनका जीवन किसी चुनावी रणनीतिकार का नहीं, बल्कि एक सपनों में विश्वास रखने वाले नव निर्माणकर्ता का था जो पंचायती व्यवस्था से लेकर सूचना क्रांति तक और विपक्षी नेताओं के इलाज से लेकर गांव की चौपाल तक, भारत को एक नई पहचान देने में जुटा था।जब अटल बिहारी वाजपेयी जैसे सशक्त विपक्षी नेता गंभीर किडनी रोग से जूझ रहे थे, तब प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें सरकारी खर्च पर अमेरिका भेजा और उनका संपूर्ण इलाज करवाया। स्वयं अटल जी ने इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा था—"मैं राजनीति में राजीव जी का विरोधी था, लेकिन उन्होंने मुझे एक बीमार इंसान की तरह देखा, और मेरी जिंदगी बचाई।"यह केवल उदारता नहीं थी—यह राजधर्म की सबसे ऊंची मिसाल थी। उन्होंने देखा कि सत्ता की ताकत दिल्ली में सिमटी है और गांव का आम आदमी उस शक्ति से कटा हुआ है। उन्होंने 73वां और 74वां संविधान संशोधन कर पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया जिससे भारत के गांवों को नीति निर्माण और संसाधन नियोजन में प्रत्यक्ष भागीदारी मिली। लाखों महिलाएं, दलित, आदिवासी और हाशिये पर खड़े लोग अब जनप्रतिनिधि बनकर राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनने लगे।यह लोकतंत्र की जड़ों में संवेदना और भागीदारी का पानी डालने का काम था।



उन्होंने कल्पना की थी कंप्यूटर, टेलीकॉम, सैटेलाइट, और डिजिटल शिक्षा आम नागरिक तक पहुंचे। जब लोग कंप्यूटर का विरोध कर रहे थे, तब वे NICNET और MTNL जैसी संस्थाओं की नींव रख रहे थे। आज जब हम 'डिजिटल इंडिया' की बात करते हैं, तो वह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, राजीव गांधी के स्वप्नों की साकारता है। उन्होंने विपक्ष को चाहे वह जॉर्ज फर्नांडिस हों, अटल बिहारी वाजपेयी हों या मधु लिमये—राजीव गांधी ने हर आलोचक को सम्मान दिया, संवाद किया और कई बार उनसे सहमत होकर नीतियाँ भी बदलीं। उनका यह विश्वास था कि भारत तभी उन्नत होगा जब उसका किसान आत्मनिर्भर होगा, और उसका गाँव आत्मसम्मानी। युवाओं को चुनावी रैली के चेहरे नहीं बनाया, उन्होंने उन्हें राष्ट्र के साझेदार के रूप में देखा। शिक्षा में नवाचार, रोजगार योजनाएं, और तकनीकी संस्थानों का विस्तार उनके कार्यकाल की उपलब्धियां हैं। राजीव गांधी को एक नृशंस आतंकी हमले में मार दिया गया, लेकिन वे केवल शरीर से गए—विचार से नहीं।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**




**हृदयानन्द मिश्र**
वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सदस्य, धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

रातों जैसे दिन गये, हवा गयी ज्यों गंध।
गुरु गुमान जैसे रहे, पलट गये मति मंद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मनोरंजन से मन की बात तक- रेडियो की अमर प्रासंगिकता

रेडियो, वह जादुई माध्यम, जिसने बीसवीं सदी से इक्कीसवीं सदी तक मानव जीवन को गहराई से प्रभावित किया, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसा सेतु है, जो समाज को जोड़ता है, भावनाओं को आवाज़ देता है और बदलाव की प्रेरणा बनता है। रेडियो की तरंगें, जो कभी बिजली की अनुपस्थिति में भी गाँव-गाँव तक पहुँचती थीं, आज डिजिटल युग में भी अपनी आत्मीयता और पहुंच के कारण लाखों दिलों में बसी हैं। राष्ट्रीय रेडियो दिवस इस अनमोल धरोहर का उत्सव है, जो हमें याद दिलाता है कि कैसे रेडियो ने सूचना, मनोरंजन और एकता को हर घर तक पहुँचाया। रेडियो का उदय उस युग में हुआ जब संचार साधन सीमित थे। 1890 के दशक में मार्कोनी ने रेडियो तरंगों से संचार की क्रांति शुरू की। भारत में 1920 के दशक में बॉम्बे और कलकत्ता में रेडियो स्टेशन बने, और 1936 में आल इंडिया रेडियो ने इसे औपचारिक मंच दिया। टेलीविजन और इंटरनेट के अभाव में, रेडियो की सरलता-बिना साक्षरता या महंगे उपकरणों की आवश्यकता-ने गाँवों से शहरों तक हर दिल को जोड़ा। स्वतंत्रता संग्राम में आजाद हिंद रेडियो जैसे प्रसारणों ने नेताजी के संदेशों से ब्रिटिश शासन को चुनौती दी। स्वतंत्रता के बाद, रेडियो भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना। रेडियो ने सूचना प्रसार के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन को भी बढ़ावा दिया। किसानों को कृषि कार्यक्रमों से आधुनिक तकनीक और मौसम की जानकारी मिली, जिसने उनकी आजीविका को सशक्त किया। गृहणियों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के प्रसारणों से जागरूकता प्राप्त की। बच्चों की कल्पनाशीलता को कहानियों-कविताओं ने पंख दिए, तो बुजुर्गों को भक्ति और शास्त्रीय संगीत ने आत्मिक शांति दी। इस तरह, रेडियो हर वर्ग का प्रिय साथी बना। आपदा में इसकी भूमिका अनमोल रही-2004 की सुनामी और 2013 की उत्तराखंड बाढ़ में बैटरी चालित रेडियो ने जीवन रक्षक सूचनाएँ पहुँचाकर राहत कार्यों को दिशा दी। संयुक्त राष्ट्र भी इसे आपदा प्रबंधन का सबसे विश्वसनीय माध्यम मानता है। रेडियो ने मनोरंजन में अमिट छाप छोड़ी। 1950-60 के दशक में 'बिनाका गीतमाला' और 'विविध भारती' ने अमीन सायानी की आवाज़ में फिल्मी संगीत को घर-घर पहुँचाया, हर गाना उत्सव बन गया। क्रिकेट कमेंट्री ने श्रोताओं को स्टेडियम का रोमांच जिया, उन्हें घटनास्थल से जोड़ा। आज रेडियो ने ट्रांजिस्टर से एफ.एम. और इंटरनेट रेडियो तक का सफर तय किया। 400 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थानीय भाषाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। इंटरनेट रेडियो और पॉडकास्ट ने इसकी वैश्विक पहुँच बनाई, जिससे मोबाइल पर दुनिया भर के स्टेशन सुने जा सकते हैं। रेडियो ने अर्थव्यवस्था को गति देते हुए रेडियो जॉकी, ध्वनि इंजीनियर, स्क्रिप्ट राइटर और विज्ञापन विशेषज्ञ जैसे पेशों में लाखों युवाओं, खासकर महिलाओं, को रोजगार दिया, जहाँ केवल आवाज़ मायने रखती थी, लैंगिक समानता को बढ़ावा मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम, जो 2014 से आल इंडिया रेडियो पर प्रसारित होता है, ने रेडियो को फिर से जन-जन का माध्यम बनाया। यह मासिक कार्यक्रम सामाजिक मुद्दों, सरकारी योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया और प्रेरक कहानियों को स्थानीय भाषाओं में गाँव-शहर तक पहुँचाता है, लोगों को प्रेरित करता है। 'मन की बात' ने रेडियो की प्रभावशीलता और समावेशिता को पुनर्जनन दिया। राष्ट्रीय रेडियो दिवस रेडियो की विरासत और वर्तमान-भविष्य में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। टेलीविजन और इंटरनेट के युग में भी रेडियो की आत्मीयता अद्वितीय है, जो बिना स्क्रीन के लोगों को उनके रोजमर्रा के कामों के साथ जोड़ता है। शहरों में ट्रैफिक में फँसा व्यक्ति हो या गाँव का किसान, रेडियो उनकी भाषा में संवाद करता है। डिजिटल इंडिया में सामुदायिक रेडियो ग्रामीण भारत के लिए सूचना-शिक्षा का सशक्त साधन है, जो किसानों को बाज़ार भाव-मौसम की जानकारी, छात्रों को ई-लर्निंग, महिलाओं को स्वास्थ्य-स्वच्छता शिक्षा, और युवाओं को कौशल विकास प्रदान करता है। पॉडकास्टिंग ने नई पीढ़ी को, और इंटरनेट रेडियो ने स्थानीय संस्कृतियों को वैश्विक मंच से जोड़ा, जबकि प्रवासी भारतीय अपनी मातृभाषा में रेडियो सुनकर जड़ों से जुड़े रहते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**प्रो. आरके जैन**

**20 अगस्त: राष्ट्रीय रेडियो दिवस पर विशेष**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिमाग को अंदर से पूरा खा जाता है ये छोटा कीड़ा, स्वास्थ्य विभाग ने दी चेतावनी

**एजेंसी। केरल**

केरल के कोझिकोड ज़िले में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस या 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के कारण एक मौत सहित तीन मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की है। इस संक्रमण से नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो अन्य का कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इनमें से एक मरीज़ वेंटिलेटर पर है। ज़िला चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके राजाराम ने ज़ोर देकर कहा कि आगे के मामलों को रोकने के लिए निवासियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग



ने सलाह दी है कि अगर किसी को बुखार है और जिसने हाल ही में ठहरे हुए पानी में नहाया या तैराकी की है, तो उसे तुरंत डॉक्टर को सूचित करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए विस्तृत सावधानियाँ जारी की हैं। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे ठहरे हुए पानी में न नहाएँ या तैरें नहीं, तैरते समय नाक में क्लिप लगाएँ, और स्विमिंग पूल व वाटर थीम पार्क में पानी का उचित क्लोरीनीकरण सुनिश्चित करें। गंदे पानी में गोता लगाने या ठहरे हुए पानी से मुँह और चेहरा धोने से बचना चाहिए। जिन लोगों की नाक या कान की सर्जरी हुई है, या जिनके कान में मवाद है, उन्हें गोता लगाने से बचना चाहिए।

### ठहरे पानी में तैरने से बढ़ता है संक्रमण का खतरा

अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस तब होता है जब अमीबा परिवार के रोगजनक, जो पानी में स्वतंत्र रूप से रहते हैं, मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। यह रोग आमतौर पर उन लोगों को प्रभावित करता है जो ठहरे हुए पानी में गोता लगाते हैं या तैरते हैं। अमीबा नाक और मस्तिष्क को अलग करने वाली पतली परत के छिद्रों या कान के पर्दे के छिद्रों के माध्यम से मस्तिष्क में प्रवेश कर सकता है। इस संक्रमण की मृत्यु दर बहुत ज़्यादा है और यह इंसानों से इंसानों में नहीं फैलता। इसके लक्षण आमतौर पर संपर्क में आने के पाँच से दस दिनों के भीतर दिखाई देते हैं और इनमें तेज़ सिरदर्द, बुखार, मतली, उल्टी, गर्दन घुमाने या रोशनी देखने में कठिनाई शामिल है। बच्चों में भूख न लगना, खेलने में हिचकिचाहट, स्थिर पड़े रहना, याददाश्त कमज़ोर होना, दौरे पड़ना या बेहोशी जैसे अतिरिक्त लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं।

## यूपी के जिला अस्पताल में मुन्नाभाई एमबीबीएस की खुली पोल

**एजेंसी। उत्तर प्रदेश**

- **गले में आला, मुंह पर मास्क लगा खुद को बता रहा था सीनियर डॉक्टर**



उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िला अस्पताल में लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जब तीमारदारों ने एक फ़र्ज़ी डॉक्टर को इमरजेंसी वार्ड में मरीज़ों का इलाज करते हुए पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राज कुमार नाम का एक व्यक्ति डॉक्टर की तरह मास्क और स्टेथोस्कोप पहने वार्ड में दाखिल हुआ। खुद को एक वरिष्ठ डॉक्टर बताते हुए, उसने गंभीर हालत वाले मरीज़ों सहित मरीज़ों का इलाज करना शुरू कर दिया। शक तब हुआ जब एक गंभीर रूप से बीमार मरीज़ के परिवार ने उससे दवाइयाँ लिखने को कहा। जवाब देने के बजाय, उसने कहा कि वह वार्डन से पूछकर बताएगा, जिससे उसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा हो गया। जल्द ही, उसके परिजनों और रिश्तेदारों ने उससे पूछताछ की और पुष्टि की कि वह एक धोखेबाज़ है। लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना तब सामने आई जब एक व्यक्ति अपनी पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल लाया। परिवार का आरोप है कि लगभग दो घंटे तक उसका इलाज नहीं किया गया और बाद में उसकी मौत हो गई। इस दौरान, फर्जी डॉक्टर आपातकालीन वार्ड में मेडिकल स्टाफ बनकर घूमता पाया गया। जिला अस्पताल के विशेष चिकित्सा अधिकारी डॉ. खालिद रिजवान ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सूचना मिली थी कि एक अज्ञात व्यक्ति वार्ड में डॉक्टर बनकर मौजूद है।

## करोड़ों की संपत्ति पर कब्जे से डीएमके पर सवाल

# तमिलनाडु के 44,000 मंदिर बदहाल

**एजेंसी। तमिलनाडु में द्रविड मुनेत्र कडगम (डीएमके) सरकार अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अब यह अपने कथित हिंदू विरोधी रुख और हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि (एचआर और सीई) विभाग के तहत मंदिरों के कुप्रबंधन को लेकर तीखी आलोचनाओं का सामना कर रही है। कई हिंदू संगठन और विपक्षी दल मंदिरों की बिगडती हालत, वित्तीय अनियमितताओं और पार्टी नेताओं के विवादास्पद बयानों पर लगातार चिंता जता रहे हैं।**

### मंदिरों की जर्जर हालत और कुप्रबंधन

तमिलनाडु में एचआर और सीई विभाग के अधीन 44,121 मंदिर हैं, जिनमें से कई सदियों पुराने हैं। इनमें से कई मंदिरों की स्थिति दयनीय है। पलक्कराई का सदियों पुराना सेल्वा विनयगर मंदिर इसका एक दुखद उदाहरण है, जहां पिछले 30 वर्षों से न कोई रखरखाव हुआ है और न ही कुंभाभिषेक (प्रतिष्ठा समारोह)। इस उपेक्षा ने तत्काल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक पुनरुद्धार की मांग को जन्म दिया है। यह उपेक्षा तब और चौंकाने वाली लगती है जब मंदिरों के पास मौजूद विशाल संपत्ति पर नजर डाली जाती है। मंदिरों के पास लगभग 4.78 लाख एकड जमीन और 22,600 से ज्यादा इमारतें हैं। इसके बावजूद, जुलाई 2022 से मार्च 2023 के बीच किराये से केवल ₹117.63 करोड की आय हुई। यह बडा अंतर मौजूदा प्रशासन के राजस्व प्रबंधन की दक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाता है।




### भूमि पर अवैध कब्जे और वित्तीय चिंताएं

खराब रखरखाव के अलावा, मंदिर की जमीनों पर अवैध क जा एक बडी समस्या बन गया है। तिरुनेलवेली के ऐतिहासिक श्री वरगुण पांडेश्वर और श्री नेल्लईअप्पार जैसे मंदिरों की हजारों एकड जमीन पर कथित तौर पर अवैध क जा हो चुका है। आलोचकों का तो यहां तक आरोप है कि सरकारी विभाग भी मंदिर की संपत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों में शामिल हैं। वित्तीय कुप्रबंधन की परतें यहीं खत्म नहीं होतीं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) ने भी एचआर और सीई विभाग को राजस्व की बर्बादी और पारदर्शिता की कमी के लिए फटकार लगाई है। इसके अलावा, मंदिरों में काम करने वाले कर्मचारियों को बेहद कम वेतन दिया जाता है। एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पोन मनिकवेल के अनुसार, तंजावुर के पुल्लमंगई मंदिर के पुजारियों को केवल ₹300 प्रति माह मिलता है।

### राजनीतिक प्रभाव और आगे की राह

इन सभी मुद्दों पर सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, और मठों, जैसे प्रभावशाली मदुरै अधीनम ने भी कडी प्रतिक्रिया दी है। कई लोग डीएमके पर हिंदू संस्कृति को कमजोर करने, मंदिरों की पवित्रता को नष्ट करने और राजनीतिक लाभ के लिए भडकाऊ बयानबाजी करने का आरोप लगाते हैं। परिणामस्वरूप, मंदिर प्रशासन और सांस्कृतिक संवेदनशीलता तमिलनाडु में एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन गए हैं। धार्मिक समूहों, विपक्षी दलों और नागरिक समाज के बढते दबाव के साथ, डीएमके सरकार खुद को कडी जांच के घेरे में पाती है, न केवल मंदिरों के प्रबंधन को लेकर, बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाओं के प्रति अपने नेताओं के दृष्टिकोण को लेकर भी।

### भक्तों की असुविधा और दर्शन में अव्यवस्था

इन समस्याओं का सीधा असर भक्तों पर पडता है। कई मंदिरों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जैसे स्वच्छ पानी, शौचालय और प्रतीक्षालय। त्योहारों के दौरान भीड प्रबंधन की अव्यवस्था से अक्सर भगदड जैसी स्थिति बन जाती है। तिरुवन्नामलाई और तिरुचेंदूर जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों पर भक्तों ने बेहोश होने और प्रसाद के लिए घंटों इंतजार करने की शिकायतें की हैं।दर्शन के लिए भी अनियमितताएं सामने आई हैं। तिरुवन्नामलाई के एक रिक्शा चालक ने आरोप लगाया कि 50 की आधिकारिक टिकट के बावजूद, कुछ लोग वैकल्पिक द्वारों से जल्दी प्रवेश के लिए 1,000 तक की मांग करते हैं।

### डीएमके नेताओं के विवादास्पद बयान

प्रशासनिक मुद्दों के अलावा, डीएमके के शीर्ष नेताओं के विवादास्पद बयानों ने भी हिंदू समुदाय में आक्रोश पैदा किया है। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से करके देशव्यापी विवाद खडा कर दिया था और इसके 'उन्मूलन' की बात कही थी। इस विवाद को और हवा देते हुए, डीएमके के उप महासचिव ए. राजा ने हिंदू धर्म को 'वैश्विक खतरा' बताया। वहीं, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन भी संस्कृत मंत्रों का उपहास उडाने के लिए आलोचना के घेरे में आ चुके हैं। इन बयानों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और डीएमके की छवि को और धूमिल किया है।

## गणेश मूर्ति हाईटेंशन तार से टकराई, हैदराबाद में 2 लोगों की दर्दनाक मौत



**हैदराबाद।** बंदलागुडा इलाके में सोमवार को आधी रात के बाद भगवान गणेश की मूर्ति ले जा रहे एक वाहन के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की कथित तौर पर करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। बंदलागुडा पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना रात करीब एक बजे एक होटल के पास हुई, जब कुछ लोग मूर्ति को स्थापना के लिए एक वाहन में ले जा रहे थे। बंदलागुडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना एक होटल के पास रात करीब एक बजे हुई जब एक समूह वाहन में मूर्ति को स्थापना के लिये ले जा रहा था। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ऐसी ही एक घटना में रविवार आधी रात को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा में एक बग्घी के बिजली के तारों के संपर्क में आने से करंट लगने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में चार लोग घायल हो गये थे।

## आवारा कुत्तों को पकड़ने गई एमसीडी की टीम पर हमला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पुलिस ने मंगलवार को बताया कि लगभग 15-20 लोगों के एक समूह ने रोहिणी में आवारा कुत्तों को पकड़ने के अभियान के दौरान दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस के अनुसार, इस समूह ने एमसीडी कर्मचारियों पर हमला किया, दो पकड़े गए कुत्तों को छुड़ा लिया और एमसीडी वाहन में तोड़फोड़ की, उसकी खिड़कियाँ तोड़ दीं और रजिस्टर व लॉगबुक चुरा लीं। रोहिणी के डीसीपी राजीव रंजन ने कहा कि लगभग 15-20 तथाकथित कुत्ते प्रेमियों के एक समूह के खिलाफ कल शिकायत दर्ज की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर आवारा कुत्तों को पकड़ने वाले एमसीडी वाहन में बाधा डाली, दो आवारा कुत्तों को छुड़ा लिया और एमसीडी कर्मचारियों पर हमला किया - इस घटना में तोड़फोड़ शामिल थी, जिसमें वाहन की खिड़कियाँ तोड़ना और रजिस्टर व लॉगबुक चुराना शामिल था। उन्होंने आगे कहा कि लोक सेवक को उनके कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने और चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को, 11 और 12 अगस्त को नई दिल्ली ज़िले में कई जगहों पर बिना पूर्व अनुमति के कुत्ता प्रेमियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में चार प्राथमिकी दर्ज की गईं।

## फिर विवादों में घिरे बालमुकुंद आचार्य, मुस्लिम युवक से कहा-वंदे मातरम् बोलो

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के विधायक बालमुकुंद आचार्य द्वारा एक शिक्षक को वंदे मातरम् और भारत माता की जय का नारा लगाने से कथित तौर पर इनकार करने पर फटकार लगाने का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। यह घटना इस महीने की शुरुआत में जयपुर के वैशाली नगर स्थित एक होटल में हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आयोजित एक निजी सम्मान समारोह के दौरान हुई थी। शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के स्कूलों के अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें 100 शिक्षक भी शामिल थे। आचार्य की हरकतों, जिसमें शिक्षक से बार-बार पूछताछ भी शामिल थी, ने काफी ध्यान आकर्षित किया है। महाराष्ट्र के अंसारी मोहम्मद राशिद नामक शिक्षक को उनकी दाढ़ी से मुसलमान बताते हुए, आचार्य ने उनसे वंदे मातरम का नारा लगाने पर ज़ोर दिया। राशिद के कथित इनकार के कारण ही आचार्य ने कार्यक्रम के दौरान इस मुद्दे पर बार-बार ज़ोर दिया। आचार्य ने रशीद की वफादारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप इस देश से खाते हैं, लेकिन इसके प्रति वफादार नहीं हैं। जयपुर के हवा महल से भाजपा विधायक ने आगे पूछा, आप वंदे मातरम क्यों नहीं कह रहे हैं? क्या आप बाहर से आए हैं? क्या आप हमारे देश के नहीं हैं? इधर-उधर देखते हुए उन्होंने मंच पर मौजूद अन्य लोगों से पूछा, वह इस देश में रहते हैं, लेकिन वंदे मातरम नहीं कहते। वह किस तरह के आदमी हैं? क्या उन्हें भारत या तिरंगे में विश्वास नहीं है?

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको परिवार से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। आज आप किसी नए बिजनेस को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के योग बन रहें, आज बॉस आपके किसी काम से खुश होंगे। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुई है, उनको ऑफिस में साथियों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बढ़िया लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपको शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन अगर आप विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये जाना चाहते हैं, तो आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप किसी नई योजना के ऊपर काम शुरू कर सकते हैं, जिसका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को दोगुनी मेहनत करने की जरूरत है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ख़ुशी भरा रहेगा। आज आप ऐसी चीज़ हासिल कर पाएंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आएंगे। आज ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा और आपके जूनियर भी आपसे काम सीखने आयेंगे।

**कन्या :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज किसी बड़े काम को शुरू करने से पहले किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सलाह करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको होलसेल के बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप पुराने कार्यों को पूरा करके नए कार्यों में भी रुचि दिखाएंगे। आज आप बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील साइन करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। इस राशि की महिलाएं गृह उद्योग शुरू कर सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपनी भावनाओं को कंट्रोल में रखें और किसी से भी ऐसी बात न बोले जिससे उसका दिल दुखे। आज अचानक आपके घर पर किसी रिश्तेदार का आगमन हो सकता है, अगर आप घर शिफ्टिंग का मन बना रहें तो आज आप कर सकते हैं।

**धनु :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। आज स्वास्थ्य सेवाएं दे रहें व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है।

**मकर :** आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं। आज आपको काम पूरा करने के लिये थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, अंतत: आपको अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर अपना खुद का होटल या रेस्टोरेंट ओपन कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज आपका दिन पहले से ज्यादा लाभ दिलवाने वाला रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जायेगी, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिये लाभकारी होगा। आज वाहन का प्रयोग करते समय आपको जरूरी कागजात अपने साथ रखने चाहिए।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके सब कुछ हासिल कर सकते हैं, आज आपके करीबी आपकी प्रशंसा करेंगे। आज आप बेवजह की बातों से दूर रहें और अपने समय का सही सदुपयोग करें। आज लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप डिनर पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

## वोटर अधिकार यात्रा में तेजस्वी यादव का ऐलान अगली बार राहुल गांधी को पीएम बनाएंगे

**बिहार।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए विपक्ष मिलकर काम करेगा। उनकी टिप्पणी से इस बात के स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि 2029 के आम चुनावों में राहुल गांधी को इंडिया ब्लॉक के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश किया जा सकता है। राजद नेता ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव होने पर हम राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की दिशा में काम करेंगे। बिहार के नवादा में 'मतदाता अधिकार' रैली का नेतृत्व करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की मौजूदगी में यादव ने यह टिप्पणी की। रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी को राज्य चलाने का मौका मिले। यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार 'खटारा' हो गई है और इसे तुरंत बदलने की ज़रूरत है। युवाओं को अब मौका मिलना चाहिए... हमारे पास बिहार के लिए एक विज़न है। युवाओं ने संकल्प लिया है कि वे इस पुरानी और जर्जर सरकार को सत्ता से हटाएँगे और अगले लोकसभा चुनावों के बाद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएँगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास बिहार के लिए दृष्टिकोण हैं।

## लोकतंत्र बचाने निकले हैं या तार-तार करने?

### राहुल-तेजस्वी की यात्रा पर तेज प्रताप का तंज, दी ये सलाह

**एजेंसी। बिहार**



बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मंगलवार को अपने छोटे भाई और राजद नेता तेजस्वी यादव को राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के भीतर गद्दारों से सावधान रहने की सलाह दी। तेज प्रताप ने एक्स पर लिखा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव लोकतंत्र बचाने के लिए निकले हैं या फिर लोकतंत्र को ताड़ ताड़ करने निकले हैं। क्योंकि जिस प्रकार से नबीनगर विधानसभा से विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह के गाड़ी चालक को और उसके साथ एक मीडिया पत्रकार भाई को जयचंद द्वारा मारा-पीटा और गाली गलौज किया गया है, यह बेहद ही गलत और शर्मनाक है। मैं इसकी कड़ी आलोचना करता हूँ। एक वीडियो साझा करते हुए तेज प्रताप ने एक्स पर लिखा कि मैं तेजस्वी को कहना चाहता हूं अभी भी समय है। अपने आस पास के जयचंदो से सावधान हो जाओ नहीं तो चुनाव में बहुत बुरा परिणाम देखने को मिलेगा। अब आप कितने समझदार हैं यह चुनाव परिणाम तय कर देगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, "कुछ गद्दार मेरे राजनीतिक करियर को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। लेकिन ये गद्दार नहीं जानते कि मेरा नाम तेज प्रताप यादव है। मैं और भी मज़बूती से आगे बढ़ता रहूँगा। चाहे कितनी भी बड़ी साजिश रची जाए, वे मुझे कभी नहीं हरा पाएँगे। तेज प्रताप ने इस साल के अंत में होने वाले पूर्वी राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पाँच छोटी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की थी। उन्होंने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की, जिसमें पाँचों दलों - विकास वंचित इंसान पार्टी (वीवीआईपी), भोजपुरिया जन मोर्चा (बीजेएम), प्रगतिशील जनता पार्टी (पीजेपी), वाजिब अधिकार पार्टी (डब्ल्यूएपी) और संयुक्त किसान विकास पार्टी (एसकेवीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल हुए।




## तेजस्वी यादव का आरोप, पीएमओ के इशारे पर बात कर रहे सीईसी

**एजेंसी। बिहार**



राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वह अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तथ्यों के साथ स्पष्ट जवाब देने में विफल रहे। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि सीईसी कुमार ने प्रधानमंत्री कार्यालय के इशारे पर बात की। तेजस्वी ने एएनआई से कहा कि उन्होंने अभी तक तथ्यों के साथ कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। हमें बताएँ कि जो लोग ज़िंदा थे उन्हें मृत क्यों घोषित कर दिया गया। ऐसे हज़ारों उदाहरण हैं जो हम पेश कर सकते हैं। उन्होंने सिर्फ़ वही पढ़ा है जो उन्हें पीएमओ से मिला था। वह वही कह रहे हैं जो उन्हें बताया गया था। अगर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली है, तो उन्हें बताना चाहिए। इसमें शर्म की क्या बात है?तेजस्वी की यह टिप्पणी रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हाल ही में किए गए "वोट चोरी" के दावों का खंडन करने और उन्हें सात दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने के निर्देश के बाद आई है। बिहार में चल रही 'मतदाता अधिकार यात्रा' का समर्थन करते हुए, तेजस्वी यादव ने कहा कि लोग समझ रहे हैं कि कैसे भाजपा ने कथित तौर पर चुनाव आयोग को प्रभावित किया और वोट चुराए। राजद नेता ने कहा कि यात्रा को लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है और लोग अब समझ रहे हैं कि कैसे भाजपा के लोगों ने मिलकर सबसे पहले चुनाव आयोग को चुराया। अब जब वोटों की चोरी हो रही है, तो जनता जागरूक हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार लोकतंत्र को टूटने नहीं देगा। उन्होंने कहा, "बिहार की धरती, जहाँ लोकतंत्र का जन्म हुआ, वहाँ लोकतंत्र को खत्म नहीं होने दिया जाएगा। यह एक ऐतिहासिक यात्रा होगी।" 'मतदाता अधिकार यात्रा' रविवार को सासाराम से शुरू हुई।

**सुप्रीम कोर्ट** 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर सियासत गर्म, भाजपा ने कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

# घुसपैठियों को मतदाता के रूप में चाहते हैं? : रविशंकर

- **मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस की यात्रा पर भाजपा और सहयोगी दलों ने हमला बोला है**

**एजेंसी। बिहार**



बिहार में चल रही कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के बीच, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर घुसपैठियों और मृत लोगों के नाम मतदाता सूची में बने रहने की इच्छा रखने का आरोप लगाया। प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने पेगासस और राफेल जैसे प्रमुख मुद्दों पर लोगों को गुमराह किया है। एएनआई से बात करते हुए, रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वे क्या चाहते हैं- घुसपैठियों को मतदाता बनाया जाए? जो लोग मर चुके हैं उन्हें मतदाता के रूप में रखा जाए? क्या दो जगहों पर सूचीबद्ध लोगों को मतदाता के रूप में रखा जाना चाहिए? वे क्या चाहते हैं? वे अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं कर पाए हैं।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैं राहुल गांधी से एक बात कहना चाहता हूं, आपने पेगासस का मुद्दा उठाया, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, कहा गया कि जिन्हें समस्या है वे अपना फोन जांच के लिए दें, लेकिन आपने अपना नहीं दिया। राफेल मुद्दे पर आपको सुप्रीम कोर्ट के सामने माफी मांगनी पड़ी...देश आपको कभी माफ नहीं करेगा। जिस तरह से आपने संसद का अपमान किया है, आपको कभी वोट नहीं मिलेंगे। लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने भी विपक्ष के अभियान की आलोचना करते हुए कहा कि इससे उनके गठबंधन को कोई फ़ायदा नहीं होगा।

## बिहार में राहुल की यात्रा के बीच एनडीए ने तैयार किया तगड़ा प्लान

- **23 अगस्त से बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए सम्मेलन आयोजित करेगा**
- **सम्मेलन के लिए एनडीए नेताओं की 14 संयुक्त टीमें बनाई गई हैं**

**बिहार।** बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी सहयोगी दल 23 अगस्त से सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ सम्मेलन आयोजित करेंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, इन विधानसभा सम्मेलनों के लिए एनडीए नेताओं की 14 संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। बिहार में एनडीए में भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) शामिल हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालाँकि, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने अभी तक तारीख की घोषणा नहीं की है। इस बीच, इंडिया ब्लॉक बिहार में 'मतदाता अधिकार यात्रा' आयोजित कर रही है, जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से भाजपा और ईसीआई द्वारा कथित मतदाता दमन और चुनावी हेराफेरी को उजागर करने के लिए 16 दिनों का अभियान है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को गयाजी से अपनी यात्रा के तीसरे दिन की शुरुआत की। चुनाव आयोग और भाजपा पर अपने "वोट चोरी" के आरोपों को दोहराते हुए, लोकसभा नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर "साझेदारी" कर रहे हैं।



# वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, शेफाली को नहीं मिला मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला वनडे विश्व कप 2025 के लिए मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला टीम का एलान कर दिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी और स्मृति मंधाना की उपकप्तानी में भारतीय टीम पहली बार खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। इस टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंह ठाकुर की वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल महिला वनडे विश्व कप का आयोजन होगा। यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बंगलूरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

## आठ टीमें लेंगी हिस्सा

महिला वनडे विश्व कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। उसने 2022 में न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराया था। ऑस्ट्रेलिया सात बार खिताब जीत चुकी है और वह टूर्नामेंट इतिहास की सबसे सफल टीम है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बंगलूरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आयेगा और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी।

भारतीय टीम श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ खेलने के बाद नौ अक्तूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेलेगी। टीम 19 अक्तूबर को इंदौर में इंग्लैंड से भिड़ेगी और फिर 23 अक्तूबर को गुवाहाटी में उसके सामने न्यूजीलैंड की चुनौती होगी। भारतीय टीम 26 अक्तूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

1. भारत-श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे मुकाबले
2. रेणुका सिंह ठाकुर की टीम में वापसी हुई है
3. फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जायेगा

***महिला विश्व कप 2025*** के भारतीय महिला टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) और स्नेह राणा। इसके अलावा बीसीसीआई की चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का एलान किया है।

## एमएफएन कंटेंडर्स सीरीज में पहली बार झारखंड के सूरज और स्वास्तिक जलवा बिखेरने को है तैयार



**रांची।** 22-24 अगस्त तक शहीद विजय सिंह पथिक इनडोर स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में होने वाली एमएफएन (मैट्रिक्स फाइट नाइट) कंटेंडर सीरीज़ में झारखंड के सूरज पाठक एवं स्वस्तिक कुमार अपना प्रतिभा बिखेरने के लिए तैयार है मैट्रिक्स फाइट नाइट का एक फॉर्मेट है. यह भारत में एमएमए (मिश्रित मार्शल आर्ट) के उभरते हुए और होनहार फाइटर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह एक तरह का "फीडर" इवेंट है, जिसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले फाइटर्स को एमएफएन के मुख्य इवेंट "इंटरनेशनल फाइट नाइट" में लड़ने का मौका मिलता हैं, इसका संचालन भारतीय फिल्म जगत के सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ करते हैं, एमएफएन कंटेंडर सीरीज़ भारतीयएमएमए फाइटर्स के लिए एक लॉन्चपैड है, फाइटर बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

## डेब्यू वनडे में पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर डेवाल्ड ब्रेविस ने बनाया दमदार रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बेबी एबी के नाम से लोकप्रिय दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने डेब्यू वनडे में एक अनोखी उपलब्धि अपने नाम की है। ब्रेविस इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत की। ब्रेविस को बल्लेबाजी के लिए छठे नंबर पर भेजा गया था। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर ब्रेविस ने तूफानी शुरुआत की और अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। गेंदबाज थे ट्रेविस हेड। वनडे में डेब्यू करते हुए अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले ड्रेवाल्ड ब्रेविस दक्षिण अफ्रीका के दूसरे खिलाड़ी बने। जोहान लॉ ने 2008 में बांग्लादेश के खिलाफ नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली गेंद पर छक्का लगाया था।

## छठवें रांची जिला योगासन चैंपियनशिप का हुआ भव्य समापन कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला योगासन खेल संघ के द्वारा छठवीं रांची जिला योगासन प्रतियोगिता का आज स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन बरियातू में समापन किया गया । जिसमें विभिन्न वर्ग के बालक - बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया । आज के कार्यक्रम सब जूनियर वर्ग के आर्टिस्टिक सिंगल (कलात्मक एकल) साथ समापन किया गया । रांची जिला योगासन संघ के सचिव डॉ. एस.के. घोषाल के अनुसार मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद (पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध), विशिष्ट अतिथि बबीता देवी (पूर्व विधायिका गोमिया), गिरिडीह अध्यक्ष संतोष कुमार, झारखंड योगासन के अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, स्वर्णरेखा संस्थान प्रिंसिपल डॉ. विद्यासागर एवं समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी कार्यक्रम में मौजूद रहे । रांची जिला अध्यक्ष सुभाष दुबे , झारखंड कोषाध्यक्ष प्रशांत, झारखंड सचिव चंदू कुमार, रांची सह सचिव आर्य प्रह्लाद भगत ,चैताली मुखर्जी के अलावा अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रायोजक के रूप में राजेश मिश्रा रीजनल हेड आईसीआईसीआई बैंक, आशीष कुमार एवं रूपेश केसरी ज़ी , डि चार्ल्स जी की मुख्य भूमिका रही । मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद ने सभी योगासन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर शंकर राणा , चैंपियनशिप मैनेजर राहुल रंजन, अजय कुमार महतो ,कोमल सिंह, ममता माझी ,रैना साव, माही कुमारी, कसक, मोहित एवं पवन उपस्थित रहे।

# भारतीय टीम इंडिया का ऐलान



**सूर्यकुमार कप्तान, गिल उपकप्तान, जायसवाल बाहर**

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह

*एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ होगा। वहीं, 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होना है।*

**एजेंसी। मुंबई**

बीसीसीआई ने एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान हैं, जबकि शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टीम से बाहर हो गए हैं।

एशिया कप के लिए यशस्वी जायसवाल को जगह न मिलने की खबरें सही साबित हुई हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने यशस्वी जायसवाल को ड्रॉप करते हुए तीसरे ओपनर के रूप में टीम में शुभमन गिल को जगह दी है। गिल को टीम का उपकप्तान भी बनाया गया है। संजू सैमसन विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। दूसरे विकेटकीपर के रूप में जितेश शर्मा को जगह दी गई है।

टीम में बतौर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और रिंकू सिंह को जगह मिली है। वहीं, बतौर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को जगह दी गई है।

एशिया कप यूएई में खेला जाएगा। वहां की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। ऐसे में टीम में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को जगह दी गई है। बतौर तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा को जगह दी गई है।

## 29 अगस्त से सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप का होगा आयोजन

**रांची।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इसी प्रतियोगिता से सिमडेगा जिला का टीम चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर हॉकी सिमडेगा के द्वारा विगत 19 वर्षो से सिमडेगा जिला के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सीनियर महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित किया जाता आ रहा है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दिनांक 29 अगस्त से 10 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 20 वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 आयोजित है। जिसमे सिमडेगा जिला के वैसे खिलाड़ी और टीम भाग ले सकते है जो सिमडेगा जिला में रहने हो एवम वर्तमान समय में वर्तमान समय में सिमडेगा में रहते है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करते है। जिला के बाहर वैसे खिलाड़ी जो सिमडेगा जिला के हॉकी का ट्रेनिग सेंटरो में रह कर हॉकी का ट्रेनिग लेते है (सिर्फ झारखंड के) । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इसी प्रतियोगिता से सिमडेगा जिला का टीम चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष जितनी भी टीम भाग लेगी। जिन्हे 4=4 या 3=3 टीमों का पिछले वर्ष के रैंकिंग के आधार पर अलग अलग पूल बनाकर ,किसी भी पूल में सामिल टीमों को अपने पूल के सभी टीमों का आपस में लीग मैच कराया जाएगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत में जुलाई में बेरोजगारी दर घटकर 5.2 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** भारत में जुलाई में बेरोजगारी दर में कमी आई है और यह घटकर 5.2 प्रतिशत रह गई है, जो कि जून में 5.6 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में दी गई। बेरोजगारी दर घटने के साथ रोजगार में भी इजाफा देखने को मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई 2025 के महीने के दौरान, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर 54.9 प्रतिशत हो गई है, जबकि जून 2025 के दौरान यह 54.2 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर में मामूली वृद्धि हुई है और यह समान आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए जून 2025 में 46.8 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 2025 में 47.0 प्रतिशत हो गया है। जुलाई 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की ग्रामीण महिलाओं के लिए डब्ल्यूपीआर 35.5 प्रतिशत हो गया है, जबकि शहरी महिलाओं के लिए यह 23.5 प्रतिशत है।

# 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें डिजिटली कनेक्ट हुई : केंद्र सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए, देश में भारतनेट परियोजना के तहत 2,14,325 ग्राम पंचायतों (जीपी) को डिजिटल तौर पर जोड़ा गया है। यह जानकारी मंगलवार को सरकार की ओर से संसद में दी गई।

इसके साथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि जून तक देश में विभिन्न सरकारी वित्त पोषित मोबाइल परियोजनाओं के तहत 21,748 मोबाइल टावर चालू किया गया है।

उन्होंने बताया कि देश के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में 4जी मोबाइल सेवाओं से वंचित गांवों में सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा 26,316 करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना चलाई जा रही है। कवरेज से वंचित देश के दूरदराज और ग्रामीण इलाकों और द्वीपों में उच्च-बैंडविड्थ क्षमता वाली इंटरनेट/ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा कई कदम और परियोजनाएं शुरू की गई हैं।




सरकार ने बताया कि विभिन्न ऑप्टिकल फाइबर केबल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जैसे चेन्नई और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (2,312 किमी) के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल, मुख्य भूमि (कोच्चि) और लक्षद्वीप द्वीप समूह (1,869 किमी) के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल, और लक्षद्वीप द्वीप समूह में 225 किमी ओएफसी नेटवर्क का निर्माण करना। इन परियोजनाओं से द्वीपों में फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड/इंटरनेट सेवाओं, मोबाइल सेवाओं (4जी/5जी) और अन्य हाई-स्पीड डेटा सेवाओं को तेजी से शुरू करने में मदद मिली है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया, "भारतनेट परियोजना के तहत निर्मित बुनियादी ढांचा एक राष्ट्रीय संपत्ति है, जो सेवा प्रदाताओं के लिए बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध है और इसका उपयोग ब्रॉडबैंड सेवाएं जैसे फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, लीज्ड लाइनें, डार्क फाइबर, मोबाइल टावरों तक बैकहॉल आदि प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।" देश के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट/डेटा और मोबाइल सेवाओं के प्रावधान के लिए विभिन्न परियोजनाएं भी कार्यान्वित की गई हैं।

## सोने-चांदी का दाम लगातार चौथे दिन लुढ़का

**एजेंसी। मुंबई**



सोने और चांदी दोनों में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र था, जब हाजिर बाजार में कीमती घातुओं के दाम में कमी देखने को मिली है। सोने की कीमत 99,200 रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे पहुंच गई है। वहीं, चांदी का दाम 1.14 लाख रुपए प्रति किलो से कम हो गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 455 रुपए कम होकर 99,168 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत घटकर 90,838 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 74,376 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। बीते 24 घंटे में चांदी का दाम 425 रुपए कम होकर 1,13,625 रुपए प्रति किलो हो गया है। आईबीजेए की ओर दिन में दो बार हाजिर बाजार में सोने और चांदी की कीमतें जारी की जाती है।

## भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 370 अंक उछला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 370.64 अंक या 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,644.39 और निफ्टी 103.70 अंक या 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,980.65 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 551.50 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,664.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 123.90 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,914.30 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल,टाटा स्टील, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, इन्फोसिस, टाइटन और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, एमएंडएम, एचसीएल टेक, बीईएल और एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स थे। रूस और यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने के संकेतों से भी आशावाद बढ़ा, जिससे निकट भविष्य का दृष्टिकोण समेकन से सकारात्मक रुख की ओर मुड़ गया। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता पर अधिक स्पष्टता आने तक इस तेजी को प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं, अनुज्ञप्ति रद्द होगी : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** धान की फसल के इस अहम मौसम में किसानों को यूरिया खाद की सबसे अधिक ज़रूरत है, लेकिन जिले में इसकी कालाबाजारी और मनमानी बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। किसान आरोप लगा रहे हैं कि कई थोक व खुदरा विक्रेता यूरिया खाद एमआरपी से अधिक दर पर बेच रहे हैं और यूरिया के साथ अनावश्यक सामग्री (जैसे एंजाइम, बाल्टी) खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। इस पर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को जिले के सभी अंचल अधिकारियों और अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य 266 रुपये प्रति पैकेट है, उससे अधिक दर पर बिक्री करने वाले दुकानदारों पर सीधे अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई होगी।

उपायुक्त ने आदेश दिया कि सभी थोक और खुदरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाए और रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि हर दुकान पर स्टॉक और दर सूची अनिवार्य रूप से बाहर प्रदर्शित हो।

जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू ने जानकारी दी कि जिले में करीब 280 खाद-बीज अनुज्ञप्ति धारक दुकानदार हैं, लेकिन इनमें से कई यूरिया की बिक्री एमआरपी से अधिक दर पर कर रहे हैं। किसानों के लिए यह गंभीर समस्या बन चुकी है।

उपायुक्त ने चेतावनी दी कि खाद-बीज विक्रेता केवल प्राधिकृत थोक दुकानों से ही खरीदारी करें और प्रति किसान सिर्फ एक पैकेट यूरिया ही उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि औचक जांच लगातार चलती रहेगी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी यूरिया एमआरपी से अधिक पर बिकता है या जबरन अन्य सामान थोपने की कोशिश की जाती है, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचना दें।

## सीओ सह बीडीओ ने किया मुख्यमंत्री दालभात केंद्र का निरीक्षण लगाई



**रमना।** सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पाण्डेय ने प्रखंड परिसर में संचालित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र सह दीदी कैफे का और चक निरीक्षण किया इस क्रम में, रसोईघर और भोजनालय भवन की साफ सफाई और भोजन की गुणवता की जाँच किया। भोजनालय भवन में खाना खा रहे मजदूरों को मिला इस केंद्र से भोजन की गुणवता पर कड़ी आपत्ति जतायी साथ ही चावल, दाल और स जी की गुणवता को सुधारने की सख्त निर्देश दिया। गरीब मजदूर लोगो को सस्ते दर पर भोजन की व्यवस्था सरकार द्वारा किया गया है जिससे की कोई भी गरीब भूखा नहीं रहे। मुख्यमंत्री दालभात केंद्र सह दीदी कैफे का संचालन नूरजहां रुपन महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाता है। इस केंद्र से प्रखंड में कार्यरत चतुर्थवार्गीय कर्मचारी और मजदूर लोग भोजन करते है, भोजन में गुणवता की कमी का लोग में दबे जुबां चर्चा थी, इसकी भनक सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को लग गयी, इसकी सत्यता जानने के लिए दाल भात केंद्र का दोपहर के भोजन के समय ही औचक जाँच किया, जिसमे भोजन की गुणवता देख कड़ी फटकर केंद्र संचालक समूह को लगाया साथ ही सख्त निर्देश दिया की भोजन की गुणवता में कोई कमी हुई तो अगली बार सख्त कारवाई की जाएगी।

# निरीक्षण में एसडीएम ने जताई नाराजगी झोलाछाप क्लीनिकों में मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**



**मझिआंव।** गढ़वा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में एसडीएम संजय कुमार ने पीसीसी पथ, छठ घाट, श्मशान घाट सहित कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इधर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो भी विकास योजनाओं में गड़बड़ी पाई गई है संबंधित संवेदकों पर नोटिस भेज कर गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न करने का कार्य करूंगा ताकि 3 साल का एग्रीमेंट होता है इस बीच में यदि गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किए जाने पर यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो यह संवेदक की जिम्मेदारी होती है कि उसे कार्य को पुनः मरम्मत कराया जाए। बताते चले की इस दौरान राधा कृष्ण नर्सिंग होम एसडीएम संजय कुमार ने पहुंचा और दस्तावेज से संबंधित जानकारियां लि जिसमें कई तरह की अनियमिता पाई गई। इधर, उनके अचानक बाजार परीक्षेत्र में पहुंचने से झोलाछाप डॉक्टरों में अफरा-तफरी मच गई। इधर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही प्रशासनिक टीम राधा कृष्ण मंदिर के समीप पहुंची, सड़कों के किनारे वर्षों से संचालित अवैध क्लीनिकों के संचालकों ने हड़बड़ी में अपने-अपने क्लीनिक बंद कर भाग खड़े हुए। बताते चले कि झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा कई वर्षों से अवैध रूप से क्लिनिक चलाया जा रहा है और अवैध रूप से क्लिनिक फल फूल रहे हैं। ज्ञात हो कि कोई भी स्वास्थ्य विभाग से उच्च अधिकारियों को आने का सुगबुगाहट होती है तो झोलाछाप डॉक्टर अपना अपना क्लीनिक का शटर डाउन कर भाग खड़े हो जाते हैं।

# बेतला जंगल में शिकारी गिरोह पर वन विभाग का शिकंजा, 4 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** पलामू व्याघ्र परियोजना के उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत बेतला जंगल में वन विभाग की गश्ती टीम ने रविवार की मध्य रात्रि बड़ी कार्रवाई कर चार शिकारियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान शिकारियों ने वनकर्मी पर गोली भी चलाई, लेकिन जवान की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना टल गई। पकड़े गए आरोपियों के पास से हथियार और शिकार से जुड़े कई सामान बरामद किए गए हैं। डीएफओ प्रजेश जेना के निर्देश पर बेतला रेंजर उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम जंगल में गश्त कर रही थी। आधी रात को बीसी-2 के बंजारी मार्ग पर बंदूक चलने जैसी आवाज सुनाई दी। टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अचानक गश्ती टीम को देखकर चारों शिकारी घबरा गए। इनमें से दो मौके से फरार हो गए और दो को वनकर्मियों ने घेरकर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लोधा मुंडा और लखन परहिया के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान एक आरोपी ने देसी भरठुआ बंदूक से वनरक्षी संतोष कुमार पर सीधा फायर कर दिया। हालांकि संतोष कुमार ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल जमीन पर लेटकर खुद को बचा लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने साहस दिखाते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए शिकारियों से मिली जानकारी के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की गई। इस दौरान चुगरू छीपादोहार गांव से सोम मुंडा और बलराम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें सोमवार को लातेहार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। छापामारी के दौरान वन विभाग ने चार देसी भरठुआ बंदूक, हिरन का सींग, दो टॉर्च, तसला-चाकू, 15 ग्राम बारूद और कई अन्य सामान बरामद किए। रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से जंगल में शिकारियों की गतिविधियां बढ़ने की सूचना मिल रही थी। इसी सूचना के आलोक में विशेष गश्ती टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए शिकारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# राहुल सिंह गिरोह के 4 अपराधी गिरफ्तार

- दो पिस्टल, 50 राउंड कारतूस और लेवी के 22 हजार बरामद
- विदेशी ब्लॉक वेपन भी पुलिस ने किया बरामद
- सिंगरा फ्लाई ओवर गोलीकांड में शामिल थे अपराधी
- लातेहार, बालूमाथ में राहुल सिंह गिरोह सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। एएसपी अभियान राकेश सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि नेशनल हाइवे में चल रहे काम में लेवी लेने के लिए चार अपराधी हावी है और फायरिंग करने के फिराक में हैं। सूचना के आधार पर एसडीपी सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने पोखराहा अकड़ाही आहर नेशनल हाइवे के पास दो बाइक पर चार व्यक्ति संदेहास्पद पाये गए। संदेह होने पर पुलिस ने चारों की तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में उन लोगों के पास से दो पिस्टल, 50 रांउड कारतूस, दो बाइक और लेवी के 22 हजार रुपये बरामद किया गया। बरामद पिस्टल में से एक विदेशी ब्लॉक वेपन पिस्टल पाया गया, जो झारखंड में बहुत ही कम फोर्स के पास मिलता है। ब्लॉक वेपन पिस्टल की कीमत सात से आठ लाख रुपये बतायी जा रही है। पकड़े गए सभी अपराधी राहुल सिंह गिरोह के लिए काम करते हैं। चार अपराधी में से तीन का इतिहास अपराधिक रहा है। सभी अपराधी मेदिनीनगर और आसपास के हैं। रेकी और गोली चलाने का खर्च राहुल सिंह देता था।

छापेमारी दल में एसडीपीओ सदर मणीभूषण, सुरेश राम पुलिस निरीक्षक शहर अंचल, सदर थाना प्रभारी लालजी, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, संजय कुमार चैनपुर थाना, रंजीत कुमार-02 सदर थाना, नबी अंसारी सदर थाना, चंद्रशेखर दुबे सदर थाना शामिल थे।

### सिंगरा फ्लाई ओवर गोलीकांड में थे शामिल

चार जुलाई को हुई सिंगरा फ्लाई ओवर फायरिंग में सहजाद आलम, साहिल कुमार और रोहित कुमार शामिल थे। सहजाद आलम ने बाइक से जाकर गोली चलाई थी, जिसमें एक मजदूर को गोली लगी थी। सिंगरा फायरिंग में प्रयोग किए गए बाइक और हथियार को बरामद कर लिया गया है।

## पेज एक के शेष

### सांसद चौधरी ने...

के बारे में भी जवाब मांगा है। उन्होंने मजदूरों की परिवारों को सरकार द्वारा क्या सहायता और मुआवजा दिया प्रदान किया जा रहा है, विशेष कर तब जब ये परिवार वित्तीय रूप से बेहद निर्बल हैं, को लेकर भी जवाब मांगा है। उन्होंने इस मामले को नियम 377 के अधिसूचना क्रम संख्या 29 के तहत लोकसभा में उठाया।

### पलामू सांसद ने...

अलख दुबे ने बताया कि सांसद विष्णु दयाल राम लगातार प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और केंद्र व राज्य सरकार के साथ संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद की प्राथमिकता हर हाल में पलामू और गढ़वा के लोगों को राहत और सहायता दिलाना है।

### नक्सलवाद के उन्मूलन...

विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं। 4,51,047 रुपए लेवी की राशि भी बरामद हुई। साथ ही, नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 179 आईईडी को बरामद कर नष्ट किया गया। जून 2025 तक कुल 197 नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया है। कई नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण भी किया है।

### हजारीबाग के होटलों...

ये सभी होटल रांची-पटना हाईवे और उसके आसपास स्थित हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कमरे की तलाशी ली और कई फोटो व वीडियो सबूत जुटाए। लगभग दो दर्जन युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया, जिनमें कुछ कॉलेज छात्राएं भी शामिल हैं। पुलिस होटल संचालकों से पूछताछ कर उनके कनेक्शन और इस पूरे रैकेट के बारे में जानकारी जुटा रही है। हिरासत में लिए गए युवक-युवतियों से भी पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में इस बात के संकेत मिले हैं कि इस रैकेट के संचालन में शहर के कई हाई प्रोफाइल लोग लिप्त हैं। पुलिस साक्ष्य जुटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। जिन होटलों में छापेमारी की गई है, उन्हें फिलहाल सील कर दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के...

हमने बी सुदर्शन रेड्डी को संयुक्त उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। उन्होंने कहा कि सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। सभी विपक्षी दलों के सांसद बुधवार की दोपहर 1:00 बजे सेंट्रल हॉल में बैठक करेंगे। वहीं, टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा, आम आदमी पार्टी समेत सभी विपक्षी दल इस पर सहमत हैं। ज्ञात हो कि एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर अहम बैठक हुई थी, जिसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप दिया था। बैठक में तय किया गया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 20 अगस्त को नामांकन करेंगे।

**किसान परिवार से जुड़े हैं जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी :** जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई 1946 को आंध्र प्रदेश के रंगारेड्डी जिले के आकुला मायलावरम गांव में हुआ। वे किसान परिवार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने हैदराबाद में पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से विधि की डिग्री प्राप्त की। उसी साल वकालत के लिए पंजीकरण कराया। इसके बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता के. प्रताप रेड्डी के चैंबर में शामिल हुए। उन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में रिट और दीवानी मामलों में वकालत की। वर्ष 1988 से 1990 तक, उन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में सरकारी वकील के रूप में कार्य किया। इसके बाद कुछ समय के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में नियुक्त हुए। साल 1993-94 के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए। 8 जनवरी 1993 को उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कानूनी सलाहकार और स्थायी वकील नियुक्त किए गए। 2 मई 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए। उसके बाद 5 दिसंबर, 2005 को उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। 12 जनवरी, 2007 को जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश चुना गया था। वह 8 जुलाई, 2011 को सेवानिवृत्त हुए।

### भारत में जुलाई...

आयु के व्यक्तियों के बीच वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर 54.9 प्रतिशत हो गई है, जबकि जून 2025 के दौरान यह 54.2 प्रतिशत थी। रोजगार में बढ़त दिखाने वाला एक और इंडीकेटर श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) जुलाई 2025 के महीने के दौरान, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जून 2025 में 53.3 प्रतिशत से बढ़कर 54.4 प्रतिशत हो गया है। शहरी क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर में मामूली वृद्धि हुई है और यह समान आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए जून 2025 में 46.8 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 2025 में 47.0 प्रतिशत हो गया है। जुलाई 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की ग्रामीण महिलाओं के लिए डब्ल्यूपीआर 35.5 प्रतिशत हो गया है, जबकि शहरी महिलाओं के लिए यह 23.5 प्रतिशत है। जुलाई 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर इसी आयु वर्ग की महिलाओं का समग्र डब्ल्यूपीआर 31.6 प्रतिशत था। जुलाई 2025 के दौरान, ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में समान आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए एलएफपीआर क्रमशः 56.9 प्रतिशत और 50.7 प्रतिशत थी। जुलाई, 2025 के दौरान 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के ग्रामीण पुरुषों के लिए सीडब्ल्यूएस में एलएफपीआर 78.1 प्रतिशत था, जबकि इसी आयु वर्ग के शहरी पुरुषों के लिए एलएफपीआर 75.1 प्रतिशत था। जुलाई 2025 के दौरान समान आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाओं में एलएफपीआर बढ़कर 36.9 प्रतिशत हो गया, जबकि जून 2025 के दौरान यह 35.2 प्रतिशत था। ज्ञात हो कि पीएलएफएस के मासिक बुलेटिनों में अखिल भारतीय स्तर पर श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) के अनुमान वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) के तहत लैंगिक, क्षेत्र और व्यापक आयु-समूहों के आधार पर पेश किए जाते हैं।

### कुलदीप द्विवेदी बनाए...

द्विवेदी को उनकी ईमानदार छवि और सख्त अनुशासनप्रिय कार्यशैली के लिए जाना जाता है। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। राज्य में उन्होंने कई दुर्दांत नक्सलियों और अपराधियों को गिरफ्तार किया था। कई का एनकाउंटर भी किया था। असम-मेघालय कैडर (वर्ष 2007 बैच) के आईपीएस अधिकारी सी वेंकट सुब्बा रेड्डी, डीआईजी, सीबीआई को भी सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 29 अक्टूबर 2029 तक, पांच वर्ष की प्रतिनियुक्ति पूरी होने तक, या अगले आदेश तक रहेगा।

## पनघटवा डेम में डुबने से युवक की मौत

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के पनघटवा डेम में फिसल कर या नहाने के क्रम में युवक की मौत मिर्तक पनघटवा निवासी बीरेंद्र कोरवा पिता शिवपूजन कोरवा ग्राम बहरवा दामर पंचायत भंडार का निवाशी था। प्राप्त जानकारी अनुसार युवक पनघटवा डेम में नहाने गया था अचानक फिसलने से युवक गहरा पानी में चला गया और मौत हो गई। पुलिस ने हादसे को लेकर एक आशंका जताई और कहा कि युवक तैरना जानते थे, लेकिन शायद एक गलती की वजह से उनकी जान चली गई। शव को पुलिस अपने कब्जे लेकर आत्य प्रिछन के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## दुर्गा पासवान की सर्प दंश से मौत

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के अलीनगर गांव निवासी 55 वर्षीय दुर्गा पासवान की मौत सर्प दंश से हो गई। दुर्गा पासवान की असामयिक मौत से घर के लोगों का रो- रो कर बुरा हाल है। न्यायिक मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने बताया कि घर में दुर्गा पासवान अकेला कमाने वाला था। सर्प दंश से मौत होने से परिजनों का बुरा हाल है। उन्होंने अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार से दुर्गा पासवान के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से आर्थिक सहायता करने की मांग की है।

## जल-जंगल बचाओ अभियान की बड़ी कार्रवाई

# अवैध महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान गांव के दक्षिणी जंगल में चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण पर जल-जंगल बचाओ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान में पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की संयुक्त भागीदारी रही। सूत्रों के अनुसार, जंगल में अवैध रूप से महुआ शराब बनाई जा रही थी। अभियान के दौरान 6 ड्रामों में भरे करीब तीन क्विंटल जवा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई भवनाथपुर थाना के एसआई नारायण प्रसाद यादव के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर महुआ शराब के इस अवैध कारोबार को नष्ट किया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में लगे पेड़ को कटाई कर शराब बनाने में उपयोग किया जा रहा है। एक तरफ शराब बना कर पीने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, वहीं जंगल में लगे पेड़ की कटाई से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने अभियान में सहयोग करते हुए जंगल को अवैध गतिविधियों से मुक्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस संयुक्त प्रयास से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि जंगल और पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रशासन और जनता एकजुट होकर काम कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि छापामारी के दौरान शराब बनाने के लिए ड्रम में छुपा कर रखे गए सभी जावां महुआ को पुलिस द्वारा नष्ट कर दिया गया है, जबकि अवैध महुआ शराब की कारोबार में संलिप्त बचनदेव उरांव और तेजनारायण साह के विरुद्ध थाने में सनहा दर्ज किया गया है।

## कांग्रेस का बोदा पंचायत कमिटी का गठन

# कांग्रेस की मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान जरूरी है : गुंजर उंराव

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बोदा पंचायत में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अख्तर अंसारी को अध्यक्ष चुना गया वहीं 12 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार जिला कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान जरूरी है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिये हम सबों को राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में लातेहार जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी मजबूत होगा तभी कांग्रेस केन्द्र तक मजबूत होगा। निर्मल भारती ने कहा कि भाजपा के शासन में बड़े पूंजीपति खुशहाल रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में नव-निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, महासचिव का स्वागत कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का समापन एकता, भाईचारे और जनसेवा की शपथ के साथ हुआ। मौके पर अख्तर अंसारी अध्यक्ष सागर प्रजापति, अपराजिता कुमारी, श्री राम शर्मा, लक्ष्मण साहू, दामोदर उपाध्याय, रिझरूस पॉल एक्का, अब्दुल अंसारी, अकबर अंसारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# खैरानाला तालाब जीर्णोद्धार का फर्जी पानी पंचायत गठन कर राशि गबन करने का आरोप

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव ने हुसैनाबाद एसडीओ को आवेदन देकर महुदंड के खैरानाला तालाब जीर्णोद्धार योजना में मुखिया द्वारा लाभुक क्षेत्र से अलग गांव का अध्यक्ष सचिव बनाकर खैरानाला तालाब जीर्णोद्धार का बिना कार्य कराए पैसे की निकासी कर ली गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दूसरा तालाब दिखाकर अध्यक्ष शिव प्रसाद रजवार सड़ेया एवं सचिव राजेश्वर यादव डंडीला के द्वारा राशि निकाल ली गई है। जबकि भूमि संरक्षण विभाग के नियामानुसार उसी गांव या पंचायत के रहने वाले लाभुक को अध्यक्ष एवं सचिव चुनने की व्यवस्था है। आरोप है कि मुखिया द्वारा नियम बिरूद्ध पानी पंचायत का गठन कर मुखिया एवं अध्यक्ष सचिव के द्वारा सरकारी राशि का गबन किया गया है, जो जाँच का विषय है। उन्होंने कहा है कि योजना का प्राक्कलित राशि लगभग एक लाख 60 हजार रूपये है, जिसमें लगभग एक लाख 20 हजार रुपए की निकासी कर ली गई है। पूर्व मुखिया विजय यादव ने जाँचोपरान्त मुखिया एवं अध्यक्ष सचिव पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।


# उत्साही युवाओं ने भौंराहा पर्वत की ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

- पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की जरूरत पर दिया बल

**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय उत्साही युवाओं ने भौंराहा पर्वत की हजारों फीट ऊंची चोटी पर तिरंगा को लहराकर देश और प्रकृति के प्रति प्रेम का अतुलनीय व प्रशंसनीय उदाहरण पेश किए हैं। उन्होंने यह भी साबित कर दिया है कि यदि मन में जुनून और जज्बा हो, तो दुर्गम और जोखिम भरी मंजिल को भी प्राप्त किया जा सकता है। यह कारनामा उन्होंने जन्माष्टमी के दिन कर दिखाया है। इस प्रकार युवाओं के इस साहस से स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन और वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के पहले नयनाभिराम दृश्यों के छायांकन ने एक रिकार्ड कायम कर जनमानस को अलग ही अनुभूति प्रदान की है। जिसके संबंध में जानकारी और तस्वीर मुखिया कमला देवी के सुपुत्र युवा समाजसेवी रौशन कुमार ने राष्ट्रीय नवीन मेल को साझा कर बताया कि काफी समय से इस पर्वत की चोटी पर चढने की सोंच थी। जिसके पूरा होने से उन्हें बड़ी खुशी के साथ ही तन-मन को नई ऊर्जा भी मिली है। उन्होंने कहा कि पर्वत की चोटी से दूरदराज के प्राकृतिक सौंदर्य का दृश्यावलोकन और छायांकन करना सुकून व आनंद दायक लगता है। चोटी पर काफी सपाट पत्थर हैं। जहां काफी लोग ठहरकर नयनाभिराम दृश्यों और वनभोज का आनंद उठा सकते हैं। अव्वल, तो 30 फीट से अधिक ऊंचा खड़ा अजूबा पत्थर भी है। जिस पर चढ पाना आसान नहीं है। मगर साथी प्रवीण ने हिम्मत जुटाकर उस पर भी तिरंगा लहरा दिया। यह पत्थर आकर्षक दृश्य उपस्थित करता हुआ अलग ही पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि इस पर्वत के मध्य में स्थित निरीक्षण भवन (अब खंडहर) से होते हुए चोटी तक सीढी बना दिया जाता है, तो ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचुल्हा के साथ एक और पर्यटकीय आयाम स्थापित किया जा सकता है। हालांकि अभी भी वहां तक पहुंचने की राह मुश्किल भरा नहीं हैं। चढ़ाई को सावधानी पूर्वक चलते हुए पगडंडी जैसे रास्ते से पूरा किया जा सकता है। इस दौरान उनके साथ विवेकानंद पटेल वीएलडब्ल्यू सह पंचायत सचिव प्रभारी कल्याण पदाधिकारी, रवि कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर (थाना) के अलावा मनीष और प्रेम कुमार शामिल थे।

### पहले से भी लोगों की जुड़ी है आस्था, फहराया जाता है महावीरी ध्वज



बुजुर्ग रामजन्म राम व रघुवीर चौधरी सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि इस पर्वत की चोटी पर काफी वर्षों पूर्व से वनदेवता के रूप में सिद्ध महाराज की चैत शुक्ल पक्ष और मकरसंक्रांति के पावन मौकों पर पूजा-पाठ के साथ महावीरी ध्वज फहराया जाता रहा है। बाद में वहां हनुमानजी की मूर्ति भी स्थापित कर दी गई है। जबतक शिलापर गांव के हीरा साव जीवित रहे थे, इन मौकों पर पूरे साज-बाज के साथ पूरी मंडली पूरी एक रात वहां भजन-कीर्तन करती रही थी। जिसमें बड़े-बुजुर्ग सभी शामिल रहते थे। इन वजहों से इस पर्वत की चोटी को धार्मिक आस्था व विश्वास के साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की जरूरत है, यह कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## लद्दाख में पैंगोंग झील के पास बाढ़ में बह गया बाइकर



**लेह ।** केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां प्रसिद्ध पैंगोंग झील के पास एक बाइक सवार अचानक से आई बाढ़ में बह गया। बाइकर के बाढ़ में बहने की घटना कैमरे में कैद हो गई और इसका खतरनाक वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लगातार भारी बारिश और बादल फटने के बीच हुई है। आइए जानते हैं इस पूरी घटना के बारे में विस्तार से। वहीं, बाढ़ में बहे बाइक सवार को बाद में भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया। हालांकि, बाइक बाढ़ के पानी में बह गई। यह घटना इस क्षेत्र में अप्रत्याशित मौसम की स्थिति और अचानक आई बाढ़ से जुड़े खतरों को उजागर करती है।

## फिनलैंड के सांसद ने संसद भवन के अंदर आत्महत्या की



**हेलसिंकी ।** फिनलैंड के एक सांसद ने संसद भवन के अंदर आत्महत्या कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को सुबह लगभग 11 बजे संसद भवन में एक व्यक्ति को मरा हुआ पाया गया। सांसद की पहचान फिलहाल अभी नहीं हो पाई है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, इस घटना में किसी आपराधिक संलिप्तता की कोई जानकारी अब तक नहीं मिली है।

## क्या बड़ा गेम कर रहे हैं मोदी? पहले जिनपिंग के मंत्री से की मुलाकात अब जयशंकर को भेजा रूस



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने टैरिफ कार्ड के जरिए दुनियाभर के देशों को झुकाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में रूस से तेल खरीद को लेकर वो भारत को निशाना बना रहे हैं। पहले 25 प्रतिशत और उसके बाद 50 प्रतिशत तक का टैरिफ भारत पर थोपने का वो ऐलान कर चुके हैं। ट्रंप भारत को डराना और झुकाना चाहते हैं जिससे वो अमेरिका की शर्तों पर ट्रेड डील करने को राजी हो जाए। लेकिन भारत ने अमेरिका के आगे झुकने की बजाए टैरिफ वॉर का सामना करने का रास्ता चुना है।



# किश्तवाड़ में 65 की मौत, 200 लापता, अपनों की तलाश जारी

### 4 मंदिर समेत पूरा गांव मलबे में दबा, चश्मदीद बोले- एक धमाका और सब खत्म

**एजेंसी । किश्तवाड़**

'दोपहर का वक्त था। हम सब घर पर ही थे। तभी एक भयानक आवाज सुनाई दी। बेटी ने कहा- लगता है, कोई वीआईपी हेलिकॉप्टर से मचैल माता की यात्रा में शामिल होने आया है। हम जैसे ही बाहर निकले, हमें पहाड़ी के ऊपर अजीब सी धुंध और धूल दिखाई दी। पल भर में बड़े-बड़े पत्थर और मलबा पानी के साथ हमारी ओर आने लगा। चंद सेकेंड में पूरा गांव इस मलबे के नीचे दफन हो गया। किश्तवाड़ के चसोटी गांव में 14 अगस्त की दोपहर बादल फटने के बाद आए सैलाब को पूजा देवी ने बहुत करीब से देखा है। उनका मकान गांव के पास ही थोड़ी ऊंचाई पर है। लिहाजा घर तो सुरक्षित बच गया, लेकिन गांव के काली मंदिर में पूजा-पाठ करने गए अपने पिता को उन्होंने खो दिया। पूजा बताती हैं कि काली माता मंदिर के आस-पास ही गांव में 4 मंदिर थे, लेकिन किसी का नामोनिशान नहीं बचा। हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। ये पैदल यात्रा का पहला पड़ाव है।

25 जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से ही यहां लंगर चल रहा था। रोज 5000 लोगों के लिए खाना बन रहा था। घटना के दिन भी यहां काफी श्रद्धालु थे। सैलाब में उनकी बसें, टेंट, लंगर, दुकानें सब बह गईं। हादसे में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। 80 लापता लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना के 300 से ज्यादा जवान, व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। किश्तवाड़ के चसोटी गांव में दैनिक भास्कर की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची। हमने मौजूदा हालात और रेस्क्यू देखा। साथ ही घटना के चश्मदीदों और प्रभावितों से मिले।

### बादल फटने से नुकसान

**65** से ज्यादा की मौत | **5000** से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए | **200** लोग अब भी लापता

### क्या-क्या तबाह हुआ

**16** मकान | **04** मंदिर | **01** ब्रिज | सीआईएसएफ

### सब बाढ़-मलबे में दफन, गांव का नामोनिशान नहीं बचा

जम्मू से करीब 210 किमी का सफर तय कर हम किश्तवाड़ पहुंचे। चसोटी गांव यहां से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते में पहला गांव है। ये जगह पड्डर घाटी में आती है, जो 14-15 किलोमीटर अंदर की ओर है। इस इलाके के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं। इतनी ऊंचाई पर ग्लेशियर और ढलानें हैं, जो पानी के बहाव को तेज करती हैं। यहां बाढ़ और मलबे ने गांव को ऐसा ढंक लिया है, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि यहां कभी कुछ था ही नहीं। हादसे से पहले गांव में 300 लोग रहते थे, लेकिन अब ये वेस्टलैंड में तब्दील हो गया है। गांव वाले बताते हैं कि जब ये हादसा हुआ, तब मचैल माता तीर्थयात्रा चल रही थी। ये हर साल जुलाई से शुरू होकर 5 सितंबर तक चलती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। इसमें पड्डर से चसोटी तक 19.5 किमी तक सफर गाड़ियों से तय किया जा सकता है। इसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। जब हादसा हुआ, तब बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा के लिए चसोटी पहुंचे हुए थे। यहीं रहने वाली पूजा देवी बताती हैं, 'आपदा के वक्त मेरे पापा गांव के काली मंदिर पूजा करने गए थे। उसके बाद से उनकी कोई खबर नहीं मिली। बाढ़ के बाद से जब मंदिर का ही नामोनिशान नहीं बचा, तब मेरे पापा भला कैसे जिंदा हो सकते हैं। यहां हर तरफ इतना मलबा है कि अब तक उनकी डेडबॉडी भी नहीं मिल सकी है। गांव में हुए नुकसान के बारे में पूछने पर पूजा कहती हैं, 'अब यहां गांव बचा ही कहां है। यहां तो बस अब तबाही के निशान हैं। गांव के काली माता मंदिर के मुख्य पुजारी भी मंदिर के साथ इस सैलाब में बह गए। आपदा को लेकर उनकी बेटी मीना देवी कहती हैं, 'हमारे गांव के लोगों से पाप हुआ है। मेरे पिता लगातार चेतावनी दे रहे थे कि ये मां चंडी का श्राप है।

### चंद सेकेंड में हमारी पूरी दुनिया ही उजड़ गई, अब कहां जाएं

चसोटी इलाके का आखिरी गांव है, जहां तक गाड़ियां पहुंच सकती हैं। बादल फटने और बाढ़ के चलते अब यहां सब तबाह हो गया है। सैलाब अपने साथ सीआईएसएफ कैंप और करीब 16 मकान बहा ले गया। चसोटी में रहने वाली शांति चंद घटना को याद कर सिहर उठती हैं। वे कहती हैं, 'इस हादसे ने तो हमारी दुनिया ही उजाड़ दी। बाढ़ में हमारे दोनों घर बह गए। मेरे ससुर ठाकुर चंद और जेठ समेत कई रिश्तेदार इस तबाही में मारे गए। हमारा सब कुछ छिन गया। आखिर अब हम कहां जाएं, क्या करें। हमारे पास तो अब सिर छिपाने तक के लिए जगह नहीं है। घटना की चश्मदीद शांति चसोटी में होटल चलाती थीं। अब वो भी नहीं रहा। वो घटना के दिन का आंखों देखा हाल बताते हुए कहती हैं।

### कहा, भारत में बेरोजगारी का कारण है 95% सरकारी नौकरियों में बाजार से 5 गुना ज्यादा वेतन

## भारत का सार्वजनिक क्षेत्र अत्यधिक वेतन विकृति से ग्रस्त : मुरलीधरन

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया वि.वि. में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर व विकास क्षेत्र के अर्थशास्त्री कार्तिक मुरलीधरन का कहना है कि भारत का सार्वजनिक क्षेत्र अत्यधिक वेतन विकृति से ग्रस्त है, जहां 95% सरकारी नौकरियों में बाजार दर से पांच गुना ज्यादा वेतन दिया जाता है जबकि शीर्ष स्तर के निर्णयकर्ताओं को बहुत कम वेतन दिया जाता है। उनके अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में वेतन एक बड़ी समस्या है।उन्होंने कहा कि शीर्ष 1 या 2% लोग जो ज़्यादातर सीईओ की तुलना में कहीं ज्यादा जटिल फ़ैसले ले रहे हैं, उन्हें उन कौशलों के लिए बाज़ार द्वारा दिए जाने वाले वेतन की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है, लेकिन 95% सरकारी नौकरियों में आपको बाज़ार द्वारा दिए जाने वाले वेतन से पांच गुना ज़्यादा वेतन मिलता है। मुरलीधरन भारत में नौकरियों के विकृत पिरामिड पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिसमें उन्होंने उप्र का उदाहरण दिया, जहां 2.3 मिलियन लोगों ने उच्च वेतन और कम कार्य अपेक्षाओं के लालच में 368 चपरासी की नौकरियों के लिए आवेदन किया था। आवेदकों में एक बड़ी संख्या पीएचडी कर चुके लोग भी थे। उनके अनुसार यह वेतन असंतुलन चार प्रमुख प्रणालीगत विकृतियां पैदा करता है। पहला, यह बड़े पैमाने पर नियुक्तियों को रोकता है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र 101 कहेगा कि मुझे कम वेतन देना चाहिए और ज़्यादा लोगों को नियुक्त करना चाहिए लेकिन सारा पैसा मौजूदा कुछ लोगों को भुगतान करने में चला जाता है, इसलिए आपके पास नियुक्त करने के लिए पैसे नहीं बचते। इस दौरान मुरलीधरन ने तमिलनाडु के एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें 4,000-5,000 रुपये प्रति माह पर अतिरिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति से अभूतपूर्व परिणाम मिले। उन्होंने कहा, "हमने फिर भी सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सकारात्मक सुधार और कुपोषण में कमी देखी।" ऐसा करने का दीर्घकालिक आरओआई यानी लगभग 2,000% यानी 20 गुना रहा। इसके विपरीत उनके शोध पत्र 'डबल फॉर नथिंग' से पता चला कि मौजूदा कर्मचारियों का वेतन दोगुना करने से बिल्कुल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। दूसरी विकृति यह है कि इन नौकरियों का आकर्षक होना भर्ती को असहनीय बना देता है। उन्होंने कहा कि आपको आवेदकों की संख्या लगभग 100 गुना ज़्यादा मिलती है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया को चलाना इतना मुश्किल हो जाता है कि एक व्यवस्थित वार्षिक प्रक्रिया के बजाय, आपको इसे तीन, चार, पाँच साल में एक बार चलाना पड़ता है। बिहार और झारखंड जैसे राज्यों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सैन्य स्तर की सुरक्षा भी घोटालों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। पेपर लीक का जोखिम बहुत ज़्यादा है, इसलिए आप बाज़ार से ज़्यादा भुगतान करके अपने सिस्टम को पंगु बना देते हैं।

### युद्ध समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

## ट्रंप और यूरोपीय नेताओं से वार्ता के बाद बोले जेलेंस्की

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ अहम वार्ता की। जेलेंस्की ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कीं। उन्होंने कहा कि यह वार्ता युद्ध समाप्त करने और यूक्रेन व हमारे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, "कल वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बातचीत हुई। यह युद्ध समाप्त करने और यूक्रेन तथा उसके लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम था। हम सुरक्षा गारंटियों के ठोस पहलुओं पर पहले से ही काम कर रहे हैं। आज हम नेताओं के स्तर पर समन्वय जारी रखेंगे। चर्चाएं होंगी और हम इसके लिए उपयुक्त प्रारूप तैयार कर रहे हैं।

### ईसी ने जारी किए बिहार मतदाता सूची से बाहर हुए 65 लाख नाम

## मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अब आधार कार्ड भी होगा मान्य

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले हुए वोटर लिस्ट के रिवीजन यानी एसआईआर के ड्राफ्ट में से 65 लाख नाम हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आयोग उन नामों की लिस्ट जारी करें। अब आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का पालन करते हुए लिस्ट जारी कर दी है। इसके साथ ही बिहार निर्वाचन आयोग के सीईओ विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि लिस्ट से छूट गए लोग अपने आधार कार्ड का उपयोग करके दावा कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, "ऐसे सभी मतदाता, जो ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हैं, अपने ईपीआईसी नंबर के माध्यम से कारण सहित इस सूची में अपने प्रवेश की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे मतदाता जो 01.08.2025 को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं हैं, उनसे संबंधित सूची सभी प्रखंड कार्यालयों, पंचायत कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों और मतदान केंद्रों पर भी प्रदर्शित की गई है, जिसके माध्यम से ऐसे मतदाता कारण सहित अपने प्रवेश से संबंधित जानकारी और सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा, "असंतुष्ट व्यक्ति अपने आधार कार्ड की एक प्रति के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।" हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे मतदाताओं को अपना नाम पुनः सूची में दर्ज कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा अनिवार्य 11 दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा या नहीं।" बीते रविवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण में मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण प्रकाशित किया था। यह तब हुआ जब सर्वोच्च न्यायालय एसआईआर के विरुद्ध याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि वह उन लोगों का विवरण प्रकाशित करे जिनके नाम मसौदा मतदाता सूची से हटा दिए गए थे , और हटाने के कारण भी बताए।

विपक्षी दलों और अन्य कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान संभावित गलतियों पर चिंता जताई है। उनका दावा है कि इस प्रक्रिया के दौरान मृत घोषित किए गए कई लोग, जिनके नाम हटा दिए गए थे, वे वास्तव में जीवित हैं। मालूम हो कि बिहार के 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ के नाम चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए पहले ड्राफ्ट में हैं। सूची से हटाए गए 65 लाख नामों में से 36 लाख स्थायी रूप से कहीं और चले गए हैं, और 22 लाख मृत बताए गए हैं।

## हमास ने टेक दिए घुटने, 60 दिनों के सीजफायर को तैयार




**रामल्लाह ।** इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग को दो बरस बीतने वाले हैं। 7 अक्टूबर 2023 को ये जंग शुरू हुई थी। अब खबर आई है कि हमास सीजफायर के लिए तैयार है। फिलिस्तीन के अधिकारी ने अलजजीरा और बीबीसी जैसे संस्थानों से बताया है कि हमास अब सीजफायर के लिए तैयार है। गाजा युद्ध में हालात और भी भयावह हो गए हैं। फिलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 62 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और डेढ़ लाख से ज्यादा घायल हुए हैं। मंत्रालय का कहना है टू स्टेज कॉम्प्रिहेंसिव प्लान मीडिल ईस्ट में अमेरिका के राजदूत स्टीव विटकॉफ की देखरेख में तैयार हुआ है। इसके तरत इजरायल के बंधकों को हमास छोड़ेगा।

*मैडॉक फिल्म्स की आगामी हॉरर-कॉमेडी 'थामा' के निर्माताओं ने मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को इसका बहुप्रतीक्षित टीज़र जारी कर दिया है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

**शुरुआत में आयुष्मान की आवाज "रह पाओगी मेरे बिना 100 साल तक**

**जवाब में रश्मिका की आवाज़: "100 साल क्या, एक पल के लिए भी नहीं**

कहानी फिल्म जगत की

## फिल्म थामा का लेटेस्ट टीजर हुआ रिलीज...

### लोगों को पसंद आएगी आयुष्मान और रश्मिका की जोड़ी?



फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना भी हैं। टीज़र से संकेत मिलता है कि दोनों मुख्य कलाकार अलौकिक किरदार निभा रहे हैं, जिसे दर्शकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 1 मिनट 49 सेकंड के इस टीज़र की शुरुआत एक आवाज़ से होती है, जो आयुष्मान खुराना की आवाज़ लगती है, "रह पाओगी मेरे बिना 100 साल तक", और जवाब में, ऐसा लगता है कि रश्मिका मंदाना जवाब देती हैं, "100 साल क्या, एक पल के लिए भी नहीं"। आधिकारिक टीज़र एक्शन दृश्यों और रोमांचक दृश्यों से भरपूर है, जिससे दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है कि आगे क्या होने वाला है। यह नवाजुद्दीन सिद्दीकी के एक अनोखे हास्य संवाद के साथ समाप्त होता है।

